

- अमेरिका सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार - 12



- भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा - 12



- नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर - 13



- अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की - 14

आज का मौसम
$32.0^0$ अधिकतम तापमान
$18.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.35 सूर्यास्त 06.18


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया 05:53 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 6 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 337, पृष्ठ 14 मूल्य 6 रुपये


# अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया, 87 की मौत

**महायुद्ध**

## अभ्यास करने के बाद भारत से लौट रहा था युद्धपोत, हिंद महासागर में बनाया निशाना

## अब तक 1230 लोगों की युद्ध में गई जान, ईरान ने नए सिरे से किए हमले

दुबई, एजेंसी

अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबो दिया। इस हमले में 87 नौसैनिकों की मौत हुई है, जबकि 32 को बचा लिया गया है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की पहली ऐसी घटना बताया है। आईरिस देना उन 19 विदेशी युद्धपोतों में से एक था जो भारत मेहमान बनकर आए थे।

इन जहाजों ने 17 और 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में हुए इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लिया था। जब इस पर हमला किया गया तब यह मिलिट्री एक्सरसाइज से लौट रहा था। इस महायुद्ध में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,230 हो गई है।

वहीं, ईरान ने गुरुवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नए सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमला करके डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान के एक धार्मिक नेता ने ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया, वहीं इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान पर व्यापक हमला शुरू कर दिया है। इजराइल ने कई मिसाइल से हमले होने की घोषणा करते हुए तेल अवीव और यरूशलम में सायरन बजाए। ईरान ने हमलों में अमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरानियों द्वारा समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह से जुड़े 80 ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया है। उसने कहा कि ईरान पर हमलों में एक बैलिस्टिक मिसाइल लांच स्थल और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसेना पर हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर हमले के लिए 'समुद्र क्षेत्र में अत्याचार' का आरोप लगाया। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी मारे गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, मेरी बात लिखकर ले लो। अमेरिका को अपने किए पर बुरी तरह पछताना पड़ेगा। युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतर्राष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अयातुल्ला (धर्मगुरु) अब्दुल्ला जवादी अमोली का संदेश गुरुवार को प्रसारित किया गया, जिसमें इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया।



लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में गुरुवार को इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

### प. एशिया में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए प्रयास तेज

**दुबई।** पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध का दायरा फैलने और बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण दुबई समेत कई शहरों में फंसे हजारों यात्रियों की स्वदेश वापसी के लिए विभिन्न देशों की सरकारें निकासी उड़ानों की व्यवस्था कर रही हैं। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले तथा इसके बाद ईरान की कार्रवाई के मद्देनजर उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द हुई हैं जिससे लोग ओमान, मिस्र और सऊदी अरब जैसे मार्गों के जरिए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसके लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



अमेरिका द्वारा जारी की गई तस्वीर जिसमें ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबोया गया।

### ईरान के विदेश मंत्री बोले- नौसैनिक पोत डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया, उस पर उसे गहरा पछतावा होगा

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका के तट पर एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। अब्बास अराघची की यह टिप्पणी हिंद महासागर में आईरिस देना के डूबने की घटना को लेकर ईरान सरकार की ओर से पहली स्वीकारयोक्ति है। ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे समुद्र में की गई ज्यादती बताया और कहा कि यह घटना ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर हुई। उन्होंने एक्स पर कहा, लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे एवं भारत की नौसेना के अतिथि पोत 'आईरिश देना' पर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया। मेरी बात याद रखना- अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा।



### श्रीलंका तट के पास ईरानी युद्धपोत डूबने के बाद भारतीय नौसेना खोज अभियान में हुई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागे गए टॉरपीडो के लगने से श्रीलंका तट के पास डूबे ईरानी युद्धपोत 'आईरिस देना' से संकटकालीन संदेश मिलने के बाद वह खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई। ईरानी युद्धपोत भारत द्वारा आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने श्रीलंका के नेतृत्व में चलाए जा रहे बचाव अभियान में सहयोग करने के लिए बुधवार सुबह 10 बजे लंबी दूरी के एक समुद्री गश्ती विमान के साथ खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया। आसमान से गिराए जा सकने वाले जीवनरक्षक राफ्ट से लैस एक अन्य विमान को भी तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखा गया था। आसपास ही तैनात आईएनएस तरंगिनी को बचाव कार्य में सहायता के लिए भेजा गया और वह शाम 4 बजे तक खोज क्षेत्र में पहुंच गई।

**ब्रीफ न्यूज**

### इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत



**मुंबई।** टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। संजू सैमसन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 7 विकेट खोकर 246 रन ही बना पाई। (...विस्तृत खेल पेज पर)

### शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सूचकांक चढ़े

**मुंबई।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# पश्चिम एशिया, यूक्रेन के संघर्ष शीघ्र हों समाप्त : मोदी

- कहा- किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता
- प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को शीघ्र समाप्त करने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद मोदी ने ये टिप्पणियां कीं।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ युद्ध छठे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें दोनों पक्षों ने नए हमले किए, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया। स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का जोरदार समर्थन किया, और तर्क दिया कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में व्यापक सुधार के साथ-साथ यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी-स्टब वार्ता में पश्चिम एशिया का संकट प्रमुखता से उठाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे। मोदी ने भारत-यूरोप संबंधों में आए सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में, दुनिया की दो सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्तियां भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नयी मजबूती दे रहा है। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि युद्ध समाप्त करना सभी के हित में है।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### पश्चिम एशिया के मुद्दे पर मैक्रों से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मैक्रों के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से बातचीत करना और प्रयासों में समन्वय करना जारी रखेंगे।

# भारत ने ईरानी नेता खामेनेई की मौत पर शोक जताया



- विदेश सचिव मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया
- शोक पुस्तिका पर साइन किए श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नई दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया।

वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका के हमले में हुई थी। भारत ने हालांकि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया।

# लोस अध्यक्ष को हटाने वाले नोटिस पर चर्चा 9 को

नई दिल्ली, एजेंसी

- सदन में उपस्थित रहेंगे बिरला कार्यवाही का नहीं करेंगे संचालन

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिए गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिए जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च को होगी।

लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पीडीटी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था। लोस सचिवालय के एक पदाधिकारी ने कहा, हालांकि, वह नोटिस प्रस्तुत किये जाने तक सदन की अध्यक्षता कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने खिलाफ प्रस्ताव का निपटारा होने तक सदन में उपस्थित न होने का निर्णय लिया।

## पश्चिम एशिया संकट : मुंबई दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण गुरुवार को मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। मुंबई हवाई अड्डे पर कुल 105 उड़ानें रद्द की गईं। दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 रवाना होनी वालीं और 18 आने वाली उड़ानें रद्द कर दी गयीं जबकि बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 16 उड़ान भरने वाली और 14 आने वाली उड़ानें रद्द हुईं।

# चुनाव से पहले बंगाल के राज्यपाल का इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार शाम को नई दिल्ली में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके इस कदम पर हैरानी जताई और कहा कि बोस के इस्तीफा देने के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल एवं पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) आरएन रवि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

17 नवंबर, 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल नियुक्त किए गए बोस ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि मैं साढ़े तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा हूं, यह मेरे लिए पर्याप्त है। उन्होंने अचानक इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं किया और न ही यह बताया कि क्या कोई राजनीतिक दबाव था जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले केंद्रीय गृहमंत्री शाह के दबाव में आनंद बोस को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया हो सकता है।



- अचानक इस्तीफा देने के कारणों का नहीं किया खुलासा, ममता ने इस्तीफे पर जताई हैरानी

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नवीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में जो नई सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा। इसी भरोसे की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की नयी पहचान प्रस्तुत कर पा रहा है।



राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल नितीश कुमार।

- अमित शाह व बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री रहे मौजूद, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दाखिल किया नामांकन

**होली मिलन**

## मुख्यमंत्री बोले- सनातन पर सवाल उठाने वालों को होली जैसे पर्व का अहसास नहीं

# सकारात्मक सोच वाली ताकतों की सदैव होती विजय : योगी

- गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होली समारोह में सीएम ने लोगों को दी बधाई

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ गोरखपुर

**अमृत विचार :** रंगोत्सव के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाली ताकतों की हमेशा विजय होती है। नकारात्मक सोच वाली शक्तियां विध्वंसात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं, जबकि सकारात्मक सोच समाज को आगे बढ़ाने का काम करती है।

बुधवार दोपहर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने लोगों पर पुष्पवर्षा कर सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साह और उमंग के साथ समरसता के महापर्व होली का आयोजन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति की है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की श्रेष्ठता पर वही लोग प्रश्न उठाते हैं, जिन्हें होली जैसे पर्व का वास्तविक भाव समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि होली ऐसा पर्व है जिसमें न कोई भेदभाव होता है और न ही छुआछूत। सनातन धर्म के पर्व-त्योहार समाज को नई दिशा देने के साथ धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इनमें सामूहिकता का भाव होता है और समाज का हर वर्ग इसमें सहभागी बनता है।



महापर्व होली पर भगवान श्री नरसिंह जी की रंगभरी भव्य शोभायात्रा के अवसर पर आरएसएस गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में सहभाग करते योगी।

### राष्ट्र प्रथम के भाव से हो दायित्वों का निर्वहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया के कई हिस्सों में अव्यवस्था दिखाई देती है, जबकि भारत में शांति और उल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाए जा रहे हैं। इसका कारण भारत की सकारात्मक सोच है। भारत ने कभी किसी के साथ बुरा नहीं किया और न ही बुरा कहा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। भक्ति को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने की जरूरत है। समारोह में मुख्यमंत्री ने होली गीतों का आनंद भी लिया।

न्यूज ब्रीफ

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक की मौत

मैनाठेर, अमृत विचार : ग्राम मिलक मोहम्मदपुर बस्तौर निवासी सूरज पुत्र भारत सिंह अपने साथी समद पुत्र जावेद निवासी पंडित नगला के साथ बुधवार शाम मोटरसाइकिल से ग्राम जटपुरा से अपने घर लौट रहा था। जब दोनों फरीदपुर हमीर से आगे ज्योंडियर ट्रैक्टर एजेंसी के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने लापरवाही से उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों युवक डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में सूरज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि समद गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तस्कर गिरफ्तार, 1136 ग्राम चरस बरामद

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना सिविल लाइन पुलिस ने चरस की तस्करी करने वाले गैंग के एक सदस्य को पकड़ा। उसके पास से पुलिस ने 1136 ग्राम चरस बरामद किया। गुरुवार को सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि वाल्मीकि बस्ती तिराहा, चंदन नगर, थाना सिविल लाइन्स निवासी पवन कश्यप पुत्र अखिलेश कश्यप को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 1136 ग्राम चरस बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। जहां से उसे जिला कारागार रवाना कर दिया। सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी के अनुसार अधिक मुनाफे के लालच में वह चरस की खरीद-फरोख्त करने लगा था। अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### फंदे पर लटका मिला दसवीं की छात्रा का शव

शाहबाद (रामपुर), अमृत विचार : थाना क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव में एक किशोरी का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रुस्तमपुर गांव निवासी एक ई-रिक्शा चालक की बेटी का शव गुरुवार को घर के कमरे में फंदे पर झूलता मिला। लोगों ने बताया कि घटना के समय मां गांव में होली मिलने गई थी, जबकि पिता भी घर पर मौजूद नहीं थे। इसी दौरान भाई जब कमरे में पहुंचा तो बहन का शव फंदे पर लटका देख उसके होश उड़ गए। परिजनों ने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाल प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक मृतका ने इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। उसके पिता ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

# जंगल में मिले दंपती के शव संतान न होने पर होता था विवाद

## पत्नी के शव पर धारदार हथियार के निशान मिले, पति ने अस्पताल में तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद


मृतक विनोद।


मृतका ममता।

- मायके वालों ने पति पर हत्या की साजिश करने का लगाया आरोप

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र में होली के दिन पुलिस उस समय सकते में आ गई जब कांशीराम कॉलोनी के पास जंगल में एक साथ दो शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे सीओ सिविल लाइन ने महिला के शव को मोर्चरी में रखवाने के लिए भेजा और गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां उसने कुछ देर में ही दम तोड़ दिया। दोनों दंपती बताए गए। मायके पक्ष से संतान ने होने के कारण प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाकर पति के खिलाफ तहरीर दी गई। हालांकि पुलिस लिखित तहरीर मिलने से इंकार कर रही है।

बुधवार को दोपहर करीब तीन बजे मझोला थाना पुलिस को सूचना मिली कि कांशीराम कॉलोनी के जंगल में एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आसपास के क्षेत्र में जांच पड़ताल शुरू की तो मौके से करीब 15 मीटर की दूरी पर एक महिला का शव पड़ा मिला। महिला के गले पर किसी धारदार हथियार से वार करने के निशान पाए गए। वहीं पास में एक बाइक भी खड़ी मिली,जिससे पुलिस को कड़ी जोड़ने में मदद मिली। बाइक नंबर के आधार पर युवक की पहचान सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी विनोद के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से संपर्क किया, जिस पर महिला की पहचान उसकी पत्नी ममता के रूप में हुई।

सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। भाई रवि ने बहनोई पर हत्या का आरोप लगाते हुए बहनोई और उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी है। मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह महिला पक्ष से कोई लिखित तहरीर मिलने की बात से इंकार कर रहे हैं।


ममता के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

### ममता के साथ ससुराल के लिए निकला था विनोद

परिजनों के अनुसार विनोद और ममता की शादी करीब नौ वर्ष पहले हुई थी, लेकिन उनके कोई संतान नहीं थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बुधवार को दोपहर तक विनोद अपने घर पर होली खेल रहा था। करीब दो बजे वह पत्नी ममता को बाइक पर बैठाकर हरथला सोनकपुर स्थित ससुराल जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि रास्ते में सोनकपुर पुल के पास कांशीराम कॉलोनी के जंगल में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पुलिस की शुरुआती जांच के अनुसार गुस्से में विनोद ने चाकू से पत्नी ममता पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद के पेट में भी चाकू से वार कर लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## नाले में मिला युवक का शव शिनाख्त नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : शहर के मझोला थाना क्षेत्र के जयंतीपुर इलाके में गुरुवार को नाले में युवक शव की सूचना मिली। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सिविल लाइंस और मझोला थाना पुलिस ने शव नाले से बाहर निकलवाया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर पहचान कराने का काफी प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।

मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि जयंतीपुर में एक नाले में शव मिलने की सूचना मिली। मृतक की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर आसपास के क्षेत्रों में भी पहचान कराने का प्रयास किया। एंबुलेंस समय पर उपलब्ध न होने से पुलिस को शव को पोस्टमार्टम के लिए ई- रिक्शा से भेजना पड़ा। ई रिक्शा से शव भेजे जाने को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा रही, लोगों ने व्यवस्था पर सवाल भी उठाए। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार से पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा। फिलहाल प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि युवक की नाले में गिरने मौत हुई होगी। पुलिस अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन ईरान पर हमले का विरोध



प्रदर्शन करते कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वाम दलों ने युद्ध तत्काल रोकने की मांग उठाई

अमृत विचार : वामपंथी मोर्चा के बैनर तले वाम दलों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर अमेरिका व इजरायल के द्वारा ईरान पर हमले का विरोध जताया। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी, भाकपा माले, भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हमले का विरोध कर इसे तत्काल रोकने की मांग की।

सीपीआई नेता रामकिशोर रस्तोगी, सीपीआईएमएल के रोहिताश राजपूत, सीपीआईएम के थान सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। अमेरिका-इजरायल के द्वारा ईरान पर हमले में लोगों को मारने को नरसंहार बताया। कहा कि इससे मानवता खतरे में पड़ रही है। कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने अहंकार के चलते दूसरे देशों पर हमला कर रहे हैं। हमले से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे पर भी सवाल खड़ा किया। अंत में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा। इस दौरान एडवोकेट विक्रम सिंह, चंद्रपाल सिंह आजाद, कासिम अली, एडवोकेट सुशील विश्नोई, शरीफ अहमद, शहाबुद्दीन, जुल्फिकार सैफी, याकूब सैफी, रामकिशोर रस्तोगी, प्रदीप कुमार, रोहिताश राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जंग समस्या का समाधान नहीं बल्कि विनाश का मार्ग


शहादत पर शोक जताते ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुस्लिम फेडरेशन ने अयातुल्ला खामेनेई की शहादत पर जताया शोक

अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन महानगर इकाई की बैठक गुरुवार को हुई। जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की शहादत पर दुख जताकर शोक व्यक्त किया गया। सदारत संस्थापक सदस्य चौधरी अब्दुल समद ने की।

फेडरेशन के महानगर अध्यक्ष साहिल शमसी ने कहा कि अयातुल्ला खामनेई का निधन न केवल ईरान बल्कि पूरे मुस्लिम जगत और मानवता की बड़ी क्षति है। जिला महासचिव फिरोज खां ने कहा कि जंग समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि विनाश का मार्ग है। सय्यद तारीक अनवर ने वैश्विक हालातों पर चिंता व्यक्त की। अंत में फातिहा पढ़कर प्रार्थना की गई। इस दौरान मोहसिन खां, गुलज़ार अहमद, इस्लाम उल्लाह, हाफ़िज़ क़ासिम, मुजाहिद आदि मौजूद रहे।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 8 को

मुरादाबाद, अमृत विचारः बिलारी तहसील के पीपली गांव स्थित मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा-6 और 9 में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए 8 मार्च को प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। उप श्रमायुक्त ने बताया कि प्रवेश परीक्षा मंडल के सभी जिलों में पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर कराई जाएगी। परीक्षा कक्षा 6 में प्रवेश के लिए पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक बजे तक और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए 11:00 1:30 बजे तक परीक्षा कराई जाएगी। दिव्यांग बच्चों को परीक्षा में 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा चित्रगुप्त इंटर कॉलेज निकट जैन मन्दिर में होगी। प्रवेश पत्र सात मार्च की शाम तक कार्यालय उपश्रमायुक्त जिला पंचायत परिसर कोर्ट रोड मुरादाबाद से प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षार्थियों को सुबह 9:00 बजे परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना है।

# जलती होलिका में कूद पड़ा ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता,संभल/ बबराला

- आखत डालने आए लोगों में मच गई अफरा-तफरी
- एक युवक ने हिम्मत जुटाकर ग्रामीण को आग से निकाला

अमृत विचार : होलिका दहन के दौरान एक ग्रामीण अचानक जलती होली में कूद गया और हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। एक युवक ने साहस दिखाते हुए उसे आग से बाहर निकाला, हालांकि तब तक वह झुलस चुका था।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुर निवासी वीरपाल पुत्र कल्यान सिंह मंगलवार को अपनी ससुराल, नदरौली गांव में ससुर मलखान के घर आया था। बुधवार सुबह गांव में होलिका दहन स्थल पर ग्रामीण आखत डालने गए थे। इसी दौरान अचानक वीरपाल जलती होली में कूद पड़ा। लपटों के बीच वीरपाल करीब 20 सेकंड हाथ जोड़कर लोगों को 'राम-राम' कहता रहा। लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ पल के लिए किसी को समझ ही नहीं आया कि क्या किया जाए। इसी बीच नीरज नामक युवक ने हिम्मत दिखाते हुए वीरपाल को आग से बाहर खींच लिया लेकिन तब तक उसके कपड़ों में आग लग चुकी थी और वह झुलस गया था। उसे गुन्नौर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। ग्रामीणों के अनुसार करीब एक साल पहले वीरपाल ने अपने गांव सिंहपुर में चामुंडा मंदिर के पास एक पेड़ पर चढ़कर मधुमक्खियों का छत्ता तोड़ दिया था, जिसके बाद मधुमक्खियों ने उसे बुरी तरह घायल कर दिया था। सिंहपुर के ग्रामीणों का कहना है कि वीरपाल अक्सर सनकी हरकतें करता रहता है और गांव के लोगों से भी अलग-थलग रहता है।


होली की लपटों के बीच हाथ जोड़े खड़ा वीरपाल। ● अमृत विचार

## रोडवेज बस व ट्रक की टक्कर से दंपती घायल, रेफर

शाहबाद, अमृत विचार : बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गुड़गाए निवासी विनय पत्नी कोमल के साथ सिरौली से रोडवेज बस में सवार होकर ससुराल काशीपुर के रामनगर जा रहे थे।

शाहबाद के मोहल्ला मंगोली के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने ओवरटेक करते हुए रोडवेज में जोरदार टक्कर मार दी। बस में सवार विनय व कोमल गंभीर घायल हो गए। अन्य यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी शाहबाद पहुंचाया। डॉक्टरों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। कोमल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया।

## दबंगों ने घर पर की फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


आरोपी अंशुमन और अतुल सक्सेना।

अमृत विचार : जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब कुछ दबंगों ने एक घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना के समय परिवारवाले अंदर मौजूद थे। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को जेल भेज दिया है।

गुरुवार को कटघर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि क्षेत्र के मछुआपुरा निवासी कामेश ठाकुर के घर होली के दिन बुधवार देर रात कटघर क्षेत्र के रहने दो भाई अतुल सक्सेना,अंशुमन सक्सेना पुत्र अशोक कुमार ने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर दी। जिससे अफरा तफरी मच गई। कामेश की पत्नी शिमला ने दोनों आरोपियों और दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी। पीड़िता ने बताया कि घटना उसके घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस ने फुटेज देखकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी भाई अतुल उर्फ स्टेट फायर व अंशुमन उर्फ गप्पू को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

# होली खेलने के दौरान मारपीट में महिला की मौत

संवाददाता, भोजपुर


मृतका लक्ष्मी देवी।

- तीन पर रिपोर्ट दर्ज, गांव में पुलिस तैनात

अमृत विचार : होली पर रंग खेलने के दौरान बच्चों के झगड़े में दो पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। एक-दूसरे पर लाठी डंडों से हमला एवं घरों पर पथराव करने लगे। विवाद में महिला की मौत हो गई। घायल बाप-बेटी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बाप और दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एहतियात के तौर पर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया है।


भोजपुर के गांव बिजना में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

बुधवार की दोपहर बाद थाना क्षेत्र के गांव बिजना में होली पर रंग गुलाल खेलने के दौरान जागन एवं रामकिशोर के बच्चों में विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद ने उग्र रूप ले लिया। दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर एक दूसरे पर टूट पड़े। बाद में दोनों पक्षों ने छतों पर चढ़कर एक दूसरे के घरों पर पथराव किया। हादसे में रामकिशोर, उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी और बेटी किरन गंभीर रूप से घायल हो गईं। दूसरे पक्ष से भी महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने पथराव कर रहे लोगों को खदेड़कर घायल दंपति और उनकी बेटी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उपचार के दौरान घायल लक्ष्मी देवी की मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के बेटे मुकुट सिंह की तहरीर पर जागन और उसके पुत्रों रजिय व रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इलाज के दौरान लक्ष्मी की मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानलेवा हमले का मुकदमा हत्या में तरमीम कर पुलिस नामजद बाप-बेटों को गिरफ्तार करने में लगी है। फिलहाल गांव में लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## मजदूरी मांगने पर ठेकेदार ने तीसरी मंजिल से फेंका, गंभीर

संवाददाता, टांडा

- 9 दिसंबर की घटना, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

अमृत विचार : बकाया मजदूरी मांगने पर एक ठेकेदार ने मजदूर को इमारत की तीसरी मंजिल से नीचे धकेल दिया। घायल मजदूर दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है।

ग्राम काशीपुर निवासी छत्रपाल का पुत्र अर्जुन ठेकेदार नितिन के साथ सरिया बांधने का काम करता था। 9 दिसंबर की दोपहर करीब 12 बजे जब अर्जुन एक निर्माणाधीन इमारत की तीसरी मंजिल पर काम कर रहा था। इसी दौरान अर्जुन ने ठेकेदार से अपनी रुकी हुई मजदूरी के पैसे मांगे, तो ठेकेदार नितिन ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, आरोप है कि जिसके बाद आक्रोश में आकर नितिन ने अर्जुन को तीसरी मंजिल से नीचे धक्का दे दिया। जिस कारण अर्जुन के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। उसे तुरंत मुरादाबाद के कॉसमॉस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उसे दिल्ली के लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी है। पीड़ित परिवार ने कोर्ट के आदेश पर ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

चमकती शख्सियत

तानों को अनसुना कर महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं शालिनी

# गोबर व जूट से खुद के साथ दूसरों का जीवन भी संवारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


शालिनी।

- ठाकुरद्वारा तहसील के रतुपुरा गांव निवासिनी शालिनी ने संघर्ष और मेहनत से बनाई पहचान

अमृत विचार : आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की मिसाल बनते हुए ठाकुरद्वारा तहसील के रतुपुरा गांव निवासि शालिनी ने संघर्ष और मेहनत से अपनी अलग पहचान बनाई है। जिन लोगों ने कभी गोबर से उत्पाद बनाने पर उनका मजाक उड़ाया था, आज वही उनकी सफलता का गुणगान कर रहे हैं।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर शालिनी न केवल खुद आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि कई अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं। शालिनी के जीवन की नई शुरूआत वर्ष 2021 में तब शुरू हुआ, जब वह एनआरएलएम से जुड़कर आईसीआरपी टीम के संपर्क में आईं। इसके बाद उसने 10 महिलाओं को साथ लेकर अंशिका स्वयं सहायता समूह खड़ा किया। समूह को शुरुआत में 2,500रुपये का स्टार्टअप फंड और 15,000 रुपये का रिवॉल्विंग फंड प्राप्त हुआ। जनवरी 2022 में उन्हें 1,10,000 रुपये का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड (सीआईएफ) मिला, जो वर्तमान में बढ़कर 1,50,000 रुपये का हो चुका है। बैंक लिंकेज के माध्यम से समूह को 50,000 रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट मिली थी, जो अब बढ़कर 2,00,000 रुपये तक पहुंच गई है। शालिनी मुख्य रूप से जूट और गोमय (गोबर) से पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद तैयार करती हैं। सरकारी मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेने से उनके उत्पादों को बाजार मिला है। मुरादाबाद के सरस मेले और उदीषा 2026 महोत्सव जैसे आयोजनों में उनके स्टॉल लगाए जाते हैं। साथ ही विकास भवन की बैठकों के लिए जूट के फाइल फोल्डर भी उनके समूह द्वारा तैयार किए जाते हैं।

वर्तमान में शालिनी जूट उत्पादों से प्रतिमाह 8,000 रुपये से 15,000 रुपये तथा गोमय उत्पादों से रुपये 7,000 से 10,000 रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। दिवाली जैसे त्योहारी सीजन में उनकी कमाई 25,000 रुपये से 26,000 रुपये तक पहुंच जाती है। इससे उनकी वार्षिक आय में लगभग 1.5 लाख रुपये का इजाफा हुआ है। शालिनी बताती हैं कि शुरुआत में गांव के कई लोगों ने उनके काम का मजाक उड़ाया और ताने दिए, लेकिन पति के सहयोग और अपनी मेहनत के दम पर उन्होंने हार नहीं मानी। आज वह 30 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें भी आत्मनिर्भर बनने की राह दिखा रही हैं। शालिनी की सफलता यह साबित करती है कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर महिलाएं अपने साथ-साथ समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं।

### प्रशिक्षण ने निखारा शालिनी का हुनर

नाबार्ड द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण लेने के बाद शालिनी ने जूट के लंच बैग, बोतल बैग, शॉपिंग बैग और हैंडबैग बनाना शुरू किया। इसके अलावा काशीपुर से प्रशिक्षण लेकर उन्होंने गोमय से समरानी कप, दीपक, घड़ियां, मोमेंटो और नेम प्लेट जैसे उत्पाद भी बनाए। आरसेटी से उन्होंने आर्टिफिशियल ज्वेलरी और अगरबत्ती निर्माण का प्रशिक्षण भी लिया है।

# किल्लत की आशंका, पेट्रोल पंप पर भीड़

संवाददाता, मसवासी


मसवासी के स्थानीय पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल लेने के लिए उमड़ी भीड़।

- ग्रामीण क्षेत्रों के पंपों पर उमड़े लोग, पंप संचालकों का तेल की किल्लत से किल्लत से इंकार

अमृत विचार : ईरान, इजराइल और अमेरिका में युद्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल दिखा। पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत की आशंका पर सुबह से पेट्रोल पंपों पर तेल लेने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। हालांकि शहरी क्षेत्र में तेल की कोई किल्लत नहीं है।

अमेरिका, इजराइल बनाम ईरान युद्ध को लेकर स्थानीय पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत होने लगी है। पंप संचालकों ने तेल देना बंद कर दिया है जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को दिनभर स्थानीय पेट्रोल पंप बंद रहे जिसकी वजह से वाहन चालकों को ईंधन लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नरपत नगर , मसवासी और मानपुर, महाराजपुर के पेट्रोल पंप पूरी तरह से बंद रहे। जिस कारण वाहन स्वामियों को डीजल पेट्रोल के लिए किल्लत का सामना करना पड़ा। पेट्रोल पंप पर काफी दूर तक वाहन स्वामियों की पेट्रोल और डीजल लेने के लिए कतार लगी रही। कुछ लोगों का कहना था की होली को लेकर पंपों के कर्मचारी अवकाश पर हैं जिसकी वजह से ईंधन नहीं मिल पा रहा है। बुधवार दिनभर लोग परेशान होते रहे। बड़ी-बड़ी केने लेकर डीजल और पेट्रोल लेने के लिए पंपों पर पहुंचे लेकिन पंप बंद होने से उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। गुरुवार को भी कुछ पेट्रोल पंपों पर डीजल और पेट्रोल को लेकर मारामारी रही। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जबकि पंप संचालकों ने किसी भी तरह की दिक्कत से इंकार किया है। शहर में पेट्रोल स्वामी महेंद्र कपूर ने बताया कि फिलहाल पेट्रोल-डीजल की कोई किल्लत नहीं है।



**इफ्तार** 06 मार्च
सुन्नी: 6:21
शिया: 6:32

**सहरी** 07 मार्च
सुन्नी: 5:10
शिया: 5:06

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया: सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसएसपी ने घायल दंपती को अस्पताल पहुंचाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल होली के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था देख रहे थे। इसी दौरान थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के हरथला इलाके में एक दंपती की बाइक फिसल गई, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। देखते ही एसएसपी ने तुरंत गाड़ी रुकवाई और घायलों को पुलिसकर्मियों की मदद से तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को भी दे दी। एसएसपी की लोगों ने सराहना की।

### पाकबड़ा थाने में जमकर खेली गई होली

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** होली के दूसरे दिन पुलिस कर्मियों ने पाकबड़ा थाने में जमकर होली खेली। डीजे पर बजे रहे होली गीत पर थिरकते हुए मस्ती की। गुझिया व कचरी पापड़ खाकर त्योहार का आनंद लिया। एक दूसरे को गल लगाकर बधाई दी। होली पर आपसी प्रेम का संदेश दिया। थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी ने होली खेलकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसएसआई देवेंद्र सिंह, राजकुमार चपराना, अजीत सिंह, सुकेश सिंह, प्रशांत त्यागी, रतन सिंह, अमित कुमार, विक्रांत सिंह, प्रवीण कुमार, ओम बाबू, आशीष कुमार, राहुल चौधरी, बबलू कुमार, सचिन कुमार, एकांत कुमार, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 10 को चढ़ाएंगे हुल्का देवी मंदिर में चुनरी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से शीतला सप्तमी पर 10 मार्च को हुल्का देवी मंदिर में चुनरी चढ़ाई जाएगी। इसमें संगठन के कार्यकर्ता व प्रांतीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय बजरंग दल की मांग है कि बसोड़ा मेले में कोई गैर हिंदू का ठेला न लगे। इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन भी दे चुके हैं। यदि ऐसा नहीं किया गया तो संगठन विरोध करेगा।

### किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मार्च को उनकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही अजय कुमार उसे बहला-फुसलाकर ले गया। पीड़ित पिता को आशंका है कि आरोपी उनकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना न कर दे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

# चार दिन बाद खुले सरकारी कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लंबित काम निपटाते दिखे अधिकारी-कर्मचारी
- बैंकों में निकासी के अलावा चेक क्लीयरेंस की मारामारी

**अमृत विचार :** चार दिन के अवकाश (रविवार से बुधवार) के बाद गुरुवार को सरकारी कार्यालय और बैंक खुले। अधिकारियों ने लंबित फाइलें निपटाई। हालांकि कार्यालयों में अभी भी होली की खुमारी दिखी। अधिकारी-कर्मचारी एक दूसरे को शुभकामनाएं देते रहे। कई कार्यालयों में उपस्थिति कम रही। वहीं बैंक खुलने पर सबसे अधिक मारामारी चेक क्लीयरेंस की रही।

कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह अपने कक्ष में बैठी मिलीं। वह फाइलों को देखने के साथ ही होली के सकुशल निपटने के बारे में आंगतुकों से फीडबैक लेती रहीं। कर्मचारियों से सभी जरूरी पत्रावलियों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। वहीं अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम अपने कार्यालय कक्ष में मिलीं। उनके कक्ष में अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी बैठे रहे। एसआईआर की प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेने के साथ उन्होंने भी होली को लेकर लोगों से कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान किसान यूनियन के एक पदाधिकारी ने आकर उन्हें हड्डी मिल से लोगों को होने वाली परेशानी से संबंधित पत्र देकर समस्या के समाधान का आग्रह किया। बताया कि हड्डी मिल के सड़ांध के चलते गुजरना मुश्किल होता है।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन से सकारात्मक समाधान कराने का आश्वासन दिया। हालांकि उस समय कलेक्ट्रेट अधिष्ठान के कई अधिकारी बैठे नहीं थे। बैंकों की शाखाओं में भी कई जगह लंबी कतार रही। चेक क्लीयरेंस की मारामारी रही।

होली के दौरान कई एटीएम ड्राई हो गए थे। जिसमें कैश रिफिल करने की राह खाताधारक देखते रहे। कई एटीएम गुरुवार को भी सूने रहे।

## आपत्ति के लिए 8000 फार्म 7 भरकर मतदाताओं ने किए जमा

# मतदाता बनने के लिए 1.50 लाख ने फार्म 6 भरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसआईआर अभियान के अन्तर्गत भरे गए 20,000 फार्म आठ

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अन्तर्गत अब तक मतदाता बनने के लिए डेढ़ लाख लोगों ने फार्म 6 भरकर जमा किया है। जिसमें सर्वाधिक संख्या नगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों की है। वहीं अन्य विधानसभाओं में भी युवाओं ने इसके लिए सबसे अधिक आवेदन किया है।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में 1,78,000 अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के जवाब में उनसे साक्ष्य सहित आवेदन करने के लिए निर्देश दिया गया था। वहीं मतदाता बनने के लिए दावे भी बीएलओ के माध्यम से लिए गए। दो बार विशेष बूथ दिवस पर बीएलओ की उपस्थिति में प्रक्रिया कराई गई। फिलहाल 6 मार्च दावे व आपत्ति प्राप्त करने की आखिरी तारीख निर्धारित है। ऐसे में आखिरी दिन लोगों को सक्रियता दिखानी होगी। वर्तमान समय तक डेढ़ लाख लोगों ने मतदाता बनने के लिए फार्म 6 भरकर जमा किया है। इसके अलावा आपत्ति के लिए भी 8000 मतदाताओं ने फार्म 7 भरा है। जबकि 20,000 ने फार्म आठ भरकर जमा किया है। आखिरी दिन जो भी दावा व आपत्ति दाखिल करना चाहता है अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर निर्धारित फार्म भरकर जमा कर सकता है। इसके बाद अवसर नहीं मिलेगा।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के अन्तर्गत निर्वाचन आयोग ने दो बार अंतिम तारीख को आगे बढ़ाया। फिलहाल 6 मार्च दावे व आपत्ति दाखिल करने की अंतिम तारीख है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी छह विधानसभाओं में मिलाकर डेढ़ लाख लोगों ने मतदाता बनने के लिए फार्म 6 भरकर जमा किया है। इसमें नगर विधानसभा की संख्या अधिक है। उन्होंने अर्ह नागरिकों से अपील की कि वह 6 मार्च तक अपना आवेदन भरकर जमा कर दें। जिससे इससे संबंधित प्रक्रिया को पूरी कर मतदाता सूची पारदर्शिता के साथ बनाई जा सके।



गहोई वैश्य सभा के होली मिलन समारोह में उपस्थित लोग। • अमृत विचार

## सामाजिक समरसता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है होली

*मुरादाबाद, अमृत विचार : गहोई वैश्य सभा का होली मिलन समारोह गुरुवार को गहोई वैश्य सदन में मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामना दी। मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल रहे। उन्होंने गहोई वैश्य सदन के सामने वाली सड़क का नाम राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के नाम पर रखने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से जुड़ीं अल्पना रितेश गुप्ता व पर्यावरण गतिविधि के संयोजक विपिन गुप्ता रहे। समारोह की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष सतीश गुप्ता और मंच संचालन सभा के महामंत्री हरिओम गुप्ता ने किया। संयोजन शैलेन्द्र प्रकाश गुप्ता व पिंकू गुप्ता तिलकधारी ने किया। वक्ताओं ने होली के पर्व को सामाजिक समरसता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक बताया। इस दौरान महावीर गुप्ता, अनूप बंसल, रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अवनीश शरण बंसल, पुष्कर लाल गुप्ता, ज्योति बंसल, अनुभूति गुप्ता, पार्षद कविता गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।*



होली पर होली खेलती महिलाएं। • अमृत विचार

# फगुआ की मस्ती...खूब गूंजा होली खेलें रघुवीरा और रंग बरसे

## रंगों से सराबोर हुए लोग, सड़कों, कॉलोनियों में लोगों ने खेली होली, खूब उड़ा गुलाल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गुझिया व अन्य पकवान से किया मेहमानों का स्वागत
- मोहल्लों में पेट्रोलिंग कर पुलिस कर्मियों ने की निगरानी

**अमृत विचार :** फगुआ की मस्ती में बुधवार को होली के दिन लोग डूबे रहे। होली खेलें रघुवीरा और रंग बरसे आदि होली गीतों पर लोग जमकर झूमे। जमकर अबीर गुलाल उड़ाकर लोग रंगों से सराबोर रहे। प्रमुख सड़कों, कॉलोनियों में एकत्रित होकर लोगों ने होली खेली। एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। कहा कि होली में आपसी भेदभाव भुलाकर सभी खुशियों के रंग में रंग जाते हैं।

बुधवार की सुबह से दोपहर बाद तक होरियारों की टोली मोहल्लों में घूमती रही। फगुआ गीत गाते हुए लोग झुंड में घूमकर होली की मस्ती में डूबे रहे। कॉलोनियों व प्रमुख जगहों पर एकत्रित होकर लोगों ने खूब मस्ती की। कई पार्कों में बच्चों और युवाओं ने होली खेलकर धमाल मचाया। महानगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का रंग देर शाम तक चलता रहा। रंग बिरंगे चेहरे लेकर लोगों ने पारंपरिक उल्लास और उमंग के साथ होली खेली। पानी की बौछार और गुब्बारे में रंग भरकर एक दूसरे पर लोग फेंकते रहे। महानगर के आशियाना, रामगंगा विहार, सिविल लाइंस, बुद्धि विहार, कांठ रोड पर डीजे बजाकर लोग होली पर आधारित फिल्मी गीतों और फाग गाकर होली का धमाल मचाया। हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षाओं के बीच छात्र छात्राओं ने भी सतर्कता के साथ होली की खुशियां मनाईं। गुझिया, पकवान, नमकीन, कोल्ड ड्रिंक्स, मिठाइयों से लोगों ने एक दूसरे का स्वागत किया।

हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए कॉलोनियों और सड़कों पर पुलिस कर्मी पेट्रोलिंग कर लोगों से मिल जुलकर होली की खुशियां मनाने की अपील करते रहे। किसी को जबरन रंग गुलाल न लगाने की नसीहत भी दी।



होलिका माता मंदिर पर दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु। • अमृत विचार



होली पर एक दूसरे को गुलाल लगातीं महिलाएं। • अमृत विचार



होली पर डांस करते युवक। • अमृत विचार



होली पर एक दूसरे को रंग लगाते लोग। • अमृत विचार

### शोभायात्रा में खेली फूलों की होली, झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा में फूलों की होली खेली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। फूलों की होली की शोभायात्रा में कल्कि धाम के जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम पहुंचे। उन्होंने लोगों के साथ फूलों की होली खेली। मनोज शर्मा ने गदा भेंटकर उनका स्वागत किया। जगद्गुरू आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि होली प्रेम का त्योहार है। आपसी भाईचारे के साथ इसे मनाने से समाज में प्रेम का संदेश जाता है। सभी को होली की बधाई दी। फूलों की होली का बीड़ा उठाने वाले प्रमोद कुमार गुप्ता ने सभी का आभार जताया। फूलों की शोभायात्रा में झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। नगर पंचायत के विभिन्न मोहल्लों से होकर शोभायात्रा निकली। इस दौरान आदर्श गुप्ता, विक्रम चंद्रा, बुलाकी सैनी, जवर सिंह सैनी, विकास गुप्ता, शालिनी गुप्ता, किरण गुप्ता, भूरानाथ, प्रदीप चंद्रा, मयंक गुप्ता, सुलभ गुप्ता, राज गुप्ता आदि मौजूद रहे। वहीं सीओ हाईवे राजेश कुमार अपनी टीम एवं थाने की पुलिस फोर्स के साथ सुरक्षा प्रबंध बनाने में जुटे रहे।



# पुलिस लाइन में ढोल की थाप पर थिरके पुलिस कर्मी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जवानों को रंग लगाकर मनाई होली खुशियां

**अमृत विचार :** गुरुवार को पुलिस लाइन सहित जिले के सभी थानों, कोतवाली में उत्साह और उमंग के साथ होली मनाई गई। पुलिस अधिकारियों और जवानों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। पुलिस कर्मियों ने होली के गीतों पर जमकर नृत्य भी किया। कई थानों में ढोल की थाप पर पुलिस कर्मियों ने भांगड़ा भी किया गया।

पुलिस लाइन में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने भी पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली। गुलाल उड़ाकर माहौल को होली के रंग में रंग दिया। पुलिसकर्मी ढोल और होली के गीतों की धुन पर झूमते हुए दिखाई दिए। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह भी खास अंदाज में नजर आए। उन्होंने विशेष टोपी पहनकर पुलिसकर्मियों के साथ गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। महिला थाने में भी महिला पुलिसकर्मियों ने होली खेली। महिला थाना प्रभारी ने सभी महिला पुलिसकर्मियों को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। महिला पुलिसकर्मी भी होली के गीतों पर थिरकतीं नजर आईं। पुलिस लाइन के साथ-साथ जनपद के विभिन्न थानों में भी होली का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। प्रत्येक थाने में पुलिसकर्मियों ने एकत्र होकर एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाया तथा मिठाइयां बांटकर त्योहार की मौत मस्ती की।



पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों पर रंगों की बौछार करते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल। • अमृत विचार



पुलिस लाइन में डांस करते पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

## चौपाई के रुपये मांगने पर युवक से मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रंग की चौपाई के रुपये मांगने को लेकर विवाद हो गया। कुछ युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर उसे काशीपुर रेफर कर दिया गया।

ग्राम पीलकपुर गुमानी निवासी विनोद कुमार पुत्र रामचंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भाई महेश बुधवार शाम करीब 5 बजे पुराने मकान की ओर जा रहा था। रास्ते में दीपक, बाबू पुत्र ऋषिपाल, देवेंद्र पुत्र डलुआ, जयप्रकाश उर्फ टाइगर पुत्र किशन सिंह और रोहित पुत्र राजेश सिंह ने उससे रंग की चौपाई के रुपये मांगने को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। बाबू ने जान से मारने की नीयत से दरांती से महेश के गले पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल महेश को सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा ले गए, जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे काशीपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# होली के जुलूस में दिखी गंगा जमुनी तहजीब



होली पर निकली शोभा यात्रा में शामिल लोग। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हिंदू मंडल किसरौल 84 घंटा से निकला जुलूस

**अमृत विचार :** हिंदू मंडल किसरौल 84 घंटा महानगर व संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी और पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह और अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह के नेतृत्व में बुधवार को होली के रंग का जुलूस निकला। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल हुए और एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की।

चौरासी घंटा से चलकर जुलूस वापस वहीं लौटी। जुलूस का आरंभ महापौर विनोद अग्रवाल ने किया। जुलूस में सिटी मजिस्ट्रेट विनय कुमार पांडेय, सीओ सिटी सुनीता दहिया, हिंदू मंडल किसरौल के महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष सत्यदेव शर्मा, राजेश शर्मा, संयुक्त व्यापार मंडल के महामंत्री विपिन गुप्ता, सुप्रीत खन्ना, टोनी सहगल, आदेश कुमार गुप्ता, राजेंद्र प्रजापति, राहुल भटनागर के अलावा नसीमुद्दीन, राशिद अली, नोमान मंसूरी, मौलाना असलम, अनवर, निजाम आदि अपने साथियों के साथ जुलूस में शामिल हुए।

## तमंचे की नोक पर दुष्कर्म, मुकदमा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गुरुवार को सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि क्षेत्र निवासी पीड़िता ने तहरीर में बताया कि करीब डेढ़ माह से एक अज्ञात नंबर से उसके मोबाइल पर कॉल आ रही थीं। युवक ने अपना नाम शान पुत्र खलील निवासी मोहल्ला ततारपुर, जामा मस्जिद, ग्राम अगवानपुर बताया था। आरोपी फोन पर महिला से अश्लील बातें करता था और मिलने के लिए दबाव बना रहा था। 28 जनवरी को वह दोपहर करीब 12 बजे बाजार में सामान खरीदने गई थी। उसी दौरान आरोपी ने उसे देख लिया और फोन कर बात सुनने के लिए दुकान पर बुला लिया। महिला जब दुकान पहुंची तो आरोपी ने शटर गिरा दिया और तमंचे की नोक पर दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। बाद में पति को पूरी घटना बताई। पति ने आरोपी को फोन किया तो उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। महिला के पति के पास आरोपी द्वारा किए गए कुछ कॉल और मैसेज हैं। पीड़िता की तहरीर पर आरोपी युवक शान के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चे ने पुलिस से हाथ मिलाकर दीं शुभकामनाएं



पुलिस से हाथ मिलाता बालक।

**कांठ , अमृत विचार :** बंजारा शोभा यात्रा ड्यूटी में पहुंचे थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों से बच्चों ने हाथ मिलाकर शुभकमनाएं दीं। पुलिस ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्राम गढ़ी में बृहस्पतिवार को बंजारा शोभायात्रा निकाली गई । थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह गांव में पुलिस बल के साथ पहुंचे और शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था देखी। वहां सात वर्षीय बालक सादुल्लाह ने थाना प्रभारी और पुलिस कर्मियों से हाथ मिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### एससीआईमैगो इंस्टट्यूशिंस रैंकिंग में रुविवि को पांचवां स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने वैश्विक स्तर की प्रतिष्ठित एससीआईमैगो इंस्टिट्यिशंस रैंकिंग में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी शैक्षणिक एवं शोध क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय ने प्रदेश में 5 वां और देश में 274 वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर 8813 वीं रैंक प्राप्त की है। एससीआईमैगो इंस्टट्यूशिंस रैंकिंग 2026 में पर्सेंटाइल स्कोर में रुविवि का ओवरऑल पर्सेंटाइल में 82 वां स्थान रहा। शोध के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने 71 वां, नवाचार के क्षेत्र में 89 वां व सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में 59 वां पर्सेंटाइल प्राप्त किया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि सभी शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सामूहिक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

# नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक खूब बरसे रंग

## होरियारों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया, डीजे और ढोल पर नाचते रहे, एक-दूसरे के गले मिलकर दीं होली की शुभकामनाएं

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/कांठ



अबीर-गुलाल के साथ होली खेलते हुरियारे। • अमृत विचार



कांठ में ढोल की थाप पर थिरकते लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक होली का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बुधवारको लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन नगर और देहात में ढोल-नगाड़ों की थाप पर रंग-गुलाल उड़ता रहा और लोगों ने जमकर होली का आनंद लिया।

होली के अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लों व बाजारों में सुबह से ही लोगों की टोलियां निकलनी शुरू हो गईं। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस दौरान जगह-जगह ढोल-नगाड़ों के साथ चौपाइयां भी निकाली गईं। बाजार गंज स्थित राजीव मार्केट से पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंगल के नेतृत्व में व पिपल टोला स्थित शिव धाम पंचशील मंदिर से प्रबंधक रूद्र शर्मा, राकेशेश्वर मंदिर से अनुज शर्मा के नेतृत्व में सुबह करीब 9 बजे ढोल-नगाड़ों के साथ चौपाई निकाली गई।

चौपाई में शामिल लोगों ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए होली के गीतों पर नाचते-गाते हुए पूरे उत्साह के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से रंगों की चौपाई निकल गई । चौपाई के दौरान वातावरण पूरी तरह रंगमय हो गया और लोगों ने एक-दूसरे पर गुलाल उड़ाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने पारंपरिक तरीके से होली खेली और आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश दिया। पर्व को शांतिपूर्ण और

**• कांठ में सूखे एवं गीले रंग की अलग-अलग शोभायात्रा निकाली गईं, उमड़े लोग**

सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी जगह-जगह मुस्तैद नजर आया। कुल मिलाकर नगर व ग्रामीण अंचलों में होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया।

कांठ नगर एवं क्षेत्र में धूमधाम के साथ होलिका दहन के उपरांत दुलहैंडी का पर्व मनाया गया। इस दौरान नागरिकों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। कांठ नगर में दुलहैंडी पर्व पर सूखे एवं गीले रंग की अलग-अलग स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई जो कि रामलीला मंदिर कांठ से संयुक्त रूप से होती हुई रविदास मंदिर, मोहल्ला पट्टीवाला, सैनी धर्मशाला, उपदेश नेता का चौराहा होती हुई अपने-अपने गंतव्य स्थल की ओर रवाना हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा डीजे एवं ढोल की थाप पर थिरकते हुए गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। छतों से बच्चे एवं महिलाएं बाल्टी एवं पिचकारी के द्वारा शोभायात्रा पर शामिल लोगों पर रंग डाल रहे थे। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को रंग लगाकर तथा गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी।

ग्राम सलेमपुर में भी रंग के जुलूस का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवा और बच्चे बुजुर्ग उपस्थित रहे।अध्यक्षता चौधरी, शेर सिंह बिश्नोई ने की।रमेश कुमार बिश्नोई,अरविंद बिश्नोई, विपिन कुमार, विनोद विश्नोई, टीकाराम सिंह दिवाकर, ओमवीर सिंह,विजेंद्र सिंह कश्यप,नवहार सिंह गुर्जर, डॉ प्रीति सिंह चौहान आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संध्या समय मंदिर प्रांगण में महिलाओं ने और बच्चियों ने श्री राधा कृष्ण और खाटू श्याम जी के साथ फूलों से परी होली खेली और फूल बरसते हुए भजनों में झूमते हुए खूब रंग और फूल बरसाए

अर्चना बिश्नोई, भावना बिश्नोई, ममता बिश्नोई, श्रद्धा बिश्नोई, उषा बिश्नोई, आरती, पूनम, पन्नू, बंसी, सलोनी बिश्नोई सभी ने कार्यक्रम में भाग लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उप निरीक्षक संजीव कुमार, कमलदीप सिंह आदि भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## जुलूस में डीजे पर डांस करने को लेकर मारपीट

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में दर्जनगढ़ ग्रामों में डांस करने को लेकर जमकर मारपीट हुई, अधिकांश मामलों में समझौता हो गया।

ग्राम सलेमपुर फैजलाबाद में वरम सिंह सैनी, छोटे आदि आपस में होली खेलने को लेकर आपस में भिड़ गए और दोनों तरफ से मारपीट हुई। इसके बाद गांव के कुछ संभ्रांत लोगों ने दोनों का उपचार करा कर उनका समझौता करा दिया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके अलावा एक पुलिसकर्मी के डंडा मारने से मामला तूल पकड़ गया। इसके बाद मामले को शांत कराया गया। ग्राम मुख्तियारपुर नवादा में दुल्हैंडी के जुलूस को लेकर होली खेलते समय जाटव एवं वाल्मीकि समाज के कुछ लोग आपस में झगड़ा करने लगे जिसमें जाटव समाज की किरण देवी और दूसरे पक्ष के विनीत, नरेश वाल्मीकि घायल हो गए। ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी मोहित पाल का डीजे पर डांस करते समय अचानक पैर फिसल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह ने बताया कि छुटपुट मामलों को छोड़कर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है।

## होली मिलन समारोह में दिया भाईचारे का संदेश

**• समाजसेवी अमान उल्ला खां को अर्पित की श्रद्धांजलि**

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा





होली मिलन समारोह में शामिल लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** समाजसेवी स्वर्गीय अमान उल्ला खां की स्मृति में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल व लघु उद्योग व्यापार मंडल की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने भाग लेकर स्व. अमान उल्ला खां को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

होली की चौपाई निकलने के उपरांत पूर्व पालिका उपाध्यक्ष किफायत उल्ला खान एवं शहनवाज की ओर से भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में व्यापार मंडल संरक्षक हाजी मुख्तार सैफी, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और गले मिलकर भाईचारे का संदेश दिया। कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, एसएसआई ब्रजेन्द्र सिंह, हाजी मुख्तार सैफी, हारुन मलिक, हाजी जमील कबाड़ी, पंकज गुप्ता, कामरेड करन सिंह, फईम कुरैशी, पंकज चौहान, राजकुमार, ब्लॉक प्रमुख पति वीर सिंह सैनी सहित अन्य सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे। समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में मारी टक्कर महिला की मौत

**मूंढापांडे, अमृत विचार:** रामपुर पटवाई थाना के मतमाली निवासी राजेंद्र पत्नी रजनी (30) ,बेटा पांच वर्षीय दक्ष, डेढ वर्षीय दिव्यांशु के साथ बाइक से वीरपुर वारियर मे लगा होली का मेला देखने जा रहे थे। नाजरपुर सोराज सिंह के पास वीरपुर वारियर की ओर आ रहा तेज रफ्तार ईंटों भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। पहिए के नीचे आ जाने से रजनी गंभीर घायल हो गई जबकि राजेंद्र व दोनों बच्चों के भी चोटें आई हैं। रजनी को निजी हास्पिटल ले गए जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



रजनी।

## रंग की मुख्य चौपाई धूमधाम से निकाली

संवाददाता, बिलारी



बिलारी में होली के मुख्य जुलूस में शामिल लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर मेला कमेटी के तत्वाधान में बुधवार को रंग की परंपरागत मुख्य चौपाई ढोल नगाड़े और डीजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। झंडा चौक परिसर से मेन बाजार होकर नेहरू चौक सर्राफा बाजार होकर गांधी आश्रम के सामने नई सड़क गांधी मूर्ति चौराहा बस स्टैंड के सामने से वर्धमान मार्केट से गुजरे।

यहां समीर जैन ने रंग की व्यवस्था की थी। इसके उपरांत व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष याद कुमार डुडेजा के यहां भी रंग खेला गया। महाराणा प्रताप चौक से होली जुलूस शाहबाद रोड से मंदिर पौड़ा खेड़ा में पहुंचा। जहां सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से रंग खेलने की व्यवस्था की गई थी। वहां से जुलूस पुरानी तहसील पैंठ बाजार, रजा मस्जिद के आगे होकर रैली चौक झंडा चौक को पार करता हुआ सिंघाड़ियान चौक होकर नागों वाले मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। होली जुलूस के अध्यक्ष कौशल ठाकुर, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, लवली यादव, गौरव गुप्ता, अभिषेक पांडे, नितिन डूडेजा,निखिल पांडे, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, कौशल ठाकुर, शीलू गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अलंकार शर्मा, अभिषेक शर्मा, मनोज गुप्ता, गौरव चौहान, जेपी सिंह, अमित गुप्ता आदि शामिल रहे। सुरक्षा के लिए कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह मय फोर्स के जुलूस के साथ रहे। नगर मेला कमेटी का अध्यक्ष संजय जैन और जुलूस कमेटी के अध्यक्ष कौशल ठाकुर ने धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

**• झंडा चौक से शुरू होकर नागों वाले मंदिर पर पहुंचकर जुलूस हुआ समाप्त**

कार्यालय-सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रमेश चन्द्र द्वारा संस्था बाबा रूक्खडनाथ शिव मन्दिर उत्थान समिति, ग्राम बेदपुर पोस्ट खण्डिया तहसील बिलासपुर, जिला रामपुर 244921 का प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. पवन कुमार-संरक्षक, 2. संदीप शर्मा-अध्यक्ष, 3. दर्शन सिंह-उपाध्यक्ष, 4. रमेश चन्द्र-प्रबन्धक, 5. दीपक शर्मा-उपप्रबन्धक, 6. अमर सिंह-कोषाध्यक्ष, 7. जोगेन्द्रपाल-ऑडिटर, 8. गंगा चरन, 9. गुरदेव सिंह-सदस्य दर्शाये गये है।
अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

सहायक निबंधक

## बाइकपोल से टकराई, युवक की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** करनपुर–सुरजन नगर रोड पर गुरुवार को सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्राम रहटा माफी थाना डिलारी निवासी विशेष सैनी पुत्र भजन सिंह अपने साथी मिथुन पुत्र राज्यपाल के साथ किसी काम से ठाकुरद्वारा आए हुए थे। दोनों युवक मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। शाम करीब चार बजे सुरजन नगर के पास हरी मंडप के निकट पहुंचे, तभी अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। विशेष सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घायल मिथुन को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए काशीपुर रेफर कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

राजकीय रजा इण्टर कॉलेज, रामपुर

कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, रामपुर एवं कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर के पत्रों के अनुपालन में राजकीय रजा इण्टर कालेज, रामपुर के परिसर में स्थित सागौन, शहतूत, सेमल, यूके. कोकाट आदि अन्य के कुल 33 पेडों की नीलामी जेम पोर्टल के माध्यम से की जा रही है जिसकी Gem Auction ID 31562 है। क्रेता अपनी जेम पोर्टल की आई.डी. से ऑक्शन में प्रतिभाग करने हेतु रजिस्ट्रेशन व नियम व शर्तो की पूर्ति करते हुए प्रतिभाग कर सकते है। नियम व शर्तो से सम्बन्धित डिमांड ड्राफ्ट रू. 25000/ (पच्चीस हजार रूपये मात्र) व अन्य पत्रजात (स्वयं प्रमाणित प्रति) दिनांक 05.03.2026 से दिनांक 12.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक डाक के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। ऑक्शन में प्रतिभाग करने की दिनांक 12.13.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 13.03.2026 दोपहर 01:00 बजे तक निर्धारित है।

प्रधानाचार्य
राजकीय रजा इण्टर कालेज, रामपुर।

सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
न्यायालय (MACT) कोर्ट सम्भल/चन्दौसी
MACP-46/23
श्रीमती इमरत जहां बनाम खुर्रम सैफी
भूरे खां पुत्र मद्दन खां निवासी बगीचे वाली गली मस्जिद के पास मोहल्ला चौधरी सराय थाना कोतवाली जिला सम्भल
श्रीमती इमरत जहां ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया होता है कि आप दिनांक 20.03.2026 को समय से खुद या मार्फत वकील के जो मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब दे सके, हाजिर हो। आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करे। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
न्यायालय (MACT) सम्भल/चन्दौसी

कार्यालय नगर पालिका परिषद हसनपुर (अमरोहा)

पत्रांक :-436/न.पा.परि.ह./2025-26 दिनांक 05.03.2026

ई-टेण्डरिग निविदा सूचना

स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0/बोर्ड फंड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद हसनपुर ठेकेदार/फर्मो/ से विकास कार्य हेतु ई-निविदायें दिनाँक 07.03.2026 से दिनाँक 17.03.2026 समय दोपहर 03.00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर आमन्त्रित की जाती है जो दिनाक 17.03.2026 को ही अपरान्ह 04.00 बजे गठित समिति तथा निविदादाताओ की उपस्थिति मे https://etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। ई-टेण्डरिग से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि सूचना वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदादाता को निर्देशित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिये न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा निर्देशिका के क्लाज 4 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | E-bid reference no. | 436/ना.पा.परि.ह./2025-26 | | |
| 2. | Reference Release | | 07.03.2026 | |
| 3. | | Tender Download/ Uploaded | 07.03.2026 | प्रातः 10 बजे |
| 4. | Close for Bid | | 17.03.2026 | सायं 03 बजे |
| 5. | Bid Opening | Technical | 17.03.2026 | सायं 04 बजे |
| 6. | Bid Opening Palace | | | नगर पालिका परिषद हसनपुर |

अधिशासी अधिकारी
न.पा.परि. हसनपुर

अध्यक्ष
न.पा.परि. हसनपुर

## न्यूज डायरी

### कब्रिस्तान की दीवार तोड़ी, ग्रामीणों में गुस्सा



**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में अहमदनगर-जैतवारा रोड पर स्थित कब्रिस्तान की करीब 100 मीटर लंबी चारदीवारी को शरारती तत्वों ने मंगलवार रात ध्वस्त कर दिया। घटना की जानकारी फैलते ही बुधवार को अहमदनगर, जैतवारा और मोहनपुर के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की और सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। सूचना पर बिलारी के क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और पूछताछ की। आक्रोशित भीड़ को समझाकर शांत किया गया। ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। मोहनपुर ग्राम प्रधान बिरजलाल ने ग्रामीणों को बाउंड्री वॉल के पुनर्निर्माण का भरोसा दिलाया। उनके आश्वासन से तनाव कम हुआ। बाद में ग्रामीणों ने कुंदरकी थाने में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस जांच में जुट गई है।



### केंद्रीय कृषिमंत्री के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**ठाकुरद्वारा, अमृतविचार :** कृषि विज्ञान केंद्र में बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जन्मदिन प्रेम सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों ने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान लगाए गए पौधों के फोटो शिव वृक्ष मित्र पोर्टल पर अपलोड कर प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए गए। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने कहा कि फूल-माला और स्मृति चिन्ह देने के बजाय यदि हम एक पेड़ लगाएं तो यह समाज और प्रकृति के लिए सबसे बड़ी सेवा होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने जन्मदिन पर भी एक पौधा अवश्य लगाएं। केंद्र के वैज्ञानिक दीपक कुमार, अविनाश चौहान सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



### बंजारा शोभायात्रा निकाली

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ में धूमधाम से बंजारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कलाकारों द्वारा भगवान शंकर, गणेश जी, राधा कृष्ण आदि सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। शोभायात्रा चौक बाजार कांठ से प्रारंभ होकर वैश्य विश्नोई शिव मंदिर, वैश्य धर्मशाला, बस स्टैंड रामलीला मंदिर, रविदास धर्मशाला, मोहल्ला पट्टीवाला, उपदेश नेता का चौराहा होती हुई वापस चौक बाजार पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में दर्जनों युवक डीजे की धार्मिक धुनों पर थिरकते चल रहे थे। इस दौरान अंकित यादव आदि कमेटी के सदस्य शोभा यात्रा को संचालित कर रहे थे। नरेश यादव, भाजपा नेता अभय बिश्नोई, राजपाल सिंह प्रजापति आदि मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, चौकी इंचार्ज राहुल राघव, उप निरीक्षक संजीव कुमार, कमलदीप सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### महर्षि दयानंद चिल्ड्रन एकेडमी का भूमि पूजन



**कांठ ,अमृत विचार :** महर्षि दयानंद बाल विद्या मंदिर प्रसार समिति के प्राइमरी विद्यालय महर्षि दयानंद चिल्ड्रन एकेडमी का भूमि पूजन पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नु के पुत्र विक्रांत सिंह एवं भाजपा जिला महामंत्री राजन विश्नोई, समिति के अध्यक्ष अजय कुमार, प्रबन्धक मुकेश माहेश्वरी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह के द्वारा किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई, उप प्रबन्धक पंकज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष निमेष चन्द्र मित्तल, प्रबन्ध समिति के सदस्य कुंवर सुरेन्द्र सिंह विश्नोई, रघुराज सिंह, बलराम सिंह, सोमवीर सिंह,अशोक विश्नोई नेता जी,लव अक्षय कुमार, पुखराज सिंह, सुनील अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## घर से तीन भैंस चोरी, दो बरामद

**डिलारी अमृत विचार:** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम मासूमपुर में चोर घर के बाहर बंधी तीन भैंसों को चोरी कर ले गए। बाद में तलाश के दौरान एक भैंस कटी हुई हालत में मिली, जबकि दो अन्य पशुओं को ग्रामीणों की मदद से बरामद कर लिया गया।

ग्राम मासूमपुर निवासी दिलशाद हुसैन पुत्र सहावत हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 45 मार्च की रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। सुबह करीब चार बजे जब वह बाहर निकले तो कटिया और दो भैंसें गायब थीं। उसने ग्रामीणों के साथ पशुओं की तलाश शुरू की। इसी दौरान सूचना मिली कि कुछ पशु भोजपुर की ओर ले जाए गए हैं। जब पीड़ित अपने साथियों के साथ भोजपुर पहुंचा तो वहां एक भैंस फैसल नामक व्यक्ति के घर पर बंधी मिली, जिसकी गर्दन पर चाकू से काटे जाने के निशान थे और वह गंभीर रूप से घायल थी। पीड़ित का आरोप है कि उक्त घटना में फैसल समेत कई अन्य लोगों की संलिप्तता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी ।

## चुनावी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

**मूंढापांडे, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव सिरसखेड़ा में चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद फायरिंग हो गई।

वाहिद पुत्र अमीर हुसैन ने तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने घर जा रहा था। पुरानी रंजिश में जाकिर हुसैन, इकरार हुसैन , शमशाद और फरजन्द ने गाली गलौज शुरु कर दी। उनके हाथ में हाथों में लाठी - डंडे ,तलवार थे। विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। जाकिर ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।मेरे सर में छर्रे लगे। थाना प्रभारी मोहित कुमार चौधरी ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

सूचना
मैंने अपना नाम AREFA PARVEEN से बदलकर ARFA JABEEN रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। ARFA JABEEN W/O IQBAL AHMED R/O A-74 JIGAR COLONY MORADABAD -244001

सूचना
मैंने अपने सौतेले बेटे राशिद अली व उसकी पत्नी रईसा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनका मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। अकीला बेगम पत्नी स्व. श्री मु. हनीफ निवासी मोहल्ला सैन्टाखेड़ा तहसील व थाना टांडा जिला रामपुर।

सूचना
मेरा नाम मायके मे बेहतरीन पुत्री इशत्याक माता नन्ही अभिलेखों में दर्ज है। शादी के बाद मेरे पति ने मेरा नाम आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में रुखसार दर्ज करा दिया है मुझे बेहतरीन व रुखसार नाम से जाना जाता है । दोनों नाम मेरे ही हैं। रुखसार पत्नी कासिम ईदगाह रोड वार्ड 18 ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।

सूचना
मेरे पासपोर्ट नं. N4591063 में नाम भूलवश खलील अहमद भूरा मिस्त्री पता-मस्जिद लोहर वाला दर्ज हो गया है जबकि आधार कार्ड में व अन्य दस्तावेजों में मोहम्मद खलील पता-पुरानागंज मस्जिद लोहारान रामपुर है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मोहम्मद खलील पुत्र श्री भूरा निवासी पुनानागंज मस्जिद लोहारान, तहसील सदर जिला रामपुर।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## धूमधाम से निकाली गई चौपाई यात्रा

**शाहबाद, अमृत विचार :** होली के अगले दिन गुरुवार को पुरानी परंपरा अनुसार चौपाई यात्रा निकाली गई। यात्रा मोहल्ला नालापार, हकीमान, फर्राशान एवं लश्करगंज से शुरू होकर पूरे नगर का भ्रमण करते हुए प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। चौपाई यात्रा के दौरान ढोल-नगाढ़ों की थाप पर धर्म प्रेमियों ने फाग गीत गाए। वहीं, युवाओं ने जमकर गुलाल उड़ाया और डीजे की धुन पर जमकर डांस किया। हुरियारों ने लोगों को जमकर रंगों से और पानी से भिगोया। जगह-जगह लोगों ने चौपाई यात्रा में शामिल हुरियारों पर जमकर रंगों की बौछार की। चौपाई यात्रा को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। बुजुर्गों ने बताया कि यह बहुत पुरानी परंपरा चली आ रही है। सुरक्षा की दृष्टि से इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ चौपाई यात्रा के साथ रहे। इस दौरान इस दौरान एड. रोहित कुमार, दिनेश बरनवाल, रोहित कुमार (राम), दुर्गा प्रसाद, रवि वाल्मीकि, शिव राणा, संजीव वाल्मीकि, राजू प्रजापति, मनीष कश्यप एवं अरुण कुमार समेत कई लोग शामिल रहे।

## गुजिया और मिठाइयों के साथ बांटीं खुशियां

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र के गावों में मंगलवार रात विधि-विधान से होलिका दहन किया गया। नगर के साप्ताहिक बाजार में पहुंचते-पहुंचते होली का जुलूस विशाल रूप ले चुका था। यह जुलूस मुख्य बाजार, काशीपुर मार्ग बाजपुर मार्ग पुलिस चौकी होली चौक मोहल्ला भरतपुर होते हुए नगर के कई मार्गो से गुजरा।। युवाओं ने होली गीतों पर जमकर नृत्य कर आनंद लिया। दोपहर करीब बारह बजे जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। लोगों ने घरों में गुजिया और मिठाइयों के साथ खुशियां बांटीं। इस दौरान सभी धर्मों के लोगों ने आपसी सौहार्द का परिचय देते हुए एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। वहीं दूसरी और क्षेत्र के गांव लोदीपुर नायक, कुंडेश्वरा, भाऊपूरा, रूपापुर, सिरका, पीपली नायक, मुवाना, नारायणपुर, जटपुरा, अकबराबाद, जमालगंज, खांडीखेड़ा, भातीखेड़ा, मेवला फार्म, मेवला कलां में भी शांतिपूर्वक पर्व मनाया गया।

# होली पर खूब उड़ा अबीर-गुलाल, रंगों में सराबोर हुए लोग

## डीजे पर खूब थिरके युवा, महिलाएं और बच्चे, सड़कों पर जमकर की मस्ती, एक दूसरे को रंग लगाकर दीं होली की शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को जिले भर में रंगों का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अपने और पराए सभी रंगों के होली पर एक साथ नजर आए। होली के रंगों में डूबकर सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। लोगों ने डीजे पर भी जमकर डांस किया।

महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। नेताओं के घरों पर भी होली के खूब रंग उड़े। सोमवार को पूजन और होलिका दहन के बाद बुधवार को दिन निकलते ही युवा और बच्चों की टोलियां गलियों में निकल पड़ीं। जगह-जगह डीजे लगाकर होली के गीतों पर युवाओं ने जमकर डांस दिया। मोहल्ला कूचा देवी दास में सुबह की पहली किरण के साथ ही उत्साह का रंग ऐसा चढ़ा कि पूरा मोहल्ला रंगोत्सव में डूब गया। वहीं आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइंस, ज्वालानगर, मिस्टनगंज, राजद्वारा, पुराना गंज समेत पूरे शहर में जगह-जगह पार्कों, और गलियों में होली का हुड़दंग रहा। महिलाएं और युवतियां भी होली खेलने में पीछे नहीं रहीं। वह भी अपनी टोलियां बनाकर सहेलियों के घर जाकर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली की बधाई दी। पूरे दिन होली मिलन का कार्यक्रम चलता रहा। इस दौरान रंगों की दुकानों पर भी लोगों की रंग और गुलाल खरीदने की भीड़ रही। होली खेलने और मिलने का सिलसिला पूरे दिन चलता रहा। नेताओं के घरों पर भी खूब होली खेली गई, शहर विधायक आकाश सक्सेना के आवास पर सुबह से होली के रंग खेलना शुरू हो गया। पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना समेत तमाम लोग होली के रंगों में डूब गए। होली खेलने पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी के घर भी होली खेली गई।


बुधवार को फूटा महल पर होली खेलतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


होली के रंगों में सराबोर युवा। ● अमृत विचार


बुधवार को होली पर रंग खेलते होरियारे। ● अमृत विचार

## रियासत काल से हो रहा होली मिलन समारोह



पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने किला परिसर में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शिकरत की। उन्होंने विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों के होली मिलन शिविरों में जाकर लोगों से गले मिलकर होली की बधाई दी। रामपुर में हमेशा से ही हिन्दू और मुस्लिम मिलकर होली मानते हैं। रियासत के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां ने होली के गीत और चारबैत लिखी थीं। उनके दौर से ही होली मिलन की परम्परा है। रियासत के भारतीय गणराज्य में विलय के बाद भी यह सिलसिला जारी है। इस मौके पर पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां भी मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में हर्षोल्लास के साथ खेला होली का रंग



रामपुर, अमृत विचार : पुलिस लाइन में गुरुवार को सभी ने हर्षोल्लास के साथ होली का रंग खेला। होली मिलन समारोह बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस परिवारजनों ने एकत्रित होकर रंगों के इस पर्व को मिलकर मनाया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य पुलिस परिवारों के बीच आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करना और सामूहिक खुशी का वातावरण बनाना है। समारोह में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, पुलिस कर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

## फाल्गुन महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु



बिलासपुर, अमृत विचार : बुधवार शाम श्री सनातन रामलीला परिषद की ओर से फाल्गुन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में केके तिवारी, बाहर से आएं हरीश भट्ट, हेम भट्ट और सखी कोली आदि कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। करन सक्सेना ग्रुप द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं। मुख्य आकर्षण फूलों की होली रही। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल एवं ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बाद में कमेटी के अध्यक्ष रामाधार अग्रवाल ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कमल अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, आदर्श अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, अजय कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन गिरिराज किशोर अग्रवाल और विशाल अग्रवाल ने किया।


सैफनी में होली पर रंग गुलाल उड़ाकर नाचते लोग। ● अमृत विचार

## सैफनी में जमकर उड़ा अबीर गुलाल

सैफनी, अमृत विचार : नगर सहित क्षेत्र में रंगों का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाते हुए गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। होली के चौपाई का जुलूस भुर्जियान मौहल्ले से शुरू हुआ और परंपरागत रास्तों से होते हुए वापिस वहीं समाप्त हुआ। जुलूस में डीजे पर बज रहे होली के गानों से फिजा गूंजती रही। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ जुलूस के साथ मौजूद रहे। इस दौरान सुंदर पांडे, छोटेलाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, राजू अमिन, सुशील फौजी आदि मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह में जुटीं राजनीतिक हस्तियां





**रामपुर, अमृत विचार :** किले के मैदान में बुधवार की शाम आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों ने गले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे होली की बधाई दी। किला मैदान में होली पर अलग-अलग राजनैतिक, गैर राजनैतिक और सामाजिक संगठनों के स्टॉल लगाए गए। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां, शहर विधायक आकाश सक्सेना, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी, दलबारा सिंह, राजीव मांगलिक, ज्ञान गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, राजू, पालिकाध्यक्ष पति मामून शाह खां, काशिफ खां, सांसद प्रतिनिधि महबूब अली पाशा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में कुमार तनय वैश्य यूथ क्लब, बन्नू बिरादरी, तुरैहा मछुआरा अनुसूचित जाति समाज, भारत विकास परिषद, चित्रगुप्त पीठ, वीर खालसा सेवा समिति, राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना, माथुर वैश्य सभा, प्रजापिता ब्ह्मकुमारी के स्टॉल लगे थे।

## होली दहन के बाद रंगों में सराबोर हुए युवा



**मसवासी, अमृत विचार :** चंद्र ग्रहण की समय अवधि पूरी होने के बाद होलिका का पूजन किया गया। मध्य रात्रि जय-जय कारों के बीच होली का दहन किया गया। जिसके बाद युवा गुलाल के रंगों में सराबोर हो गए और दिनभर हुड़दंग मचाते रहे। कई बार पुलिस को लाठी से दौड़ाना पड़ा। मंगलवार की शाम होली का स्थलों पर होली का पूजन किया गया दिन भर युवा होली दहन में खेतों से गेहूं की बाली और तमाम युवा गन्ने के खेतों से गन्ने भी लाते दिखाई दिए क्षेत्र में खास उत्साह रहा। मध्य रात्रि के बाद मसवासी के मोहल्ला चाउपुरा मसवासी इंटर कॉलेज के सामने बिजारखाता में शिव मंदिर समेत आसपास के गांव में होली का दहन शांतिपूर्वक किया गया। होली दहन होने के बाद तमाम युवा रंगों में सराबोर हो गए एक दूसरे पर रंग डाल कर होली की बधाइयां दीं। कई बार पुलिस को हुड़दंग मचा रहे युवाओं को लाठियों से दौड़ाना पड़ा। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

## भाईचारे का संदेश देता है होली का पर्व



**रामपुर, अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज के तत्वावधान में किले के मैदान पर आयोजित होली मिलन में जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि होली का महापर्व रंगोत्सव के साथ-साथ सभी धर्मों को जोड़कर भाईचारे का संदेश देता है। नवाबी दौर से ही होली के अवसर पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है जो आज तक कायम है। कार्यक्रम में रामसिंह तुरैहा एडवोकेट, अजय कुमार प्रधान, अर्जुन सिंह, अरविन्द कुमार, कमल कुमार मुन्ना, विनोद कुमार सभासद, डॉ. रमेश चन्द्र, बाल किशन, भुवनेश चन्द्र एडवोकेट, पवन कश्यप, शिवकुमार तुरैहा, जय प्रकाश, प्रीतम तुरैहा, धर्म सिंह, मदन मोहन तुरैहा आदि उपस्थित रहे।

## प्रेम, सद्भाव और एकता का पर्व है होली



**रामपुर, अमृत विचार :** किले में लगे कांग्रेस के स्टॉल पर पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी भेदभाव मिटाकर समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करने का पर्व है। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि होली सामाजिक एकता को मजबूत करने का पावन अवसर है। इस मौके पर बाकर अली खान, साहिर रज़ा खान, शारीब अली खान, नोमान मुमताज़ खान, राजेश लोधी, शकील मंसूरी, मोहम्मद ज़की, चितरंजन प्रसाद, ताहिर अंजुम, जितेंद्र लोधी, गुड्डू सिंह, सलीम, अज़ान गुड्डू खान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बच्चों के साथ झुग्गी झोपड़ी में मनाई होली



**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ होली का पर्व मनाया गया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि समिति हर त्योहार पर जरूरतमंद बच्चों के बीच उनके चेहरे पर खुशियां लाने का प्रयास करती है। किले के मैदान पर होली मिलन समारोह में गले मिलकर होली पर्व की एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर लखविंदर सिंह, दलबारा सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, नारायण सिंह, खुशवंत सिंह बाजवा, कुलविंदर सिंह, मनिंदर सिंह, सुरजीत सिंह, ग्रंथी इंद्रजीत सिंह अमनदीप सिंह, मनजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, नारायण सिंह, दविंदर सिंह, अमनदीप सिंह, कुलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# रिक्शा पर निकली मतकटे की बरात

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को होली पर्व पर शहर में मतकटे की बरात निकली और हास्य व्यंग्य वाले कार्यक्रम हुए। सत खसमी मतकटी परिषद द्वारा धूमधाम से निकाली गई।

होली पर मतकटों का जमावड़ा सुबह से ही लगना शुरू हो गया। रात 10 बजे से पुरानागंज में श्री हरिहर का मंदिर से बरात शुरू हुई। भाजपा नेता लालसिंह प्रजापति ने फीता काटकर उद्घाटन किया। आलू ने दूल्हे का रोल अदा किया। इसके बाद दूल्हे को सजाकर बरात निकाली गई। पहले गधे-घोड़े पर दूल्हे को बैठाकर निकलती थी, लेकिन अब ठेले पर बरात निकली। बरात वापस श्री हरिहर मंदिर पर लौटने पर उसकी आरती उतारी गई। इसके बाद बरात के स्वागत गीत, जयमाला और विदाई हुई। इससे पहले दूल्हे ने झाड़ू से सभी मतकटों को आशीर्वाद दिया। फिर उसी रात फैंसी ड्रेस शो, कविता शो, हास्य व्यंग्य नाटक, बाल कलाकार डांस प्रस्तुत किया। शेर शायरी भी हुई। मतकटी परिषद के संयोजक राम शरन देवल ने बताया कि मतकट की अदालत की भी खास प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की तैयारी में मतकटी परिषद के मंत्री रविंद्र गुप्ता, उप मंत्री रामऔतार पाल, सोनू ठाकुर, विजय शर्मा, हरिओम पहलवान, वेद प्रकाश, छोले बाबू, विवेक गुप्ता रहे।


होली पर मतकटे की बरात में शामिल दूल्हा व अन्य। ● अमृत विचार

### इन मार्गों से गुजरी बरात

पुराना गंज में श्री हरिहर मंदिर से बरात शुरू हुई, जो घेर तोगा रोड, घेरे इनायत खां, चमन चौक, पुरानागंज पुलिस चौकी, छिपियान मोहल्ला, सराफा बाजार से फिर श्री हरिहर मंदिर पहुंची।

## सपाइयों ने स्टॉल लगाकर किया होली मिलन समारोह

**रामपुर, अमृत विचार :** किला मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह में सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के प्रतिनिधि ने लोगों के गले लगकर होली की बधाई दी। इस मौके पर महबूब अली पाशा ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह दिलों को जोड़ने और कड़वाहट मिटाने का पर्व है। इस मौके प मौलाना हाफिज रफी नूरी, नासिर अली, शेख अख्तर मास्टर, डॉ. सलाम, रामबहादुर, अब्दुल्ला, मुस्तफा अली पाशा, हाफिज वाजिद, बब्बू, डॉ. आजम आदि मौजूद रहे।


किला मैदान में सपा सांसद प्रतिनिधि महबूब अली पाशा एवं अन्य। ● अमृत विचार

## होली का त्योहार प्रेम और मानवता का प्रतीक



**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को सुबह से ही होली की मस्ती के रंग में नगर रंग गया। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका स्थानों पर जाकर लोगों ने रंग-गुलाल, पकवान और गुझिया चढ़ाकर विधि-विधान से पूजन किया। सोमवार एवं मंगलवार को देर रात शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रों के बीच शहर में जगह-जगह होलिका दहन हुआ। लोगों ने खूब अबीर- गुलाल उड़ाया। युवाओं ने ढोल-नगाढ़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया। एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की बधाईयां दी। इसके बाद लोगों ने अग्नि लेकर अपने-अपने घरों में जाकर होलिका दहन किया। सीओ हर्षिता सिंह, प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। शाम पांच बजे नगर के मुख्य चौराहे पर होली मिलन समारोह हुआ। जिसमें कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख तथा पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने होली मिलन समारोह के दौरान गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम और मानवता का प्रतीक है। जिसे सभी को एक साथ मिलकर मनाना चाहिए। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, क्रय विक्रय समिति के सभापति जोगपाल सिंह, रवि यादव, शुजाअत हुसैन खां, राजेश सैनी, चेतन पारुथी, अनिल मदान, विवेक अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, सतीश बंसल, विशाल शर्मा, दुष्यंत अग्रवाल आदि मौजूद रहे। उधर, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी पंडाल लगाकर लोगों को होली की बधाईयां दी। पूर्व विधायक संजय कपूर, रवि टंडन, गुरबाज सिंह, शानू खां, अजीब सिंह, जयदीप द्विवेदी आदि ने लोगों के गले मिलकर होली की बधाई दी।

## स्वार में जमकर बरसा रंग गुलाल

**स्वार, अमृत विचार :** नगर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह लोगों ने रंग और गुलाल के साथ होली खेली तथा पारंपरिक गीतों पर झूमते नजर आए। नगर के मुख्य बाजारों, मोहल्लों और गलियों में युवाओं की टोलियां रंग गुलाल उड़ाते हुए होली का आनंद लेती दिखीं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ एक-दूसरे के घर जाकर होली की बधाई दी। लोगों ने गिले शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों की धूम रही और लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से पर्व का आनंद लिया। वही गुरुवार को पुलिस ने कोतवाली परिसर में जमकर होली खेली और एक दुसरे को गले लगा कर शुभकामनाएं दी। सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाल संजीव कुमार समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



**इफ्तार** 06 मार्च
सुन्नी: 6:22
शिया: 6:30

**सहरी** 07 मार्च
सुन्नी: 5:01
शिया: 5:02

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया: सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दंपती सहित सात की मौत

## जिले भर में हुए हादसों में कई गंभीर रूप से घायल, घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली की तैयारी और उल्लास के बीच परिवारों को सड़क हादसे जिंदगी भर का गम दे गए। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को हुए सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई। इनमें एक दंपती भी शामिल है। यह दुर्घटनाएं शहजादनगर थाना, मिलक थाना, शाहबाद थाना, अजीमनगर थाना और टांडा थाना क्षेत्र में हुए हैं। हादसों के बाद शवों को जिला अस्पताल मोर्चरी पर पहुंचाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा।



मृतक सौरभ।

दिल्ली-लखनऊ हाईवे स्थित थाना शहजादनगर क्षेत्र में अहमदाबाद गांव के पास हुए सड़क हादसे में सौरभ(20) की मौत हो गई। सौरभ थुनापुर से मटर बेचकर मिलक क्षेत्र के बहादुरपुर गांव स्थित घर लौट रहा था। अहमदाबाद गांव के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सौरभ ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पिता परम सिंह किसान हैं और सौरभ तीन बेटों में सबसे बड़ा था। जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने आरोपी डीसीएम चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतक के चाचा प्रेमपाल ने बताया कि टक्कर के बाद सौरभ के ऊपर डीसीएम का पहिया चढ़ गया। शहजादनगर थाना पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी डीसीएम चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपती की मौत





**शाहबाद, अमृत विचार :** शाहबाद क्षेत्र के खेड़ा गांव निवासी इंद्रपाल (50) पत्नी लज्जावती (45) के साथ गुरुवार को बाइक से साढ़ू के घर धनौरा गांव जा रहे थे। बाइक शाहबाद-चंदौसी मार्ग पर लश्करगंज मोड़ के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में इंद्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी लज्जावती गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने दोनों को तुरंत शाहबाद भेजा। घायल महिला को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। दंपति की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। बताया जा रहा है कि लज्जावती गांव के सरकारी स्कूल में रसोइया के पद पर तैनात थीं। खबर लिखे जाने तक पुलिस शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी हुई थी।

### दिल्ली ले जाते समय तोड़ा दम

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर में मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद घायल मजदूर को इलाज के लिए परिजन दिल्ली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम हरदुआ निवासी सुनील कुमार(26) मजदूरी का काम करते थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे बाइकसे होली के लिए डीजे लगवाने जा रहे थे। ग्राम हरदुआ के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। इलाज के लिए दिल्ली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। गुरुवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। सुनील की शादी नहीं हुई, जबकि तीन भाईयों में सबसे बड़े थे। इस हादसे के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### डंपर चालक ने बाइक सवार युवक को रौंदा

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला भरतपुर निवासी होरी सिंह का बेटा भूप सिंह(30) मंगलवार की देर रात उत्तराखंड में स्थित एक स्टोन क्रेशर पर ड्यूटी करने जा रहा था। वह दढ़ियाल काशीपुर मार्ग पर गांव चौखंडी के पास स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंच सड़क किनारे बाइक खड़ी कर किसी का इंतजार करने लगा पीछे से आए डंपर के चालक ने उसे बाइक सहित रौंद दिया।



मृतक भूप सिंह।

पेट्रोल पंप पर स्थित लोगों की चीख-पुकार की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर त्रिवेणी शुगर मिल में खड़ा करा दिया। सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों का बुरा हाल था। भूप सिंह 6 साल की बेटी, 4 व तीन माह का बेटा छोड़ गया।

#### होली की खुशियां गम में हुई तब्दील

भूप सिंह की सड़क हादसे में मौत के बाद होली की खुशियां बुधवार को गम में तब्दील हो गई। मोहल्ले में मौत होने के कारण किसी भी बिरादरी के लोगों ने होली नहीं खेली। हालांकि परिवार में भी रोते बिलखते बुरा हाल था। उसकी पत्नी पिंकी कई बार रोते रोते बेहोश हो गई। बुधवार को दोपहर बाद युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### तरावीह पढ़कर लौट रहा था स्वार निवासी शान

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार क्षेत्र के रजा नगर निवासी मोहम्मद शान पुत्र इरशाद बुधवार रात दोस्तों के साथ गांव में तरावीह पढ़ने गया था। तरावही पढ़ने के बाद वो कार से स्वार की ओर लौट रहे थे। जब उनकी कार स्वार-बिलासपुर मार्ग पर एक पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ने के कारण कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से जा टकराई। हादस में कार भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे मोहम्मद शान गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने घायल मो. शान को तुरंत स्वार के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। बेटे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।



### तेज रफ्तार कार की टक्कर से गई बाइक सवार की जान

**मिलक, अमृत विचार :** हादसा गुरुवार की शाम नगर के बिलासपुर रोड स्थित सिमरा मोड़ के समीप हुआ। क्षेत्र के गांव खाता चिंतामन निवासी नरेश(30) मां को लेने के लिए बड़े गांव जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।



मृतक नरेश।

- मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था नरेश, परिजन रो-रोकर बेहाल

हादसे के बाद राहगीरों ने घायल को नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया जहां मौजूद डॉक्टर ने नरेश को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर अस्पताल पहुंचे स्वजनों ने बताया कि नरेश अपने पीछे पत्नी व पांच बच्चों को छोड़ गया है।

वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। सूचना पर केमरी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### न्यूज ब्रीफ

#### सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद रिपोर्ट

**मिलक, अमृत विचार :** बरेली के थाना मीरगंज के चुरई दलपतपुर गांव निवासी कुसुम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति ओमकार ममेरे भाई की गोद भराई में शामिल होने मिलक के ग्राम खानपुर जदीद जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सरकारी अस्पताल से उन्हें रेफर कर दिया था। परिजन उन्हें बरेली के निजी अस्पताल ले गए थे। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया कि तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई लेकिन कार्यवाही नहीं हुई। कुसुम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## कुरान की तिलावत से बरसती है रहमत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मस्जिद मजार हजरत शाह दरगाही महबूब-ए-इलाही रहमतुल्लाह अलैह में नमाजे तरावीह के दौरान कुरान मजीद मुकम्मल हुआ। मुफ्ती मोहम्मद दानिश ने तिलावत की जबकि, सामां के फराइज हाफिज फारूक खां ने अदा किए। कारी मोहम्मद दानिश ने कहा कि कुरआन मजीद की तिलावत से अल्लाह की रहमत बरसती है।

शहर में मजार हजरत शाह दरगाही महबूबे इलाही स्थित मस्जिद में तरावीह के दौरान कुरआन मजीद खत्म हुआ। इस मौके पर मस्जिद को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। मस्जिद में हुई तकरीर में कारी मोहम्मद दानिश ने कहा कि माहे रमजान में नबी ए करीम पर कुरआन नाजिल हुआ था। माहे रमजान में की गई इबादत का अल्लाह 70 गुना सवाब देता है। इस मौके पर मजार के सज्जादा नशीन सैयद शाहिद मियां, सैयद फरीद मियां, सैयद महफूज मियां, मास्टर इकराम साहब, मुफ्ती ओवैस खान, कमरान खान, मुफ्ती शाह फैसल, मसूर अली, मौलाना महफूज कादरी, मौलाना फैजान खान, नोमान खान, मोमिन आरिफ, मोहम्मद असर, मोहम्मद तारिक, हाफिज साइम खान, फहीम खान, ताहिर खान वगैरह खास तौर पर मौजूद रहे।



कुरान मजीद मुकम्मल होने पर की गई कारी और सामां की गुलपोशी। ● अमृत विचार

- शाह दरगाही महबूबे इलाही की मस्जिद में कुरान मुकम्मल

## खामेनेई के इंतकाल पर शोक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन रामपुर के पदाधिकारियों ने इमामबाड़ा किला में शिया इमाम सैयद जमा बाकरी से मुलाकात की। सभी ने ईरान में सैयद अली अयातुल्ला खामेनेई की शहादत पर गम ए इजहार किया और उनके लिए दुआ ए मगफिरत की।

सदस्यों ने कहा कि खामेनेई हम सब के दिल में हमेशा जिंदा रहेंगे। उन्होंने सभी मुसलमानों से अपील की गई किसी के बहकावे में ना आए क्योंकि कुछ सियासी देश अपने मुफात के लिए शिया और सुन्नी की जंग बनाने की भी कोशिश कर रहे हैं। इस दौरान बाबर खान कौमी सदर, कौमी सीनियर जनरल सेक्रेटरी हाजी जमीर रजवी एडवोकेट, खान शोएब, यूनुस सूबाई सदर उत्तर प्रदेश, अर्शी खान सूबाई जनरल सेक्रेटरी उत्तर प्रदेश, नोमान गाजी, आरिज खान सूबाई सेक्रेटरी, फैजान खान मौजूद रहे।



इमामबाड़ा किला में खामेनेई के इंतकाल पर गम का इजहार करते सदस्य।

## ट्रेन और बसों में बढ़ी यात्रियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** होली का पर्व निपटने के बाद ट्रेन और बसों में यात्रियों की भीड़ गई। गुरुवार को सुबह से लोग अपने कामों पर लौटने के लिए रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर पहुंचने लगे। बसों और ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ने से मारामारी रही।

यात्रियों को सफर सकी असुविधा से बचाने के लिए रेलवे ने 5 होली स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। इसके बावजूद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ रही। रोडवेज और प्राइवेट बसों से भी लोगों ने अपने गंतव्य तक सफर किया। होली पर्व पर यात्रियों की संख्या बढ़ने रोडवेज अधिकारियों ने बसों की संख्या व फेरे बढ़ाए जरूर हैं। गुरुवार को यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण बसों व ट्रेनों में काफी भीड़ रही।

रोडवेज बस नहीं मिलने और ट्रेन छूट जाने के बाद लोगों ने प्राइवेट बसों में सफर किया। इसके अलावा ट्रेनों में लोगों ने सफर किया। स्टेशन अधीक्षक मोहम्मद आजम ने बताया कि रेलवे ने होली पर अमृतसर-पटना, आनंद विहार-गोरखपुर, हरिद्वार-मुजफ्फरपुर, अमृतसर कटियार और चंडीगढ़-बनारस के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलाई हैं। उन्होंने बताया कि भीड़ बढ़ने पर रेलवे और स्पेशल ट्रेन चला सकता है।



रामपुर सिटी स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। ● अमृत विचार

- होली पर्व पर रेलवे ने चलाईं हैं 5 होली स्पेशल ट्रेनें

## कारोबारी लापता, रेलवे स्टेशन के बाहर मिला बैग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** होली से ठीक पहले जींस कारोबारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए।

मिलक निब्बी सिंह निवासी अजब सिंह पुत्र कृपाल सिंह मंगलवार रात दिल्ली से रामपुर के लिए निकले थे, लेकिन घर नहीं पहुंचे। बुधवार को उनका मोबाइल और खाली बैग रेलवे स्टेशन के बाहरी क्षेत्र में बरामद हुआ। परिजनों ने बताया कि वह दिल्ली के गांधी नगर इलाके में जींस सिलाई का कारखाना चलाते हैं, जहां 40 से 50 लोग काम करते हैं। रामपुर के चाह इंचाराम में भी एक कारखाना है, जिसमें करीब 30 से 35 कर्मचारी हैं। पत्नी मीता ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे वह दिल्ली से निकले थे। बाद में आरपीएफ के एक जवान ने फोन उठाकर बैग और मोबाइल मिलने की जानकारी दी। भाई विजय ने बताया कि मंगलवार शाम 6:38 बजे उनकी आखिरी बार बातचीत हुई थी। उस दौरान अजब सिंह ने बताया था कि उनके पास करीब नौ लाख रुपये नकद हैं, जो पेमेंट के रूप में मिले थे और वह सुबह रामपुर पहुंचकर मजदूरों को भुगतान करने वाले थे। इसके बाद से उनका फोन बंद आ रहा है। पुलिस को एक फुटेज और मिला है, जिसमें वह दिल्ली जाते नजर आ रहे हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी ओमकार सिंह ने बताया कि छानबीन चल रही है।

## 8 को होगी योगासन सिटी लीग

**रामपुर, अमृत विचार:** 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अस्मिता योगासन सिटी लीग होगी। महात्मा गांधी स्टेडियम में गुरुवार को हुई बैठक में जिला योगा खेल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

खेलो इंडिया अभियान के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण एवं योगासन भारत द्वारा संचालित और उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के निर्देशन में यह लीग होगी। अंडर-18 और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की बालिकाएं और महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। ट्रेडिशनल व कलात्मक योगासन का प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में मनोज कुमार, अमरपाल सिंह, भूपेश पाठक, जीशान अली एवं अंतरा आदि मौजूद रहे।

## मंदिर के पास गंदगी के ढेर, रास्ते बदहाल

संवाददाता, सैफनी

**अमृत विचार :** पट्टी फाजिलाबाद गांव में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर, रास्तों पर कीचड़ और पानी जमा होने से ग्रामीणों का सब्र जवाब दे गया। लोगों ने प्रधान और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारे लगाए और सफाई की मांग की।

लोगों का आरोप है कि शिव मंदिर के पास की भूमि पर कूड़े कचरे के पहाड़ बने हुए हैं, इसके अलावा अंबेडकर पार्क के रास्ते में सड़क पर ही कचरा पड़ा हुआ है, गांव के मुख्य रास्ते की सड़क भी कचरा पसरा है। इतना ही नहीं गांव का बड़ा नाला वर्षों से कीचड़ और पानी से पटा है। रास्ते बदहाल हैं, न तो गांव में साफ-सफाई है, न कोई कचरा उठाने वाला है, जिससे तमाम तरह की बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। लगातार प्रधान से शिकायत की गई हैं। लेकिन समस्या अपनी जगह आज भी पैर पसारे हुए है। जिसके चलते संबंधित लोगों से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में खेमपाल सिंह, जसवीर, बदन सिंह, अरविंद, कृपाल सिंह, राजू, गीता देवी, क्रांति देवी, अयोध्या देवी, राजू सिंह, ओमवीर सिंह, मोरपाल, राजवीर सिंह, मोहर सिंह, दिनेश, विजयपाल सिंह, कल्लू सिंह, भारत सिंह आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।



गंदगी के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

- पट्टी फाजिलाबाद गांव में गंदगी को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

## इमारत के मलबे की नीलामी में साठगांठ करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी संघ के चेयरमैन सुभाष गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में हाईवे स्थित डीसीडीएफ की इमारत के मलबे की नीलामी में अधिकारियों की सांठगांठ का आरोप लगाया है।

पत्र में कहा गया है कि डीसीडीएफ की इमारत में 13 दुकानें और 7 भवन हैं और इस इमारत का निर्माण 1952 में हुआ है। मुख्यमंत्री को भेज पत्र में आरोप लगाया कि कि ए आर कोआपरेटिव और डीसीबी के मुख्य कार्यपालक ने 26 फरवरी को इमारत का मलबा 26.50 लाख में नीलाम कर दिया है। पत्र में कहा गया है कि चंद्रसेन नाम के व्यक्ति को बोली नहीं लगाने दी गई। जबकि इमारत के मलबे को चंद्रसेन 35 लाख रुपये में लेने को तैयार है। मांग है कि मामले की जांच कराकर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई कराई जाए।



डीसीडीएफ की इमारत।

- सहकारी संघ के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को लिखा शिकायती पत्र

### स्वास्थ्य

#### गुर्दे की कार्य प्रणाली और शरीर में पानी की कमी से हो सकती है दिक्कत

## घातक बीमारियों में रोजे से करें परहेज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** घातक बीमारियों में मरीज रोजे से परहेज करें। हालांकि कुछ बीमारियों में डॉक्टरों की सलाह पर रोजा रख सकते हैं। क्रोनिक किडनी रोग के तीसरे या चौथे चरण से पीड़ित मरीज रोजे नहीं रखें।

रोजा रखने से गुर्दे की कार्य प्रणाली और शरीर में पानी की कमी और स्वास्थ्य पर संभावित जोखिमों के कारण अनिश्चितता बनी रहती है। शुगर यदि घातक रूप धारण कर चुकी है तब रोजा नहीं रखना चाहिए। रोजा रखना एक ऐसी इबादत है जिससे किसी के स्वास्थ्य या सेहत को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए, इसलिए कुछ व्यक्तियों को रोजा रखने से छूट दी गई है, जिनमें बच्चे, बुजुर्ग और अस्थायी रूप से बीमार या गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति शामिल हैं।

क्रोनिक किडनी रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग से पीड़ित लोगों को रोजा रखने से बचना चाहिए। क्रोनिक किडनी डिसीज के तीसरे और चौथे चरण हैं ऐसे में रोजा रखने से जोखिम बढ़ जाता है। मधुमेह, हृदय और किडनी के मरीजों को रोजा रखना चाहिए या नहीं रखना चाहिए इस संबंध में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों से अमृत विचार ने बातचीत की तो उन्होंने भी परामर्श के बाद रोजे की सलाह दी।

- डॉक्टरों से सलाह लेकर रख सकते हैं रोजा



घातक मधुमेह से पीड़ित मरीजों को रोजे से बचना चाहिए। गंभीर बीमारियों में ईश्वर ने भी रोजा नहीं रखने के लिए कहा है। रोजा रखना जरूरी हो तब चिकित्सकों से सलाह लेने के बाद रोजा रखना चाहिए।
- डॉ. सौरभ गुप्ता, फिजीशियन



रोजा रखना सवाब का काम है लेकिन, जो लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं उन्हें रोजा रखने से बचना चाहिए। किडनी के मरीजों को पानी की बहुत जरूरत होती है और रोजे में पानी नहीं पिया जा सकता। इसलिए रोजा नहीं रखें।
- हसीब सिद्दीकी, फिजिशियन



डॉक्टर से सलाह लेने पर डॉक्टर पहले मरीज को कंडीशन को देखता है। किडनी या शुगर का मरीज ग्रेड 1 में है या ग्रेड 2 में या ग्रेड 3 या 4 में पहुंच चुका है। गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को रोजे से बचना चाहिए।
- डॉ. अनीस अहमद, फिजीशियन



किडनी के मरीजों को पानी की बहुत जरूरत होती है। ऐसे में रोजा रखने से बचना चाहिए जबकि, मधुमेह में भी यही स्थिति रहती है। मरीज को बहुत प्यास लगती है और उसे दिन में दवाओं की जरूरत पड़ती है ऐसे में तबीयत में सुधार होने पर रोजा रख सकते हैं। - डॉ. डीके वर्मा, फिजीशियन जिला अस्पताल

## एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 8 से

**रामपुर, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और बालिकाओं की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए अस्मिता एथलेटिक्स लीग 8 मार्च को होगी। शहीद-ए-आजम स्टेडियम बमनपुरी में 8 मार्च को प्रतियोगिता होगा। कार्यक्रम का आयोजन माई भारत, भारतीय खेल प्राधिकरण और खेलो इंडिया के सहयोग से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स स्पर्धाएं ही होंगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन अंडर 13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बीच होगा। माई भारत के उप निदेशक माहे आलम ने जिले की सभी बालिकाओं और महिलाओं से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की शक्ति, क्षमता और योगदान को सम्मान देने का अवसर है। खिलाड़ी अपना पंजीकरण अवश्य करा लें।

## गेहूं के खेत में पलटा रेत से भरा ओवरलोड डंपर, आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** मसवासी क्षेत्र के खुशहालपुर तिराहे पर बुधवार को रेत से भरा ओवरलोड डंपर गेहूं के खेत में पलट गया। गनीमत रही कि कोई किसान उसके नीचे नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने डंपरों पर रोक लगाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

पट्टी कला कोसी नदी क्षेत्र से बुधवार रात कुछ डंपर रेत भरकर मानपुर स्थित एक स्टोन क्रशर जा रहे थे। मुख्य मार्ग से हटकर स्टोन क्रेशर के लिए खुशहालपुर तिराहे से मानपुर को खेतों में कच्चा रास्ता बनाया गया है। जिस पर कई दिन से रेट लेकर डंपर गुजर रहे थे और किसानों की फसले चौपट हो रही थी। बुधवार को अचानक एक तेज रफ्तार डंपर गेहूं के खेत में जाकर पलट गया। जिससे गेहूं की फसल चौपट हो गई। मामले में किसानों ने जमकर हंगामा करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला और वार्ड 8 के जिला पंचायत सदस्य रियासत हुसैन मौके पर पहुंचे और किसी तरह किसानों को समझा बुझा कर मामला शांत किया। किसानों का आरोप है कि बिना राजस्व कर्मियों के ही खनन धंधेबाज ने चकरोड को दबंगई के बूते चौड़ाकर डंपर निकाले जा रहे हैं। यह डंपर मानपुर स्थित एक स्टोन क्रेशर पर रातों-रात ओवरलोड तरीके से गुजरते हैं। किसानों ने मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रदर्शन करने वालों में निजामुद्दीन, फारूक अहमद, ताहिर, शाकिर, नामी अली, मोहम्मद अयूब, प्रेम सिंह, जमील अहमद, अब्दुल समद, इदरीस अहमद समेत अन्य किसान मौजूद रहे हैं। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है और कच्चे मार्ग पर यथावत स्थिति रखी जाएगी। राजस्व कर्मियों की नापतोल के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।



खनन करने वालों के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### बिजनौरा में जीवित है सदियों पुरानी होली परंपरा

**सैदनगली, अमृत विचार :** गांव बिजनौरा में आज भी परंपरा, संस्कृति और भाईचारे की अनोखी मिसाल देखने को मिल रही है। जहां आधुनिक दौर में कई परंपराएं खत्म होती जा रही हैं, वहीं बिजनौरा गांव में होली का पर्व आते ही ग्रामवासी ढोल और नक्कड़ों की थाप पर एकजुट होकर घर-घर पहुंचते हैं और पारंपरिक होली गीत गाकर खुशियां बांटते हैं। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवा और बच्चे तक इस परंपरा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। टोली हर घर पर जाकर होलीका गायन करती है और लोगों से गले मिलकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देती है। यह परंपरा बिजनौरा की पहचान बनी हुई है, जिसे नई पीढ़ी भी पूरी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ा रही है।

### अधिक शराब पीने से ग्रामीण की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** हल्दौर क्षेत्र के गांव पैजनियां निवासी भूदेव (55) पुत्र मन्नू बुधवार को गांव में होली का पर्व मना रहा था। वह हुरियारों की टोली के साथ लोगों को रंग लगा रहा था। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस दौरान उसने काफी मात्रा में शराब पी रखी थी। शाम के समय अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। हालत गंभीर होने पर उसे बिजनौर ले जाया जा रहा था। रास्ते में ही भूदेव ने दम तोड़ दिया।

### बुखार पीड़ित 13 माह के बच्चे की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव डाकेवाली निवासी बॉबी का 13 वर्षीय पुत्र मानव पिछले एक महीने से लगातार बुखार की चपेट में था। बॉबी ने मुरादाबाद और हसनपुर के कई अस्पतालों में दिखाया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। बुधवार देर शाम उसकी तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई, तो परिजन उसे चिकित्सक के पास जा रहे थे। रास्ते में बच्चे ने दम तोड़ दिया। परिजन बेहाल हो गए।

### मुर्गा व्यापारी से 40 हजार रुपए की लूट

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कनैटा अड्डा मक्का वाली निवासी सलीम ने बताया कि 4 मार्च की दोपहर वह मोहल्ला खेवान में मुर्गा बेच रहा था। मोहल्ले के ही तीन युवक सहित करीब 9 लोग पहुंचे। उसके गले पर चाकू रख दिया और ए मारपीटकर मुर्गा बिक्री की 40 हजार रुपये की नकदी ले गए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डाक्टर की चाकू मारकर हत्या

**बिजनौर, अमृत विचार :** बाइक सवार बदमाशों एक डॉक्टर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। 45 वर्षीय डॉ. राजकुमार गाजियाबाद के निवासी थे। नगीना से धामपुर रोड पर स्थित हीरो होंडा शोरूम के पास उनका शिवालय हॉस्पिटल था। एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से अस्पताल आया और उन पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना प्रभारी अवनीत मान मौके पर पहुंचे और जांच की।

# सौहार्द के रंग में डूब गया जिला, छाई रही उमंग

## होरियारों ने नाचते गाते मनाया जश्न, लोगों को रंगों से सराबोर करने में जुटे रहे बच्चे और महिलाएं

- शहर के कोट चौराहा, बड़ा बाजार आजाद रोड पर होली का जुलूस निकाला गया
- गुंझिया, दही बड़े, पापड़ सहित अन्य व्यंजनों का लोगों ने लुत्फ उठाया

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** रंगों के पर्व पर इस बार होली है, रंग बरसे की गूंज हर जगह सुनाई दी। शहर से लेकर गांव-गांव तक घर-घर घूमते हुए होरियारों की टोली ने खूब अबीर-गुलाल उड़ाए। हर तरफ होली है होली की धूम में हर कोई रंगों से सराबोर दिखा। होली को लेकर बच्चों व महिलाओं में उत्साह दिखा। हर कोई होली के रंग में नजर आया। एक दूसरे को गुलाल, रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। लोगों ने घर में बने गुंझिया, दही बड़े, पापड़ सहित अन्य विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

जिले भर में प्रेम व उल्लास का प्रतीक रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाई गई। बुधवार की सुबह से होली खेलने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों ने बाल्टियों में रंग भरकर एक दूसरे पर पिचकारियों से रंग फेंका। गली मोहल्लों व गांव के चौराहों पर निकलते हुए लोगों को रंगों से सराबोर करने में जुट गए। वहीं लोगों ने एक दूसरे के घरों पर जाकर रंग लगाकर गले मिलते हुए होली की बधाई दी। इसके बाद सभी लोग एकजुट होकर डीजे पर धुन पर नाचने लगे। शहर के कोट चौराहा, बड़ा बाजार, आजाद रोड आदि पर होली का जुलूस निकाला गया। शहर की आवास विकास कॉलोनी प्रथम में महिलाओं ने डीजे की धुन पर नाचते गाते लोगों ने खूब मस्ती की। रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे आदि गाते हुए होरियारों की टोली ने घर-घर जाकर होली खेली और एक दूसरे को रंग, गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

युवकों ने बाइकों से टोलियों के साथ शहर में घुमकर मस्ती की। इस दौरान कई लोगों ने छतों से रंग और पानी गिराया। हर तरफ होली है की गूंज सुनाई दी। शाम तक होली खेलने का सिलसिला जारी रहा। एक दूसरे को अबीर लगाकर गले मिले और होली की शुभकामनाएं दीं।


ढोल की थाप पर डांस कर एक दूसरे को रंग लगातीं महिलाएं।


एक दूसरे को रंग लगाते बच्चे। • अमृत विचार

### कोतवाली में पुलिस कर्मियों ने मनाई होली

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में पुलिस कर्मियों ने धूमधाम से होली मनाई व एक दूसरे को रंग व गुलाब लगाया। परिसर में बज रहे डीजे पर होली के गीतों पर पुलिसकर्मियों से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक जमकर डांस किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने सभी सहयोगियों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। कहा कि पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों के कारण उन्हें हर त्यौहार ड्यूटी पर बिताना पड़ता है। इस होली के त्यौहार के आयोजन के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाए नहीं बरती गई ।

## रंगों का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया


बच्चों ने भी खूब उड़ाया गुलाल। • अमृत विचार

**हसनपुर/सैदनगली , अमृत विचार :** नगर में रंगों का महापर्व होली हर्षोल्लास और पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। नगर में बुधवार सुबह विशेष परंपरा के तहत होलिका दहन किया गया। जिसके बाद पूरा नगर फागुनी मस्ती और रंगों में सराबोर हो गया। बुधवार सुबह होलिका दहन होते ही लोगों ने अग्नि में गेंहू की बालियां और गन्ना सेंकने की परंपरा निभाई। होलिका की पवित्र अग्नि से नई फसल गेंहू की बालियां सेंक कर खुशहाली की कामना की गई। इसके तुरंत बाद रंगों का असली उत्सव शुरू हो गया। सभी वर्ग के लोग एक ही रंग में रंगे नजर आए। घरों में सुबह से ही गुझिया, पकवान और विशेष व्यंजनों की खुशबू महकने लगी, जिससे उत्सव का आनंद दोगुना हो गया। नगर से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पुलिस सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच यह पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर कोई होली की खुमारी में डूबा रहा।


एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते लोग। • अमृत विचार

## पुलिसकर्मियों की होली में रंग बिरंगे हो गए अफसर भी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** होली की ड्यूटी के बाद दूसरे दिन पुलिसकर्मियों ने होली मनाई। पुलिस लाइन और आरटीसी ट्रेनिंग सेंटर में एसपी अमित कुमार आनंद की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने होली खेली। एक दूसरे को रंग लगाया तथा खूब अबीर-गुलाल उड़ाया। ढोल-नगाड़े भी बजाए तथा नृत्य कर एक दूसरे को बधाई दी।

रंगों का पर्व होली जिले भर में बुधवार को बड़े ही हर्षांल्लास के साथ मनाई गई। होली के दिन लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस दिन भर मुस्तैद रहीं। इस क्रम में गुरुवार को पुलिस ने होली खेली। सुबह पुलिस लाइन और आरटीसी सेंटर में एसपी अमित आनंद भी पहुंचे। वहां पुलिस कर्मियों ने उनके साथ फूलों की होली खेली। एसपी को पुलिस कर्मियों ने टीका लगाया तो उन्होंने भी अधीनस्थों को अबीर-गुलाल का टीका लगाकर होली खेली व बधाई दी। इस दौरान पुलिस कर्मी ढ़ोल ले लाए। ढोल बजता देख अधिकारी भी खुद को नहीं रोक पाए तथा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ खूब डांस किया। डीजे की धुन पर फिल्मी गोनों पर खूब मस्ती की। पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। वहीं उसके बाद एसपी आवास पर एएसपी अखिलेश भदौरिया, सभी सीओ एक दूसरे को रंग लगाया। एसपी ने गाने गाकर मन मोह लिया। नगर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, डिडौली थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ होली खेली।


आरटीसी सेंटर में होली खेलते एसपी व अन्य अधिकारी। • अमृत विचार

### रंग- गुलाल से सराबोर हो गए लोग


होली खेलते अभिषेक कौशिक व विधायक महेंद्र खड़गवंशी। • अमृत विचार

**सैदनगली, अमृत विचार :** नगर पंचायत में रंगों का त्योहार होली बड़े उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से दोपहर तक कस्बे व आसपास के क्षेत्रों मे रंगों के फव्वारे उड़ाते रहे। गली मुहल्लों में रंग गुलाल से लोग सराबोर रहे। होली की मस्ती में युवाओं ने डीजे पर बज रहे फिल्मी गीतों पर जमकर धमाल किया। रंग की चौपाई मे बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी रंग की पिचकारी से नही बच सके। पाधाजी के मंदिर मे होली का हवन हुआ। उसके बाद चौपाई मंदिर से निकाली गयी। जगह&जगह होली के जुलूस का स्वागत हुआ। इस दौरान सैदनगली पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूर्व ओएसडी अभिषेक कौशिक ने भी अपने परिवार जनों व जनप्रतिनिधियों के साथ जमकर होली खेली।

## रोटरी क्लब आकर्षण ने किया होली मिलन कार्यक्रम


पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी का स्वागत करते लोग। • अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** रोटरी क्लब आकर्षण द्वारा बुधवार को रामलीला मैदान पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी का क्लब के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रासलीला का मंचन किया ।

गिरीश अग्रवाल, आदेश अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, संजय शर्मा, पवन राज जाटव, पुनीत गुप्ता, राजीव अग्रवाल, संजय गर्ग, कुलभूषण सक्सेना, लवकेश अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, मोहित शर्मा, दिनेश अग्रवाल, रविन्द्र जिंदल, अजय अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, डॉ. ऋचा गुप्ता, दीपिका अग्रवाल, सत्येन्द्र त्यागी, चन्द्रसेन अग्रवाल, वेद प्रकाश यादव, सृष्टि अग्रवाल, सोनी अग्रवाल, रितु भटनागर, प्रमोद अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, मुकेश गोयल एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पत्नी ने अपने आशिक से पति को पिटवाया

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर बंजारा निवासी युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी गांव निवासी प्रेमी से फोन पर बात कर रही थी। उसने पत्नी से फोन करने को मना किया तो विवाद हा गया। इसके बाद वि अपने कोट पैंट का माल लेकर मंगलवार की देर रात बाइक सेआ रहा था आरोप है कि तभी पत्नी का प्रेमी अपनी बाइक से एक अन्य साथी के साथ आया और उसे लिंक मार्ग पर पुलिया के निकट रोककर उसके सिर में राड मार कर घायल कर दिया। गुरुवार की सुबह युवक कोतवाली पहुंचा और अपनी पत्नी व आरोपी के खिलाफ तहरीर दी । पुलिस ने घायल को नगर के सीएचसी भेजा। चिकित्सकों ने घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## शहर, देहात क्षेत्रों में उत्साहपूर्वक मनाई होली

संवाददाता, गजरौला

- सड़कों पर जो मिला उसे पकड़कर रंग दिया

**अमृत विचार:** आपसी भाईचारे का त्योहार होली बुधवार को शहर व देहात क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। होलिका दहन के बाद रंगों की फुहार के बीच होली के खुमार में हर कोई डूबा हुआ नजर आया। शहर से लेकर गांव तक चारों तरफ हुड़दंगी नजर आए।

जगह-जगह पर लगे डीजे सिस्टम पर युवा खूब थिरके। गिले शिकवे भुलाकर लोग एक दूसरे के गले लगे। रंग और अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

पूरा शहर रंगों से सरोबार रहा। गली-गली, घर-घर बच्चों ने खूब गुलाल उड़ाया। जो भी दिखा उसे रंगों से पोत दिया। दोपहर तक शहर में रंगों की बौछार होती रही। बच्चों ने बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं सड़कों पर कई जगह खुलेआम जाम छलकते रहे। सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जगहों पर पुलिस की नजर रही। बुधवार की सुबह को ही बच्चों ने पिचकारी लेकर घरों से बाहर निकलकर राहगीरों पर रंग डालना शुरू कर दिया था।

होली खेलने वाले मस्तानों की टोलियां घरों से निकल पड़ी। अपने परिचित, मित्रों, रिश्तेदारों को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई देने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। युवा, बच्चे, महिलाओं में होली का उत्साह देखते बन रहा था। महिलाओं और युवतियों ने भी जमकर होली खेली। एक-दूसरे को पानी के रंगों से भिगोकर सराबोर कर दिया। बच्चे अपने घर की छतों से आने-जाने वाले लोगों पर पिचकारी और गुब्बारों से रंग डाल रहे थे। वहीं, युवक और युवतियां अपनी टोलियों में रंगों से सराबोर हो रहे थे। रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देने का सिलसिला रात तक चलता रहा। होली पर तरह-तरह के व्यंजनों का भी जायका लिया। युवाओं ने मोहल्लों में डीजे और ढोल की थाप पर जमकर डांस किया।

होली के हुड़दंग के बीच पुलिस बेहद सक्रिय दिखाई दी। प्रमुख चौराहों के साथ ही मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिसकर्मी मुस्तैद दिखाई दिए। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस कर्मियों को भी अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। होली पर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में पुलिस फोर्स तैनात रहा। गांव में हलका दरोगा और सिपाही नजर बनाए रहे।

### थाना परिसर में भी जमकर खेली होली

गजरौला थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने होली पर्व एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी। वहीं, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने पुलिस कर्मियों के साथ होली खेली। इस दौरान यहां राजनैतिक दल के लोग और व्यापारी पहुंचे और एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर दिया।

## सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार:** रेहरा थाना हीमपुर दीपा निवासी फरीद अहमद 30 वर्षीय पत्नी मिस्बाह के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। छोईया पुल के पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मिस्बाह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि फरीद अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए।

दुसरी घटना में नेत्रपाल सिंह निवासी रायपुर सादात स्कूटी से जा रहे थे। सड़क पार करते समय कार ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नेत्रपाल सिंह राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में प्रवक्ता थे।

## होली पर रंग गुलाल लगाकर दी बधाई

**बुरावली, अमृत विचार:** बुरावली क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बुरावली और पतेई खादर व तरौली के शिव मंदिर पर सुबह से ही होली खेलने वालों का तांता लगा रहा और बस स्टैंड पर युवकों ने खूब हुड़दंग मचाकर होली खेली। लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाया।

## मेले में जात लगाकर लौट रहे ग्रामीणों की पिकअप खाई में पलटी

संवाददाता हसनपुर

- पिकअप सवार दस लोग घायल, उपचार के लिए सीएचसी में कराया भर्ती

**अमृत विचार:** होली के मेले में जात लगाकर घर लौटते समय ग्रामीणों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। पिकअप पलटने से 10 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

थाना सैदनगली के गांव कुआं डाली के ग्रामीण पिकअप में सवार होकर बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव झकडी में लगने वाले मेले में जात लगाने गए थे। बुधवार की दोपहर लगभग एक बजे के करीब वह जात लगाकर अपने घर को वापस लौट रहे थे। जैसे ही ग्रामीणों से भरी पिकअप गाड़ी उझारी स्थित बिजली घर के निकट पहुंची तो अनियंत्रित होकर खंनद में पलट गई। जिससे पिकअप में सवार अंशिका पुत्री विक्रम सिंह, प्रीति पत्नी धर्मेंद्र सिंह, प्रियांशी पुत्री हरकेश सिंह, राजू सिंह पुत्र अमर सिंह, धर्मेंद्र पुत्र लाल सिंह, जोगिंदर पुत्र लाल सिंह, मीनू पुत्री गिरीश चंद्र, तरुण पुत्र गजराम सिंह, स्वाति पुत्री गजराम सिंह एवं जूली पुत्री बबलू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से हसनपुर नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। जब सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि पिकअप पलटने से दस लोग घायल हुए थे जिसमें दो की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर के बाईपास मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृतक घोषित कर दिया गया।


मृतक जबर सिंह।

नगर के मुहल्ला होली वाला शिवाला रोड निवासी जबर सिंह पुत्र पन्नालाल बाइक से अपने घर जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक नगर के बाईपास मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने उसमें टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस उपचार के लिए सीएचसी ले गई जहां चिकित्सकों द्वारा जबर सिंह को मृतक घोषित कर दिया गया। जबर सिंह ने अपने पीछे दो लड़के एवं एक लड़की को रोते हुए छोड़ा है। परिवार का बुरा हाल है।

### टाटा मैजिक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंदा

**हसनपुर, अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास के निकट टाटा मैजिक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस हादसा करने वाले वाहन की तलाश कर रही है। संभल जिले के सौधन निवासी देवेश बंसल अपने पुत्र मुकेश बंसल गाजियाबाद के लोनी प्रेम नगर में रहते हैं। पिता-पुत्र होली पर कैला देवी मंदिर पर प्रसाद चढ़ाकर बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक ऊझारी-ढबारसी मार्ग पर गंगा एक्सप्रेसवे अंडरपास के पास ऊझारी की ओर से जा रही टाटा मैजिक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।बाइक के परखच्चे उड़ गए और पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर लहूलूहान हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जाच शुरू कर दी है।

### पेड़ से टकराई बाइक युवक की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें युवक की मौत हो गई। क्षेत्र के गांव जलालपुर कलां निवासी सुरेंद्र बिजनौर में 108 एम्बुलेंस में चालक था। बुधवार की रात गजरौला में काम निपटाने के बाद अपने घर वापस जा रहा था। उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे सुरेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार वाले निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने सुरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आम के पेड़ काटने पर रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार:** बाग में प्लाटिंग को लेकर रातोंरात आम के पेड काट दिए जाने का मामले पुलिस ने वन दरोगा की तहरीर पर तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। तथा जुर्माना भी लगाया गया है।

थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के अमरोहा धनौरा मार्ग पर आम के बाग में सोमवार रात अज्ञात लोगों ने 26 पेड़ काट दिए। आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से बाग की जुताई भी कर दी। बताया जा रहा है कि जमीन पर कब्जे और प्लाटिंग की नीयत से पेड़ों को काटा गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। वन विभाग के दरोगा केपी मलिक ने जांच पड़ताल कर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि अनीस अहमद, नजम, अमरान अली पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## गुलफाम का शव पहुंचा तो जुटी भीड़

- बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे, रात में किया सुपुर्द खाक

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार:** जीशान के बाद उसका बड़ा भाई गुलफाम भी गाजियाबाद पुलिस से मुठभेड़ में ढेर हो गया जिससे परिवार में कोहराम मचा है। शव घर पहुंचते लोगों का हुजूम जुट गया। बुधवार की रात को गमगीन माहौल में शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। गाजियाबाद व सैदनगली पुलिस तैनात रही।

सैदनगली निवासी बुनियाद अली का बड़ा बेटा गुलफाम करीब 10 साल पहले लकड़ी का काम करने के लिए नोएडा चला गया था। शादी होने के बाद वह पत्नी को भी साथ ले गया था। कुछ समय बाद उसने जीशान को भी अपने साथ काम करने के लिए बुला लिया था। सलीम वास्तचित पर जानलेवा हमला करने में पहली मार्च को जीशान का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया था। जबकि, मंगलवार देर शाम गुलफाम का भी एनकाउंटर हो गया। दोनों भाइयों के एनकाउंटर से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। अब परिवार में पांच बेटियां ही बची हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। पिता बुनियाद अली का कहना है कि बड़ा बेटा गुलफाम कुछ दिन पहले घर से दिल्ली गया था। इसके बाद से उससे बात नहीं हुई थी। गुलफाम और जीशान के मोबाइल शुक्रवार से ही बंद थे। उसी रात पता लगा कि जीशान नहीं बचा है। बुनियाद अली ने फोन पर बताया कि उसके बड़े बेटे के एनकाउंटर की खबर भी कुछ देर पहले मिली है। उसने दोनों बेटे खो दिए हैं।


शव घर पहुंचने पर उमड़ी भीड़। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता ने प्रेमी को घर बुलाया, परिजनों ने कर दी पिटाई

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** चंदौसी के गांव उघिया निवासी युवक का अपने गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब दो वर्ष पूर्व युवती की शादी हो गई थी, लेकिन युवक उससे संपर्क में रहता था। बुधवार को विवाहिता ने फोन कर युवक को मिलने के लिए बुलाया था। इस पर युवक गुरुवार शाम करीब सात बजे मुबारकपुर गांव पहुंच गया। इसी दौरान विवाहिता के परिजनों ने उसे देख लिया और पकड़ लिया। परिजनों ने युवक की पिटाई कर दी और सूचना देकर डायल 112 पुलिस को मौके पर बुला लिया। पुलिस युवक को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस ने युवक के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया है। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। थाना प्रभारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि युवक का शांति भंग की आशंका में चालान किया गया है।

### पति समेत चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव में महिला ने पति समेत चार लोगों पर बुधवार को घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। टांडा कोठी गांव निवासी सुमन ने तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार की शाम करीब चार बजे वह अपने घर में कामकाज में व्यस्त थी इसी दौरान पति कपिल, जेठ पप्पू, देवर धीरज व ससुर बलवंत गाली गलौच करने लगे। विरोध किया तो चारों ने लाठी डंडों से मारपीट की। बहन के घर आउ दिवेश ने बीच बचाव किया तो उसे भी पीटा। पुलिस जांच कर रही है।

### घर में रखी दो लाख की नगदी व जेवर चोरी

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव पवसरा निवासी मुकेश परिवार के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने गांव में उसके मकान के ताले तोड़कर 2 लाख रुपए, जेवरात वर्तन कपड़े आदि चोरी कर लिया। बुधवार सुबह मुकेश घर पहुंचे तो चोरी का पता लगा। उन्होंने बताया कि उनके बेटे का ऑपरेशन होना है जिसके लिए वह रुपये इकट्ठा कर रहे थे। पीड़ित ने थाना रजपुरा पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप चौधरी ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

# होली का उल्लास, कड़ी सुरक्षा के बीच निकले रंग जुलूस

## रंग-गुलाल उड़ाकर युवाओं ने होली गीतों पर जमकर की मस्ती, बच्चे और महिलाएं भी नहीं रहीं पीछे, जुलूसों में उमड़ पड़े लोग

कार्यालय संवाददाता, संभल

- रंग खेलने के बाद पकवानों का लिया आनंद
- डीएम और एसपी ने खुद संभाली सुरक्षा की कमान

**अमृत विचार:** कल्कि नगरी संभल में कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संभल शहर में जमकर रंग गुलाल उड़ा और युवाओं ने होली गीतों पर जमकर मस्ती की। इसके साथ ही भारी सुरक्षा प्रबंध के बीच होली के जुलूस निकाले गए।

संभल में बुधवार सुबह को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रंग चौपाई का जुलूस मोहल्ला कोट पूर्वी में सरथल चौकी के निकट से शुरू हुआ। यह जुलूस रामलीला मैदान कल्कि विष्णु मंदिर, एक रात की मस्जिद और जामा मस्जिद होते हुए डाकखाना तिराहा पर पहुंचा। जुलूस में डीजे की धुन पर संघ के स्वयंसेवक होली के गीत गाते हुए आगे बढ़ रहे थे।

यह जुलूस परंपरागत रास्तों से होता हुआ अपने निर्धारित स्थान पर समाप्त हुआ। इसके बाद दोपहर को होली रंग का मुख्य जुलूस मोहल्ला कोट पूर्वी से शुरू हुआ। जुलूस में सबसे आगे ऊंट पर सवार कुछ लोग थे जबकि पीछे ढोल की थाप पर नाचते गाते युवा आगे बढ़ रहे थे। जुलूस में शामिल लोगों पर रास्ते के मकानों से जमकर रंग गुलाल उड़ेला जा रहा था।

रंग चौपाई का मुख्य जुलूस कोतवाली से सामने से गुजरता हुआ आर्य समाज रोड पर पहुंचा। वहां से वह नखासा तिराहा होते हुए जुलूस मुरारी लाल की फड़ पर पहुंचा जहां परंपरागत तरीके से जुलूस में शामिल लोगों को फलाहार एवं नाश्ता कराया गया। उसके बाद जुलूस बाजार गंज, बाजार ठेर व डाकखाना रोड होते हुए जामा मस्जिद से कल्कि विष्णु मंदिर, रामलीला मैदान होते हुए सूर्यकुंड तीर्थ पर पहुंचा।


होली के दौरान लोगों की शुभकामनाएं स्वीकार करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

जहां भगवान शिव को रंग गुलाल अर्पित करने के बाद पूजा अर्चना के साथ जुलूस का समापन किया गया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, नगर हिंदू सभा अध्यक्ष कमल कांत तिवारी, गोपाल शर्मा, लक्षित सिंघल, सार्थक सिंघल व जयेश सिंघल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार, कोतवाल गजेंद्र अधाना के नेतृत्व में पुलिस, पीएसी व आरआरएफ के जवान तैनात रहे।

जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने भी शहर का भ्रमण का होली के त्योंहार को लेकर की गई पुलिस-प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने लोगों से संवाद कर होली की शुभकामनाएं दीं।


जामा मस्जिद के निकट से गुजरता आरएसएस का रंग चौपाई जुलूस।


रंग जुलूस में शामिल भाजपा नेता राजेश सिंघल व अन्य लोग। ● अमृत विचार

## दो पक्षों में चले लाठी डंडे, पथराव में छह घायल

**संभल, अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव गुरसरी में होली मिलन के दौरान जय भीम और राम-राम बोलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। ग्रामीणों ने समझा-बुझाकर शांत करा दिया था। देर रात दोनों पक्षों के लोग फिर आमने-सामने आ गए। गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडे चलने लगे और पथराव भी हुआ।

मारपीट में एक पक्ष से कविता चौधरी, अरुण चौधरी, विशाल और विनीत घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से कुलदीप और जुगेंद्र को चोटें आई हैं। गुरुवार को दोनों पक्षों के लोग थाने पहुंचे। भीम आर्मी के पदाधिकारी भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ कुढ़फतेहगढ़ थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अरुण चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने मेवाराम, रायबहादुर, हरिशंकर, हरिओम, बंटी और विरेश निवासी गुरसरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से राजपाल सिंह ने भी घर पर आकर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

## रंग-गुलाल के साथ उत्साह पूर्वक मनाया होलिकोत्सव


चंदौसी में होली की मस्ती में झूमते लोग। ● अमृत विचार

**चंदौसी, अमृत विचार:** नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को होली का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और त्योहार की खुशियां साझा कीं। पारंपरिक फाग और होली गीतों की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। घरों में गुजिया, दही भल्ले और अन्य पारंपरिक पकवान बनाए गए, जिनका लोगों ने परिवार और मेहमानों के साथ आनंद लिया। बाजारों में भी होली की खास रौनक देखने को मिली। रंग-गुलाल, पिचकारी और मिठाइयों की दुकानों पर दिनभर भीड़ लगी रही। कई स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जहां लोगों ने गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा और प्रमुख चौराहों पर गश्त की जाती रही।

# रायसत्ती और सौंधन में ध्वजा मेलों में उमड़े श्रद्धालु

- श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** रायसत्ती और सौंधन में होली के दूसरे दिन लगने वाले ऐतिहासिक ध्वजा मेले में गुरुवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रायसत्ती स्थित माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की, जबकि सौंधन स्थित बावरे बाबा मंदिर में भी भक्तों ने श्रद्धा के साथ माथा टेककर आशीर्वाद लिया। मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई चौपाइयों और जुलूसों ने पूरे माहौल को भक्ति और उत्साह से भर दिया।

होली के दूसरे दिन लगने वाला यह ध्वजा मेला क्षेत्र की प्राचीन और ऐतिहासिक परंपराओं में से एक माना जाता है। ध्वजा मेले में


ध्वजा मेले में घुड़सवारी के करतब दिखाता ग्रामीण। ● अमृत विचार

ढिल्लूपुर, नई बस्ती, महमूदपुर इम्मा, बरेली सराय सहित आसपास के कई दर्जन गांवों से ग्रामीण पारंपरिक ढंग से ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ मेले में पहुंचे। रायसत्ती देवी मंदिर को क्षेत्र की ईष्ट देवी का प्रमुख मंदिर माना जाता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूरी होती है। ध्वजा मेले के दिन बड़ी संख्या में नवविवाहित जोड़े भी मंदिर पहुंचते हैं औरसुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लेते हैं। मेले में आए लोगों ने दुकानों से घरेलू सामान, खिलौने और मिठाइयों की खरीदारी भी की। पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।

### मंदिर में माथा टेककर मांगीं मनोकामनाएं

**सौंधन, अमृत विचार :** होली के अगले दिन सौंधन सिहावली में लगने वाला ऐतिहासिक ध्वजा मेला धार्मिक आस्था के साथ संपन्न हुआ। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु और मेलार्थी पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मेले में पहुंचना शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगीं। कई परिवार अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए भी यहां पहुंचे। दिवाले वाले बाबा के मंदिर में दर्शन करते हैं, जिन्हें बाबरे बाबा का छोटा भाई माना जाता है। वहां पूजा-अर्चना करने के बाद श्रद्धालु सिहावली मंदिर पहुंचकर माथा टेकते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, ब्लॉक प्रमुख पति हिरदेश यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल और उदयवीर सिंह यादव सहित कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे।


संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

## भाई-भतीजों को झगड़ने से रोकने पर ईंट मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, संभल

- घर के अंदर खींच ले गए आरोपी, बेटे को भी पीटा

**अमृत विचार:** होली की रात शराब के नशे में झगड़ रहे भाई-भतीजों को रोकना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। भाई व भतीजों ने मिलकर ईंट मारकर उसकी हत्या कर दी। रात करीब दो बजे पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना गुन्नौर तहसील के जुनावई थाना क्षेत्र के गांव सिकरौरा खादर की है। मंगलवार रात धर्मपाल यादव (50) पुत्र छोटेलाल का छोटा भाई रामचरन अपने बेटों सुनील, देवेंद्र और प्रमोद के साथ शराब पीकर घर में झगड़ रहा था। शोर-शराबा सुनकर धर्मपाल घर से बाहर आए और हंगामा न करने को कहा। विवाद हुआ तो आरोपी मारपीट करते हुए


मृतक धर्मपाल यादव।

धर्मपाल को घर के अंदर खींच ले गए। धर्मपाल को बचाने पहुंचे उसके बेटे संजय के साथ भी मारपीट की और उसका गला दबाने का प्रयास किया। आरोपियों ने धर्मपाल पर ईंट से हमला कर हत्या धर्मपाल की कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर का शव पानी भरे गड्ढे में मिला

कार्यालय संवाददाता, संभल

- होली पर गांव में डीजे पर नाचते समय हो गया था लापता

**अमृत विचार:** रायसत्ती थाना क्षेत्र में होली पर डीजे पर नाचते समय लापता हुए किशोर का शव बुधावार सुबह खेत के पास पानी से भरे गड्ढे में मिला। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


मृतक बलराज।

गांव नई बस्ती लोधी सराय में होली के अवसर पर डीजे बज रहा था। संजय सैनी का 13 साल का बेटा बलराज सैनी भी गांव के अन्य बच्चों के साथ वहां डांस कर रहा था। रात करीब 10 बजे डीजे बंद होने के बाद बलराज घर नहीं लौटा तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिजनों और ग्रामीणों ने पूरी रात गांव में और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह ग्रामीण खेतों की ओर गए तो उनकी नजर खेत की मेड़ के पास पानी से भरे गड्ढे में पड़े किशोर के शव पर पड़ी। जानकारी मिलने पर रोते-बिलखते परिजन पहुंच गए। मृतक के भाई टीटू ने बताया कि बलराज के गले पर नाखून और गला दबाने जैसे निशान दिखाई दे रहे हैं। थाना प्रभारी निशांत कुमार राठी ने बताया कि किशोर के शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नहर किनारे मिला युवक का शव

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली के गांव नगला नीडल स्थित नहर के पास शुक्रवार को एक युवक का शव मिला। मृतक शिवा उर्फ मुलायम सिंह (36) पुत्र कल्याण सिंह इसी क्षेत्र का रहने वाला था। असमोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुलाया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। बताया जा रहा है कि शिवा भट्ठे पर मजदूरी करता था। परिवार के लोगों का कहना है कि शिवा शराब पीने का आदी था और प्राथमिक रूप से उसकी मौत का कारण अधिक शराब पीना माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## न्यूज डायरी

### विश्व शांति और आतंकवाद के खात्मे के लिए यज्ञ

**संभल, अमृत विचार :** संभल शहर में विश्व शांति, आतंकवाद के समूल नाश और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की दीर्घायु की कामना को लेकर यज्ञ का आयोजन किया गया। लोगों ने कहा कि विश्व में शांति और मानवता की रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई है कि वे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को धर्म और मानवता की रक्षा के लिए शक्ति, साहस और विवेक प्रदान करें। वक्ताओं ने कहा कि रूस और इजराइल लंबे समय से भारत के हितैषी रहे हैं। साथ ही यह भी कहा कि हाल के समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो घटनाएं सामने आई हैं, वे चिंताजनक हैं और विश्व शांति के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में शिया समुदाय द्वारा किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन का विरोध भी जताया। जिलाध्यक्ष कैलाश चंद्र गुप्ता, प्रभाकर शुक्ला, थान सिंह, विनीत शर्मा, अमित बंसल, संदेश, ऋतिक, विशाल, शोभित, प्रमोद, नवीन, कौस्तुभ, छोटे, शंकर शर्मा, हिमांशु, राज कुमार, अभिनंदन शर्मा, मुकेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।





### संघ कार्यकर्ताओं ने मनाया होली मिलन समारोह

**चंदौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चन्दौसी द्वारा साईं लोक कॉलोनी स्थित कार्यालय पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संघ प्रार्थना से हुई, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने फूलों से होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं की टोली ने कार्यालय से फुब्बारा चौक, घंटाघर, संभल गेट और गौशाला रोड होते हुए नगर भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्ता डीजे की धुन पर नाचते-गाते नजर आए। सहजिला बौद्धिक प्रमुख विजय मार्तण्ड ने कहा कि उत्सव समाज में भाईचारे और समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में जिला कार्यवाह अशोक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### शिक्षामित्रों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा अभार पत्र

**संभल, अमृत विचार :** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह के आवास पहुंचकर आभार पत्र सौंपा। कहा किमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किए जाने का फैसला लिया गया है, जिससे प्रदेशभर के शिक्षामित्रों में खुशी का माहौल है। सरकार की ओर से शिक्षामित्रों और उनके परिवार को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने तथा समायोजित शिक्षामित्रों के स्थानांतरण संबंधी निर्णय को भी सराहनीय बताया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष श्रीराम सैनी व अन्य शामिल रहे।

### निधि पटेल बनीं एसडीएम संभल

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने कई डिप्टी कलेक्टर के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इसी के तहत निधि पटेल को एसडीएम संभल की जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी ने उप जिला अधिकारी संभल के पद पर नियुक्त रामानुज को हटाकर डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय के पद पर नियुक्त किया है। डिप्टी कलेक्टर जनपद मुख्यालय निधि पटेल को उप जिला अधिकारी संभल नियुक्त किया गया है। इसके अलावा डॉ वंदना मिश्रा को डिप्टी कलेक्टर जनपद मुख्यालय के साथ ही उप जिलाधिकारी न्यायिक गन्नौर की जिम्मेदारी भी दी गई है। डिप्टी कलेक्टर जनपद मुख्यालय एवं उप जिलाधिकारी न्यायिक गुन्नौर की जिम्मेदारी संभाल रहे विकास चंद्र को डिप्टी कलेक्टर जनपद मुख्यालय के साथ ही उप जिला अधिकारी न्यायिक संभल एवं ईआरओ 32 असमोली की जिम्मेदारी दी गई है।

### दो पक्षों में पथराव, एक घायल

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** रोरादीप गांव निवासी महेंद्र और वीरपाल के बीच करीब तीन माह पहले मारपीट हो गई थी। तभी से दोनों पक्षों के बीच रंजिश चली आ रही थी। बुधवार को वीरपाल अपने परिजनों के साथ सड़क पर होली खेलते हुए हंगामा कर रहा था। महेंद्र और उसके बेटे टिल्लू ने विरोध किया तो गाली-गलौज होने लगी। शाम को दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया। पथराव में वीरपाल के समधी बागड़पुर गांव निवासी जागेश्वर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को पकड़कर थाने ले गई। थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# घर से निकलते ही दुर्घटना में छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** बाइक सवार छात्र को घर के सामने ही तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

असमोली थाना क्षेत्र के मनोटा-टांडा कोठी मार्ग स्थित गांव मतावली पट्टी जग्गू निवासी सुधांशु उर्फ छोटू (18) पुत्र शीशपाल उर्फ बबलू दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था और होली का त्योहार मनाने के लिए अपने घर आया हुआ था। परिजनों के अनुसार गुरुवार दोपहर सुधांशु बाइक से खेत पर सिंचाई करने के लिए घर से निकला था। वह घर से बाहर सड़क पर पहुंचा, तभी टांडा कोठी की ओर से तेज रफ्तार हे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल सुधांशु को तुरंत सड़क से उठाया और आनन-फानन में मुरादाबाद के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।


मृतक सुधांशु।

मां मुन्नी देवी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया कि सुधांशु पढ़ाई में काफी होनहार था और दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहा था। मृतक सुधांशु उर्फ छोटू पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में घायल की अस्पताल में मौत

**संभल, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में होली का सामान लेने बाजार जा रहे दो ग्रामीणों की बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दूसरे ने अब इलाज के दौरान अलीगढ़ के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे रजपुरा थाना क्षेत्र के बहटकरन सैतुआ लिंक मार्ग पर गांव सिंघौली पूर्वी निवासी विजेंद्र (40) पुत्र महावीर सिंह की बाइक सामने से आ रहे गांव हिरौनी निवासी योगेंद्र सिंह (32) की बाइक से टक्रा गई थी। हादसे में विजेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी कुसुम गंभीर रूप से घायल हुई थीं। दूसरी बाइक पर सवार योगेंद्र सिंह और उनका साथी जगतपाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बुधवार शाम उपचार के दौरान योगेंद्र सिंह की भी मौत हो गई, जबकि जगतपाल की हालत गंभीर बनी हुई है।

# डीजे बंद कराने पहुंची पुलिस से मारपीट, दो घायल

संवाददाता, बबराला

- पुलिस ने 13 नामजद सहित 28 के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार:** गांव पंवारी में होली के दौरान डीजे बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। चौकी प्रभारी सहित दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने 13 नामजद और 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

बुधवार रात चौकी टीसीएल प्रभारी उपनिरीक्षक रामेन्द्रपाल सिंह होली पर्व के मद्देनजर गश्त पर थे। जानकारी मिली कि गांव पंवारी में अमरीश पुत्र नेकराम के घर के बाहर डीजे पर राजनीतिक और अश्लील गाने बजाए जा रहे हैं। पुलिस पहुंची और अमरीश व उसके परिजनों को डीजे बंद करने की हिदायत दी। 15-20 मिनट बाद दोबारा डीजे बजने की जानकारी मिली तो पुलिस गांव पहुंची। आरोप है कि वहां मौजूद महिलाओं सहित तमाम लोगों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। पथराव करते हुए गाली-गलौज की तथा लाठी-डंडों से मारपीट की। सिपाही मदनगोपाल सिर में गंभीर चोट लगने से बेहोश होकर गिर गया। चौकी प्रभारी भी घायल हो गए। दोनों की वर्दी भी फाड़ दी गई।

थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घायल सिपाही को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने अमरीश, देवव्रत, रविंद्र, विशंभर, देवराज, प्रमोद, गंभीर, हरवेजी, नंदकिशोर, परवेंद्र, लोकेश, नितिन और राजवीर समेत 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।



अगर आप केवल भविष्य के विषय में ही सोचते रहेंगे, तो वर्तमान को भी खो देंगे।

–गुरु गोबिंद सिंह

# ऊर्जा संकट के संकेत

ईरान के दावे और अमेरिका तथा इसराइल के बयानों से लगता है कि पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुकी यह जंग लंबी खिंच सकती है। यह टकराव कुछ सप्ताह से आगे बढ़ता है, तो भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए आर्थिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। हमारी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल बाहर से और उसका बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से बरास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए प्रतिदिन आता है। इसके बाधित होने से तेल आपूर्ति व कीमत दोनों पर गंभीर दबाव पड़ेगा।

भारत के पास विशुद्ध रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन के आयात के बराबर है, जबकि सार्वजनिक और निजी कंपनियों के पास वाणिज्यिक स्टॉक मिलाकर कुल भंडार लगभग 70 दिन तक माना जाता है। यही कारण है कि आधिकारिक और अनौपचारिक आंकड़ों में अंतर दिखाई देता है। युद्ध तीन सप्ताह से अधिक खिंचने और होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने की आशंका गलत नहीं है। इससे भारत का आयात बिल और चालू खाते का घाटा बढ़ेगा, तो रुपये पर दबाव पड़ेगा। ईंधन महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी। फलतः खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा की सेवाओं तक कीमतें बढ़ जाएंगी। थोड़ी राहत उन जहाजों से मिल सकती है, जो पहले ही होर्मुज पार कर चुके हैं या रूसी तेल लेकर समुद्र में खड़े हैं। ये कुछ दिनों या हफ्तों की आपूर्ति बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं हैं। ऐसे में भारत को वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। पश्चिम अफ्रीका-विशेषकर नाइजीरिया और अंगोला तथा दक्षिण अमेरिकी देशों से तेल आयात एक विकल्प हो सकता है, हालांकि इन स्रोतों से तेल लाने की दूरी अधिक होने से परिवहन लागत बढ़ेगी। अमेरिकी दबाव के बावजूद, यदि वैश्विक संकट गहराता है तो भारत को रूस से तेल खरीद कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी जोखिम कम नहीं है। खाड़ी क्षेत्र से एलएनजी आपूर्ति बाधित होने की आशंका और कतर के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले की खबरें चिंता बढ़ाती हैं। यदि आयातित गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो पीएनजी और सीएनजी की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। ऐसे में घरेलू उत्पादन बढ़ाने, एलएनजी के वैकल्पिक अनुबंध करने और उद्योगों को प्राथमिकता-आधारित वितरण नीति अपनाने की आवश्यकता पड़ सकती है। आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण, अतिरिक्त एलएनजी कार्गो की व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भंडार बनाए रखने के निर्देश इसके संकेत हैं।

सरकार बाजार की अस्थिरता के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने की हर संभव कोशिश करेगी। वह रिफाइनरियों से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर अस्थायी नियंत्रण लगा सकती है, ताकि घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित रहे। व्यापार मार्गों में बदलाव और रणनीतिक भंडार का नियंत्रित उपयोग भी विकल्प हो सकते हैं। इस आसन्न संकट ने याद दिलाया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए मात्र आयात पर निर्भरता तज कर देश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा, घरेलू गैस उत्पादन और रणनीतिक भंडार क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेज़ कदम तत्काल उठाने होंगे।

## प्रसंगवश

# भारतीय इतिहास के नक्षत्र छत्रपति शिवाजी महाराज

भारत के इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था।

पंचांग के अनुसार शिवाजी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया छह मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर छह मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहींस बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है।



श्वेता गोयल

शिक्षिका

शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था।

मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना, उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया।

1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1663 में उन्होंने मुगल सूबेदार शाइस्ता खान पर पुणे में साहसिक आक्रमण कर उसे अपमानित होकर भागने को विवश किया। 1666 में आगरा दरबार में बंदी बनाए जाने के बाद उनका अद्भुत पलायन उनकी बुद्धिमत्ता और धैर्य का परिचायक है। वे विपत्ति में भी अवसर खोज लेते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'युद्ध-भय': भारत को आर्थिक पैटर्न बदलने की जरूरत





प्रो. आरके जैन

शिक्षाविद्

भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुंचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है। निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुंचा, महंगाई सात प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा। कहीं दूर युद्ध और यहां विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है।

जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहां से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था, जहां महंगाई काबू में और विकास संतुलित था, अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महंगा होता है, तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है। यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है, तो विदेशी ऋण महंगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महंगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है। ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है, क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पांच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएं पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है।

यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के करीब पहुंच गया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारत को मजबूत नेतृत्व की जरूरत, लेकिन देश के पास समझौता कर चुके प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता किया है।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष

चीन ने वर्षों तक ईरान का कूटनीतिक समर्थन किया और उसका तेल खरीदा, लेकिन अब उससे दूरी बना रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस ईरान के लिए भारत का आंख बंद करके समर्थन चाहती है, जबकि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और वहां लाखों भारतीय रहते हैं और काम करते हैं।

–अमित मालवीय
भाजपा प्रवक्ता



# राज्यसभा चुनाव में एनडीए को हो सकता है लाभ



कांतिलाल मांडोत

वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 का राज्यसभा चुनाव भारतीय राजनीति के लिए केवल नियमित संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन के पुनर्निर्धारण का वर्ष साबित हो सकता है। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से लगभग 72 से 75 सीटें वर्षभर में विभिन्न चरणों में रिक्त हो रही हैं। मार्च में 37 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि शेष सीटों पर अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में चुनाव होंगे। इन चुनावों का सीधा असर केंद्र की विधायी रणनीति और विपक्ष की प्रभावशीलता पर पड़ेगा, क्योंकि उच्च सदन में बहुमत का समीकरण कई महत्वपूर्ण विधेयकों की दिशा तय करता है।

ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सदन में भाजपा के पास 103 सीटें, कांग्रेस के पास 27, तृणमूल कांग्रेस के 12, आम आदमी पार्टी के पास 10, द्रमुक की 10, बीजद की सात, वाईएसआरसीपी की पांच और अन्नाद्रमुक के सात सदस्य हैं। सात सदस्य नामित श्रेणी में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की कुल ताकत लगभग 121 के आसपास मानी जा रही है, जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक करीब 80 सीटों के साथ मौजूद है। मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को सात से नौ सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है, जिससे उसकी संख्या 140 के पार जा सकती है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन को लगभग पांच सीटों का नुकसान संभव है।

मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को 7-9 सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है।

मार्च में जिन 37 सीटों पर चुनाव होंगे, वे महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से संबंधित हैं। इन राज्यों की विधानसभा संरचना ही परिणामों का आधार बनेगी। राज्यसभा के चुनाव प्रत्यक्ष जनमत से नहीं, बल्कि निर्वाचित विधायकों के वोट से होते हैं। प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और विधायकों की कुल संख्या के आधार पर 'कोटा' तय किया जाता है। सूत्र है- कुल विधायक संख्या को (सीटें +1) से भाग देकर उसमें एक जोड़ दिया जाता है। यही न्यूनतम मत संख्या है, जो किसी उम्मीदवार को प्रथम वरीयता के आधार पर जीत के लिए चाहिए।

बिहार का उदाहरण इस गणित को स्पष्ट करता है। वहां विधानसभा में 243 सदस्य हैं और इस चरण में पांच सीटों पर चुनाव होना है। सूत्र के अनुसार 243 को 6 से भाग देने पर 40.5 आता है, उसमें एक जोड़ने पर कोटा 41.5 बनता है, जिसे व्यावहारिक रूप से 42 माना जाता है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं। इस आधार पर वह चार सीटें सहजता से जीत सकता है, क्योंकि 202 को 42 से भाग देने पर चार पूर्ण कोटे बनते हैं। इसके बाद उसके पास 38 वोट शेष रहते हैं। पांचवीं सीट के लिए उसे कम से कम तीन अतिरिक्त विधायकों का समर्थन चाहिए। यही वह बिंदु है, जहां सियासी रणनीति और क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं अहम हो जाती हैं।

बिहार में एनडीए के घटक दलों में भाजपा के 89 और जदयू के 85 विधायक हैं। इसके अतिरिक्त लोजपा (रामविलास), हम और अन्य सहयोगियों को मिलाकर संख्या 202 तक पहुंचती है। दूसरी ओर महागठबंधन में राजद के 25, कांग्रेस के छह और वामदलों के तीन विधायक हैं। इनके अलावा पांच विधायक एआईएमआईएम और एक विधायक बसपा का है, जो किसी खेमे में औपचारिक रूप से शामिल नहीं हैं। महागठबंधन की कुल संख्या 35 है, जो एक सीट के लिए भी पर्याप्त नहीं। यदि विपक्ष एआईएमआईएम और बसपा का समर्थन जुटा ले, तब भी उसे कोटा पूरा करने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता रहेगी। इसीलिए बिहार में पांचवीं सीट का मुकाबला केवल गणित नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास और रणनीतिक तालमेल का प्रश्न बन गया है।

एनडीए की रणनीति स्पष्ट है कि वह चार सुनिश्चित सीटों के बाद पांचवीं पर भी दांव लगाए। इसके लिए बसपा के विधायक, महागठबंधन से जुड़े कुछ असंतुष्ट चेहरों या निर्दलीय समर्थन पर नजर है। वहीं विपक्ष भी यह समझता है कि यदि वह एकजुट होकर एक ही उम्मीदवार उतारे और अतिरिक्त समर्थन सुनिश्चित करे तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। किंतु यदि विपक्षी खेमे से एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में आते हैं, तो प्रथम वरीयता के वोटों के बंटवारे से एनडीए को लाभ मिल सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर भी यही गणित कई राज्यों में दोहराया जा रहा है। महाराष्ट्र में हालिया विधानसभा परिणामों ने एनडीए को बढ़त दी है, जिससे वहां अतिरिक्त सीट मिलने की संभावना है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी क्षेत्रीय दलों की बदली ताकत का असर दिख सकता है। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा में भाजपा की स्थिति मजबूत होने से विपक्ष की सीटें घट सकती हैं। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में सीमित नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है, परंतु कुल मिलाकर संतुलन एनडीए के पक्ष में झुकता दिखाई देता है। इन चुनावों का एक प्रतीकात्मक पहलू भी है। कई वरिष्ठ नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# कायर और क्रांतिकारी

चे ग्वेरा को उनके छुपने की जगह से पकड़ा गया, क्योंकि एक चरवाहे ने उसकी सूचना दी थी! तो किसी ने उस चरवाहे से पूछा– 'तुमने उस आदमी की शिकायत क्यों की, जिसने अपनी पूरी ज़िंदगी तुम्हारे जैसे लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए गुज़ारी?'

चरवाहा बोला, 'उसकी दुश्मन से लड़ाई मेरी भेड़ों को डरा देती थी।'



आरती सिंह

ब्लॉगर

इसी तरह जब मिस्र में मोहम्मद करीम ने नेपोलियन के नेतृत्व में आई फ्रांसीसी सेना का डटकर मुकाबला किया, तो अंत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई। नेपोलियन ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, 'मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हें मारूंगा, क्योंकि तुमने बहादुरी से अपने देश की रक्षा की। मैं नहीं चाहता कि इतिहास मुझे उन लोगों में गिने जो अपने देश के रक्षकों को मार डालते हैं, इसलिए मैं तुम्हें माफ़ कर सकता हूं, लेकिन एक शर्त पर.... तुम्हें मेरे सैनिकों की मौत के बदले दस हज़ार सोने की मुद्राएं भरपाई के रूप में देनी होंगी।'

मोहम्मद करीम ने कहा, 'मेरे पास इतना पैसा नहीं है, लेकिन व्यापारियों पर मेरा सौ हज़ार सोने की मुद्राओं से भी ज़्यादा का क़र्ज़ है।'

नेपोलियन बोला, 'ठीक है, मैं तुम्हें समय देता हूं। जाओ, उनसे वसूल कर लो।'

इसके बाद मोहम्मद करीम जंजीरों में जकड़ा हुआ और फ्रांसीसी सैनिकों से घिरा हुआ बाज़ार में गया। वह अपने देशवासियों से आशा लेकर गया था, जिनकी स्वतंत्रता के लिए उसने अपनी जान तक दांव पर लगा दी थी, लेकिन किसी व्यापारी ने उसकी मदद नहीं की, बल्कि उल्टा उसे ही दोष देने लगे, 'इसी की वजह से अलेक्ज़ान्द्रिया बर्बाद हो गया। इसी की वजह से हमारा कारोबार तबाह हुआ।'

मायूस होकर वह नेपोलियन के पास लौटा।

नेपोलियन ने कहा, 'अब मेरे पास तुम्हें मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन सुनो! मैं तुम्हें इसलिए नहीं मार रहा कि तुमने हमारे सैनिकों को मारा, बल्कि इसलिए कि तुमने अपनी जान उन लोगों के लिए कुर्बान कर दी, जो डरपोक और स्वार्थी हैं, जिन्हें अपनी आज़ादी से ज़्यादा अपने कारोबार की फ़िक्र है।'

जैसा कि मोहम्मद रशीद रिदा ने कहा, 'एक अंधे समाज के लिए क्रांतिकारी वही है, जैसे कोई आदमी अपने शरीर को जला कर रोशनी करे, लेकिन जिस रास्ते पर चलने वाला ही अंधा हो।'

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# महिला सशक्तीकरण से बदल रही यूपी की सूरत

उत्तर प्रदेश की गलियों, गांवों और कस्बों में आज एक शांत, लेकिन गहरा बदलाव महसूस किया जा सकता है। यह बदलाव केवल आधारभूत संरचनाओं का नहीं, बल्कि सोच, अवसर और भागीदारी का है। जिन महिलाओं की भूमिका कभी घर की चौखट तक सीमित मानी जाती थी, वे अब शिक्षा, रोजगार, प्रशासन, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आया, बल्कि वर्षों की सामाजिक चेतना, सरकारी पहलों और महिलाओं के आत्मविश्वास का परिणाम है। आज महिला सशक्तिकरण राज्य की विकास यात्रा का अनिवार्य अध्याय बन चुका है।

वहीं उत्तर प्रदेश में शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 'बेटी पढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा' जैसी सोच अब केवल नारा नहीं रही। केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने समाज में जागरूकता का वातावरण बनाया, वहीं राज्य स्तर पर छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं ने बालिकाओं की विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता-पिता अब बेटियों की शिक्षा के प्रति अधिक सजग हुए हैं, हालांकि उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समान पहुंच अब भी चुनौती है, विशेषकर दूरदराज़ क्षेत्रों में। फिर भी यह बदलाव आश्वस्त करता है कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।



धनीश शर्मा

लेखक

आज राज्य में आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कार्यों में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत इन समूहों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप संस्कृति में भी महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ रही है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं के आत्मसम्मान और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया है। अब वे केवल परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली नहीं, बल्कि आय और विकास की सहभागी भी हैं।

राजनीतिक सहभागिता ने इस परिवर्तन को और गहराई दी है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में आरक्षण के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनी हैं। ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और पार्षद के रूप में वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यद्यपि कुछ स्थानों पर 'प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व' की समस्या देखी जाती है, फिर भी यह अनुभव महिलाओं को नेतृत्व और प्रशासन की समझ प्रदान कर रहा है। यह सहभागिता आने वाले समय में व्यापक राजनीतिक सशक्तिकरण का आधार बन सकती है।

सरकार ने वूमेन पॉवर लाइन 1090 और मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। 1090 हेल्पलाइन विशेष रूप से छेड़छाड़, स्टॉकिंग और साइबर उत्पीड़न जैसी शिकायतों के समाधान के लिए संचालित की जाती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों तथा महिला पुलिस थानों की स्थापना से सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिला है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# यूरेका

## खोज

## इंटरनेट का आविष्कार


आज इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जानकारी प्राप्त करना, ई-मेल भेजना, वीडियो देखना, ऑनलाइन खरीदारी करना या दुनियाभर के लोगों से जुड़ना- ये सब इंटरनेट की बदौलत संभव हुआ है, लेकिन इसका विकास एक दिन में नहीं हुआ, बल्कि कई वैज्ञानिकों और दशकों के शोध का परिणाम है।



इंटरनेट की शुरुआत 1960 के दशक में हुई। उस समय अमेरिका में शीत युद्ध का दौर था और अमेरिकी रक्षा विभाग चाहता था कि ऐसा संचार तंत्र बनाया जाए, जो किसी आपात स्थिति या हमले की स्थिति में भी काम करता रहे। इसी उद्देश्य से अमेरिकी रक्षा विभाग की संस्था ARPA (Advanced Research Projects Agency) ने एक परियोजना शुरू की, जिसे ARPANET कहा गया। 1969 में ARPANET के माध्यम से पहली बार दो कंप्यूटरों को आपस में जोड़ा गया। पहला नेटवर्क कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेलिस (UCLA) और स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटरों के बीच स्थापित हुआ। इसी घटना को इंटरनेट के जन्म की शुरुआत माना जाता है। इंटरनेट किसी एक व्यक्ति का आविष्कार नहीं है, बल्कि कई वैज्ञानिकों के योगदान का परिणाम है। फिर भी दो वैज्ञानिकों को इंटरनेट का प्रमुख जनक माना जाता है विंटन सर्फ और बॉब कान।

1970 के दशक में इन दोनों वैज्ञानिकों ने मिलकर TCP/IP (Transmission Control Protocol / Internet Protocol) नामक संचार प्रणाली विकसित की। यही तकनीक विभिन्न कंप्यूटर नेटवर्कों को आपस में जोड़ने का आधार बनी। 1 जनवरी 1983 को ARPANET ने आधिकारिक रूप से TCP/IP को अपनाया और यहीं से आधुनिक इंटरनेट की वास्तविक शुरुआत मानी जाती है।

### वैज्ञानिक के बारे में



विंटन सर्फ का जन्म 23 जून 1943 को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य के न्यू हेवन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें गणित व विज्ञान में गहरी रुचि थी। उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में पीएचडी की। सर्फ बचपन से आंशिक रूप से श्रवण बाधित थे, इसलिए उन्होंने संचार तकनीक के महत्व को बहुत करीब से महसूस किया। उन्होंने इंटरनेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें अक्सर "इंटरनेट का जनक" कहा जाता है।

वहीं बॉब कान का जन्म 23 दिसंबर 1938 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ। उन्होंने सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। उन्हें बचपन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीक में रुचि थी। वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने नेटवर्किंग तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ऐसा था साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण



आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर तब, जब चंद्रमा में कोई बदलाव आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

### भारत में चंद्र ग्रहण

भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण का प्रारंभ बीती 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे हुआ। इसकी पूर्णता का प्रारंभ शाम 4:34 बजे रहा, समाप्ति शाम 5:33 बजे हुई और संपूर्ण ग्रहण की समाप्ति शाम 6:48 बजे हुई, लेकिन देश के तमाम हिस्सों में बचा-खुचा चंद्र ग्रहण यानी आंशिक चंद्र ग्रहण ही दिखाई दिया।

### अंब्रा और पेनअंब्रा

ग्रहण के दौरान दो छायाएं बनती हैं। पहली छाया को प्रच्छाया (अंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते यह छाया छोटी होती जाती है। यह ग्रहण की छाया का गहरा केंद्र होता है। दूसरी छाया को उपछाया (पेनअंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते उपछाया बड़ी होती जाती है। अर्थात् उपछाया चंद्रमा की छाया का बाहरी भाग होता है। यह वह जगह है, जहां प्रकाश आंशिक रूप से ही अवरुद्ध होता है।

### पूर्ण व आंशिक चंद्र ग्रहण

देश के कई हिस्सों में इस चंद्र ग्रहण को चंद्र उदय के साथ आंशिक रूप से देखा गया। अपने उदय के समय ही चंद्रमा हल्की लालिमा लिए नजर आया। ध्यान रहे, मुख्य छाया (अम्ब्रा), ग्रहण की अंधेरी, घनी छाया होती है। चंद्रमा इसमें पूरी तरह घुस जाए तो पूर्ण ग्रहण लगता है और चंद्रमा लाल-कॉपर रंग का हो जाता है अर्थात् सूर्य की रोशनी पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ती है और चंद्रमा पर लाल-भूरा रंग डालती है, इसे रक्त चंद्रमा (ब्लडमून) कहते हैं। वहीं उपछाया (पेनअम्ब्रा), ग्रहण की बाहरी हल्की छाया होती है। चंद्रमा इसमें गुजरने पर सिर्फ थोड़ा धुंधला या मंद दिखता है, कोई बड़ा रंग परिवर्तन नहीं होता। जैसा की इस बार आंशिक चंद्र ग्रहण के समय दिखाई दिया।


पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की प्रच्छाया से आवृत हो जाता है तथा आंशिक चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब चंद्रमा का एक हिस्सा ही पृथ्वी की प्रच्छाया से ढक पाता है। अर्थात् जब पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया पृथ्वी पर पड़ती है, तब पूर्ण चंद्रग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दिया, जिसे ब्लडमून कहा जाता है। इस बार पूर्ण चंद्र ग्रहण की घटना घटित हुई, लेकिन यह भारत के अधिकांश स्थानों पर चंद्रोदय के समय चंद्र ग्रहण का समापन दिखाई दिया सिवाय उत्तर-पूर्वी भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों के, जहां ग्रहण के पूर्ण चरण का अंत भी दिखाई दिया। देश की कई वैज्ञानिक संस्थाओं के आह्वान पर बच्चों और बुजुर्गों ने इस खगोलीय घटना को नंगी आंखों से देखने का आनंद लिया।





### क्या होती है ग्रहण ऋतु

जब सूर्य वर्ष में दो बार चंद्रमा की कक्षा के उन बिंदुओं के निकट पहुंचता है, जिन्हें राहु और केतु (नोड) कहा जाता है, तब लगभग 35-35 दिनों की दो विशेष अवधियां बनती हैं। इन्हीं अवधियों को ग्रहण ऋतु कहा जाता है। लगभग हर 173 दिन, यानी करीब छह महीने में, सूर्य एक नोड से दूसरे नोड के पास पहुंचता है और उसी समय यह ग्रहण ऋतु बनती है।



इस अवधि में ग्रहण होने की संभावना अधिक रहती है। सामान्यतः इस लगभग 35 दिनों की खिड़की में पहले अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण हो सकता है। इसके लगभग 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है, जब चंद्र ग्रहण की संभावना बनती है। फिर करीब 15 दिन बाद अगली अमावस्या पर एक और सूर्यग्रहण संभव हो सकता है। इसलिए एक ही ग्रहण ऋतु में अधिकतम तीन ग्रहण हो सकते हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में सामान्यतः छह ग्रहण तक हो सकते हैं, हालांकि विशेष खगोलीय परिस्थितियों में कभी-कभी सात ग्रहण भी संभव हो जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से ग्रहण तभी संभव होता है, जब सूर्य चंद्र कक्षा के नोड से लगभग 15 डिग्री के भीतर हो। सूर्य आकाश में प्रतिदिन लगभग 1 डिग्री आगे बढ़ता है, इसलिए नोड से 15 डिग्री पहले और 15 डिग्री बाद तक का क्षेत्र लगभग 30 डिग्री का होता है। इसी कारण यह अवधि लगभग 30 दिनों के आसपास बनती है। वास्तविक खगोलीय परिस्थितियों के कारण यह सीमा लगभग 31 से 37 दिनों तक भी हो सकती है। इसी औसत अवधि के कारण लगभग 35 दिनों की ग्रहण ऋतु मानी जाती है, जिसके दौरान सूर्य और चंद्रमा की स्थिति ऐसी बनती है कि पृथ्वी से सूर्यग्रहण और चंद्र ग्रहण देखने की संभावना रहती है।

## वैज्ञानिक फैक्ट

### ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जमता है गर्म पानी

यह बात सुनने में कुछ अटपटी लग सकती है कि कभी-कभी गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जम जाता है। सामान्य अनुभव तो यही बताता है कि ठंडा पानी पहले बर्फ बनेगा, लेकिन विज्ञान में एक ऐसी घटना दर्ज है, जो इस सामान्य धारणा को चुनौती देती है। इस अनोखी घटना को म्पेंबा प्रभाव कहा जाता है।

इस प्रभाव का नाम 1960 के दशक में तंजानिया के एक किशोर छात्र के नाम पर रखा गया, जिसने एक साधारण-सी घरेलू प्रक्रिया के दौरान एक असामान्य बात पर ध्यान दिया। उसने देखा कि जब घर पर आइसक्रीम बनाने के लिए गर्म मिश्रण को सीधे फ्रीजर में रखा गया, तो वह उस मिश्रण की तुलना में जल्दी जम गया, जिसे पहले ठंडा होने दिया गया था। यह



अवलोकन उसके लिए भी हैरानी भरा था। शुरुआत में कई लोगों ने इस दावे को संदेह की दृष्टि से देखा, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने इस पर प्रयोग शुरू किए और पाया कि कुछ परिस्थितियों में ऐसा वास्तव में संभव है। इसके बाद से वैज्ञानिक इस रहस्य को समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों होता है?

हाल के शोधों से यह संकेत मिला है कि इसका संबंध पानी की उस अवस्था से हो सकता है, जिसे ऊष्मागतिक संतुलन से बाहर होना कहा जाता है। साधारण शब्दों में कहें, तो जब कोई प्रणाली संतुलन में होती है, तब उसके गुण- जैसे तापमान या ऊर्जा स्थिर रहते हैं और उनमें बदलाव नहीं होता, लेकिन जब पानी गर्म अवस्था में होता है और तेजी से ठंडा होने लगता है, तो वह इस संतुलन से बाहर की स्थिति में होता है, जिससे उसके व्यवहार में कुछ असामान्य परिवर्तन देखे जा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इस प्रभाव को समझाने के लिए कई अन्य संभावित कारण भी सुझाए हैं। एक विचार यह है कि गर्म पानी का कुछ भाग वाष्प बनकर उड़ जाता है, जिससे पानी की कुल मात्रा कम हो जाती है और वह जल्दी ठंडा हो सकता है। एक अन्य सिद्धांत यह बताता है कि ठंडा पानी जमते समय अपनी सतह पर बर्फ या पाले की पतली परत बना सकता है। यह परत नीचे के पानी को ढककर उसे इंसुलेट कर देती है और उसके जमने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है।

इस विषय पर कई अध्ययन किए जा चुके हैं, फिर भी म्पेंबा प्रभाव का सटीक कारण आज तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। यही वजह है कि यह घटना विज्ञान के क्षेत्र में एक दिलचस्प रहस्य बनी हुई है।

## वाइल्ड लाइफ



### ऊंचे पैरों वाला अनोखा वन्यजीव

मैनड वुल्फ का स्वरूप अत्यंत विशिष्ट और आकर्षक है। इसके अतिरिक्त लंबे समय तक चलने वाले और लोमड़ी जैसे दांतों के चेहरे के कारण इसे अक्सर 'ऊंची टांगों वाली लोमड़ी' कहा जाता है। यह नाम केवल उनकी फर्म पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसकी चाल-चलन और रहन-सहन में भी एक अलग सी भव्यता झलकती है। इसकी आकृति लंबी, काली किरणों की पट्टियां इसकी पहचान का प्रमुख हिस्सा हैं। जब यह किसी को खतरा महसूस होता है, तो अपने मुखिया के बालों को खड़ा कर खुद को बड़ा और भोला बना लेता है।

मैनड वुल्फ के शरीर के अन्य हिस्से भी कैनिडे परिवार के अन्य सदस्यों से अलग हैं। इसके बड़े और चौकन्ने कान, लंबे व नुकीला थुथन, ऊंचे पैर और गाढ़े रंग की गर्दन इसे एक अनोखे रूप में पेश करते हैं। इस परिवार में भेड़िये, लोमड़ीयन, सियार, कोयोट और कुत्ते जैसे जीव शामिल हैं, लेकिन मैनड वुल्फ न तो किसी भेड़िये का निकट संबंधी है और न ही किसी फॉक्स का। मैनड वुल्फ का वैज्ञानिक नाम क्राइसोसियोन ब्रैच्यूरियस है। यह क्राइसोसियोन वंश का एकमात्र सदस्य है। यह रहस्यमयी जीव दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानों, जंगलों और खुले जंगलों में पाया जाता है। ब्राजील, पार्वे, अर्जेंटीना और बोलीविया जैसे देशों के विस्तृत घास के मैदानों में इसकी उपस्थिति सामने आई है। यह अकेलापन वाला जीव है और दिन की एकांत शाम या रात के समय से अधिक सक्रिय रहता है।

एक वयस्क मैनड वुल्फ की ऊंचाई आमतौर पर लगभग तीन फीट तक होती है और इसका वजन लगभग 50 पाउंड तक होता है। इसके शरीर पर सुनहरा-लाल या लाल-भूरा होता है, जबकि ग्लास, सिरप का भीतरी भाग और पूंछ का सिरा सफेद रंग का होता है। दाढ़ी के बाल और पैर काले होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसके पिछले पैर, बाकी जनजातियों की तुलना में लंबी-लंबी बातें होती हैं, जो इसके लंबे और ऊंचे आकार को और लंबी चट्टानें हैं। इसके लंबे पैर घास के ऊंचे मैदानों में चलने और दूर तक देखने में भी सहायक माने जाते हैं।



## पंछियों को 'अंधा' भी बना देता है प्रेम



डॉ. कैलाश चंद सैनी
जयपुर

क्या प्यार वाकई अंधा होता है? वैज्ञानिकों ने पक्षियों की दुनिया का वह विरोधाभास उजागर किया है, जहां नर तीतरों का सौंदर्य ही उनकी दृष्टि की बाधा बन जाता है। प्रेम की उस महंगी कीमत की दास्तान, जहां आकर्षण ही जान का जोखिम बन जाता है। 'प्यार अंधा होता है' यह कहावत इंसानी रिश्तों पर तो सटीक बैठती ही है, लेकिन ताजा वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि पक्षियों की दुनिया में यह केवल कहावत नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। आमतौर पर नर पक्षी रंग-रूप, पंखों की बनावट और प्रणय-नृत्य आदि में मादाओं से कहीं अधिक आकर्षक होते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब यह सवाल उठाया है कि क्या नर पक्षियों की यह सुंदरता हमेशा उनके लिए लाभप्रद सिद्ध होती है?

वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, 'क्राइसोलोफस' वंश की दो पक्षी प्रजातियां- गोल्डन तीतर और लेडी ऐम्हर्स्ट तीतर इस तथ्य के सबसे रोचक उदाहरण के रूप में उभरे हैं। इन नर तीतरों के सिर पर राजाओं की तरह एक सुंदर कलगी और गर्दन के चारों ओर पंखों का खूबसूरत घेरा होता है, जो प्रजनन काल में मादा को रिझाते समय किसी जादुई पर्दे की तरह फैल जाता है। दिखने में बेहद भव्य लगने वाली यही सजावट उनकी आंखों की दृष्टि के लिए सबसे बड़ी बाधा बन जाती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि इन नर तीतरों का दृश्य क्षेत्र यानी देखने का दायरा मादाओं की तुलना में काफी कम हो जाता है। उनके 'ब्लाइंड एरिया' (जहां आंखों से कुछ भी दिखाई नहीं देता), मादाओं की तुलना में लगभग 137 प्रतिशत अधिक पाया गया है। इतना ही नहीं, उनकी द्विनेत्री (बाइनोक्युलर) दृष्टि, जो दोनों आंखों से एक साथ देखने और दूरी का अनुमान लगाने में मदद करती है, वह भी औसतन 41 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

यह स्थिति लगभग वैसी ही है, जैसे कोई व्यक्ति माथे तक झुकी हुई लंबी छज्जे वाली कैप पहनकर चारों ओर निगरानी रखने की कोशिश करे, उसे न तो ऊपर से आता खतरा साफ दिखेगा और न ही किनारों की हलचल। यह वैज्ञानिक खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब तक दुनियाभर की करीब 300 पक्षी प्रजातियों के अध्ययन में नर और मादा के देखने के दायरे में इतना बड़ा अंतर कभी दर्ज नहीं किया गया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि इन्हीं के निकट संबंधी सिल्वर और ग्रीन तीतरों में ऐसा कोई अंतर नहीं पाया गया।

वैज्ञानिकों का मानना है कि प्यार के लिए चुकाई जाने वाली यह कीमत केवल दृष्टि तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह उनके जीवन के लिए भी खतरा पैदा करती है। दृष्टि में आई यह कमी नर तीतरों को शिकारियों के प्रति अधिक असुरक्षित बना देती है, विशेषकर उस समय जब वे नीचे झुककर दाना चुग रहे होते हैं और ऊपर से आने वाले खतरों को नहीं देख पाते, लेकिन संतोष की बात यह है कि यह अंधापन स्थायी नहीं होता।

प्रकृति ने उनके अस्तित्व को बचाने के लिए एक संतुलन भी बनाया है। साल के कुछ महीनों में जब इन पक्षियों के पंख झड़ जाते हैं और यह भारी-भरकम सजावट हट जाती है, तब उनकी दृष्टि फिर से पूरी तरह सामान्य हो जाती है। यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति में नियंत्रण और संतुलन का नियम कितना सूक्ष्म है, जो सौंदर्य जीवन के नए अध्याय यानी प्रेम को आमंत्रित करता है, वही कभी-कभी जीवन के अंत का कारण भी बन सकता है। इसीलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस प्राकृतिक संसार में पक्षी भी कभी-कभी प्यार में अंधे हो जाते हैं।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 80,015.90 | 24,765.90 |
| बढ़त | 899.71 | 285.40 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.17 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,300 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 6 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### सेंट्रल बैंक के प्रस्ताव को प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उसकी संयुक्त उपक्रम वाली बीमा और जीवन बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल गयी है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि सेंट्रल बैंक ने जेनराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी (जीसीआईसीएल) और जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (जीसीएलआईसीएल) में क्रमश: 1.09 प्रतिशत और 0.82 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूदी दी गयी है। दोनों कंपनियां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इटली के जेनराली समूह का संयुक्त उपक्रम हैं।

### राजमार्ग इंफ्रा के आईपीओ का मूल्य दायरा 99-100 रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 6,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 99 से 100 रुपये प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार इस इन्विट का पहला सार्वजनिक निर्गम 11 मार्च को खुलेगा और 13 मार्च को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी।

### इंडिगो जामनगर से नवी मुंबई के लिए शुरू करेगी सीधी उड़ान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो गुजरात के जामनगर से महाराष्ट्र के नवी मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह दैनिक उड़ान 23 अप्रैल से शुरू होगी। इस मार्ग पर वह ए320 विमान का परिचालन करेगी। अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, राजकोट और भावनगर के बाद जामनगर इंडिगो के नेटवर्क में शामिल होने वाला गुजरात का छठा शहर होगा। उसने बताया कि नयी उड़ान से व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### ओमनीटेक का शेयर पहले दिन के कारोबार में 10 प्रतिशत टूटा

**नयी दिल्ली।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को 227 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 205 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 9.69 प्रतिशत कम है और अंत में यह 9.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.15 रुपये पर बंद हुआ।

### एम्बैसी रीट ने डिबेंचर जारी कर 1,400 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली।** रियल्टी कंपनी, एम्बैसी ऑफिस पार्क्स रीट ने 'डिबेंचर' जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एक्सचेंज में बृहस्पतिवार को दायर एक नियामकीय सूचना में, कंपनी ने कहा कि उसने गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 1,400 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सूचना में कहा गया है कि इस निर्गम की कीमत 10 साल के समय के लिए 7.49 प्रतिशत के आकर्षक निश्चित कूपन पर रखी गई थी और इसे भारत की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनियों में से एक ने पूरी तरह हासिल किया है।

## खुशहाली की ओर...




जम्मू और कश्मीर अब विकास की राह पर लगातार अग्रसर है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू में चट्ठा स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमें एक स्टार्टअप आउटरीच प्रोग्राम के दौरान एक अवार्ड दिया। **फोटो** : एजेंसी

# करदाता अनुकूल व्यवस्था बनाए आयकर विभाग

## टीडीएस विसंगतियों संबंधी शिकायत के निपटारे के आदेश में सीईसी ने की यह टिप्पणी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- टीडीएस सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार डीडीओ की तय हो जवाबदेही
- व्यक्तिगत करदाता को टारगेट करने से परेशान होते हैं ईमानदार करदाता

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने इस बात पर चिंता जतायी है कि करदाताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अक्सर कई विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसको देखते हुए सीआईसी ने आयकर विभाग को ''करदाता-अनुकूल प्रणाली को संस्थागत रूप देने की'' की सलाह दी है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कई आकलन वर्षों में आवेदक के खाते में जमा किए गए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) में 'विसंगतियों' से संबंधित शिकायत का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।


आयोग ने पाया कि ऐसे कई मामलों में, करदाताओं को विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में, करदाता को आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा जारी किए गए प्रपत्र 16 और आयकर विभाग द्वारा रखे गए प्रपत्र 26एएस के बीच विसंगतियों के समाधान के लिए प्रायः दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पहले कटौती करने वाले संबंधित अधिकारी /डीडीओ पर जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, जो वैधानिक रूप से टीडीएस को सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं।

सीआईसी ने कहा कि अधिकारी कभी-कभी कर कटौती की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार कटौती प्राधिकारी के बजाय व्यक्तिगत करदाता पर ध्यान देने का 'सबसे आसान रास्ता' अपनाते हैं। आदेश में कहा गया कि यह बेहद खराब चलन है क्योंकि इससे एक ईमानदार करदाता परेशान होता है, जबकि गलत काम करने वाला डीडीओ पूरी तरह से बच जाता है। आयोग ने व्यवस्था में सुधार की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में करदाता-अनुकूल व्यवस्था को संस्थागत रूप देना" उचित होगा ताकि विसंगतियों को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी तरीके से दूर किया जा सके।सीआईसी ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी से पहले विसंगति का स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए और यह पुष्टि करने के लिए कहा जाना चाहिए कि कर की विधिवत कटौती, जमा और रिपोर्टिंग की गई है या नहीं। आयोग ने कहा कि ऐसी जांच के बाद ही, यदि गलती करदाता की है, तो करदाता और कर कटौतीकर्ता दोनों को एक साथ सुना जाना चाहिए ताकि मामले को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। आयोग को इस मामले में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्भावना या जानबूझकर सूचना छिपाने का कोई संकेत नहीं मिला और उसने शिकायत को खारिज कर दिया।

# कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा में सहयोग करेंगे भारत-फिनलैंड

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और फिनलैंड ने बृहस्पतिवार को कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षित कार्यबल की आवाजाही के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी और फिनलैंड के रोजगार मंत्री मैतियास मार्टिनेन के बीच यह बातचीत फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की भारत यात्रा के दौरान हुई है।



नई दिल्ली में डेलीगेशन लेवल की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब। **फोटो** : एजेंसी

स्टब चार-दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बयान में कहा-दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योग और शिक्षा प्रणालियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत किया जा सके और प्रशिक्षित युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें।

इस दौरान चौधरी ने कहा कि भारत की युवा आबादी और फिनलैंड की प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में विशेषज्ञता, कौशल क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदारी का आधार बनाती है।

मार्टिनेन ने कहा कि फिनलैंड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के योगदान की सराहना करता है और कौशल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि बैठक में स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, हरित प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा हुई। इसके साथ प्रशिक्षकों की क्षमता के निर्माण, भाषा प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण को अकादमिक शिक्षा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए संस्थागत साझेदारी और निरंतर संवाद जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

## रुपया 41 पैसे उछलकर 91.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे चढ़कर 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संदिग्ध हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया।

हालांकि, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला और कारोबार के दौरान 91.30 के उच्चस्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 91.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 41 पैसे की बढ़त है।

# सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- अमेरिकी अदालत ने कहा- एकतरफा शुल्क निर्धारित नहीं कर सकते राष्ट्रपति

न्यूयॉर्क के एक संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि जिन कंपनियों ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान किया है, वे अब रिफंड (धन वापसी) की हकदार हैं। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी हार के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने लिखा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का लाभ उठाने के हकदार हैं, जिसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून (आईईईपीए) के तहत लगाए गए भारी आयात करों को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत वे शुल्क असंवैधानिक थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति एकतरफा रूप से शुल्क निर्धारित और परिवर्तित नहीं कर सकते, क्योंकि कराधान की शक्ति स्पष्ट रूप से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है।

न्यायाधीश ईटन ने अपने फैसले में लिखा कि वह सिर्फ आईईईपीए शुल्क के रिफंड से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। यह फैसला रिफंड प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता प्रदान करता है, जिसका सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में उल्लेख नहीं किया था।

# हनोई-दिल्ली और मुंबई-टोक्यो के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

**मुंबई, एजेंसी**

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एशिया में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हनोई-दिल्ली और टोक्यो (हानेडा)-मुंबई मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। ये सेवाएं इसी साल जून तिमाही से शुरू होंगी। वर्तमान में एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और जापान के टोक्यो के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

नई योजनाओं के अनुसार, एक मई से हनोई के लिए सप्ताह में पांच दिन उड़ानें शुरू होंगी।

इन उड़ानों के लिए 'ए320 नियो' विमान का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी श्रेणी की सुविधा होगी। एयर इंडिया के अनुसार, इस नए मार्ग के खुलने से वियतनाम के लिए हर महीने 7,028 सीटें जुड़ेंगी। वियतनाम वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशिया का तीसरा सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है, जहां 2025 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे थे।

जापान के लिए विस्तार करते हुए एयर इंडिया जून से मुंबई और तोक्यो (हानेडा) के बीच सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करेगी। इसके लिए बोइंग 787-8 विमान का उपयोग किया जाएगा।

जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 3.15 लाख से अधिक भारतीयों ने जापान की यात्रा की, जो 2024 के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि है।

## बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये बीओबी ने जुटाए 10हजार करोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है। बैंक ने बताया कि सात वर्षीय बॉन्ड को एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक ऋण बोली मंच पर 5,000 करोड़ रुपये के आधार बॉन्ड और 5,000 करोड़ रुपये के ग्रीन शू यानी अधिक बोली आने पर उसे रखने के विकल्प के साथ पेश किया था।

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक फीसदी से ज्यादा चढ़े

**मुंबई, एजेंसी।**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया।

इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में धन प्रबंधन के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि प्रमुख व्यापारिक मार्ग हर्मुज दर्रे से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षा और बीमा की अमेरिका की गारंटी से बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। अमेरिका ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध रखने के लिए ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच




हर्मुज दर्रे से होकर गुजरने वाले तेल के टैंकरों को उसकी सेना एस्कॉर्ट भी कर सकती है। साथ ही इन खबरों से भी बाजार को समर्थन मिला कि ईरान युद्ध समाप्त करने के विकल्प तलाश रहा है।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,210 के शेयर ऊपर और 1,038 के गिरावट में बंद हुए। अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.51 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

एलएंडटी का शेयर 3.88 प्रतिशत, एनटीपीसी का 3.36, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.29, बीईएल का 2.98, पावरग्रिड का 2.66, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.56, इंडिगो का 2.55 और टाटा स्टील का 2.01 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा में 1.92 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.86, बजाज फाइनेंस में 1.83 प्रतिशत की तेजी रही।

## ईरान संघर्ष लंबा खिंचा तो कंपनियों पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं।

बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने पहले ही निवेशकों की धारणा को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। खासतौर से विदेशी निवेशक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़े जोखिमों को लेकर संवेदनशील बने हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया- सप्ताहांत में ईरान संघर्ष शुरू होने के साथ, विदेशी निवेशकों का रुख फिर से सतर्क हो गया है क्योंकि भारत तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान के प्रति संवेदनशील है।

# सेबी ने 'कस्टोडियन' को जारी किए दिशा-निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

बाजार नियामक सेबी ने गैर-बैंक कस्टोडियन (संरक्षक) के लिए विनियमित और गैर-विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग रणनीतिक व्यापार इकाइयों (एसबीयू) के माध्यम से संचालित करने को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इन इकाइयों के लिए अलग खाते बनाए रखने और इन व्यवसायों के लिए स्वतंत्र रूप से नेटवर्थ संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश भी शामिल हैं।

नियामक ने अपने परिपत्र में कहा कि कस्टोडियन एंड डीडीपी स्टैंडर्ड्स सेटिंग फोरम (सीडीएसएसएफ), सेबी के परामर्श से उन वित्तीय सेवा गतिविधियों की सूची तय करेगा, जो संरक्षक कर सकते हैं।

सेबी ने कहा कि ऐसे कस्टोडियन जो बैंक नहीं हैं, या बैंकों की अनुषंगी कंपनियां, सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं हैं, उन्हें सेबी विनियमित और गैर-सेबी विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग एसबीयू के माध्यम से संचालित करना होगा।

सेबी ने बुधवार को जारी अपने परिपत्र में कहा-एसबीयू के लिए समान दूरी के आधार पर अलग खाते तैयार और बनाए रखे जाएंगे, कस्टोडियन के लिए नेटवर्थ के मानदंड एसबीयू के बही-खातों को छोड़कर पूरे किए जाने चाहिए।

**ईरान संकट** | युद्ध शुरू होने से पहले पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंचे जहाजों को भी नहीं हो रही माल की डिलीवरी

# पोत परिवहन कंपनियों मांग रहीं अधिक अधिभार, निर्यातक चिंतित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्यातकों ने कहा है कि जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं ले जा रही पोत परिवहन कंपनियां 40 फुट के कंटेनर पर 4,000 डॉलर तक का आकस्मिक अधिभार मांग रही हैं। वे उन उत्पादों की खेप भी छोड़ने से इनकार कर रही हैं जो अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमले से पहले बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। इस मांग से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें यह अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले जहाज पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। लेकिन वे माल की डिलिवरी नहीं कर रहे हैं और भारी अधिभार की मांग कर रहे हैं। हमने वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। सरकार ने भारत के निर्यात, विशेष रूप से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पर चल रहे वैश्विक घटनाक्रमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है।

ये शुल्क 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण लगाए गए हैं। सहाय ने कहा कि ये शुल्क उन उत्पादों पर भी लगाए जा सकते हैं जिन्हें अभी भारत से जहाजों पर लादा जाना बाकी है। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने सभी सामान पर शुल्क लगा दिया है। इससे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। माल की डिलिवरी नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि इस लागत को कौन वहन करेगा?घरेलू निर्यातकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि पोत परिवहन कंपनियों ने पश्चिम एशियाई देशों के लिए माल लेना बंद कर दिया है।

### चावल निर्यातकों ने तुरंत मांगी राहत

**नयी दिल्ली।** चावल निर्यातकों ने बृहस्पतिवार को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद ईरान संकट से निपटने के लिए सरकार से तुरंत राहत के उपाय की मांग की है। जिसमें बंदरगाह से जुड़े प्रभार में छूट तथा भुगतान समायोजन की मांग भी शामिल है। उन्होंने बंदरगाह से जुड़े प्रभार (स्टोरेज/डेमरेज और दूसरे शुल्क) में छूट मांगी है, जहां जहाज रद्द होने की वजह से कार्गो वापस हो जाता है। ऐसे में पारगमन में कार्गो को वापस करने, राह बदलने करने की सुविधा के साथ दस्तावेजीकरण और भुगतान समायोजन के लिए सीमा शुल्क और रिजर्व बैंक की मदद की मांग की गई है। उन्होंने सरकार से एक परामर्श जारी करने का आग्रह किया है जिसमें इस रुकावट को एक अपरिहार्य स्थिति की घटना के रूप में मान्यता दी जाए ताकि गलत तरीके से जुर्माने को रोका जा सके और कोविड-काल की राहत की तरह ही अस्थायी कार्यशील पूंजी सीमा और ऋण विस्तार के ज़रिये तात्कालिक बैंकिंग मदद दी जाए।

### खाड़ी के बाजारों में भारतीय चाय निर्यात पर खतरा

**कोलकाता, एजेंसी।** अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये निर्यात खेपों पर असर पड़ता है, तो भारतीय चाय निर्यात में बड़ी रुकावट आ सकती है। भारतीय चाय संघ ने यह जानकारी दी है। संघ ने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र के मुख्य बाजार, जिनमें इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, में भारत की चाय खेप का एक बड़ा हिस्सा इस रणनीतिक रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान ने कहा कि वह चीन के मालवाहक जहाज को छोड़कर इस रास्ते से अन्य जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं देगा। संघ ने कहा कि वर्ष 2025 में, भारत ने लगभग 28 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया, जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत, यानी 11.5 करोड़ किग्रा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और इराक को इकट्ठा मिलाकर भेजी गई।

मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि समुद्री माल ढुलाई भाड़ा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया है। धीरे-धीरे हमें कंटेनर की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जहाज बीच समुद्र में ही फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोत परिवहन से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को दिया जाएगा देश का सर्वोच्च सम्मान

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'स्वाधीनता पदक 2026' के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा कर दी है, जिनमें देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की दिवंगत मां बेगम खालिदा जिया का नाम भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को स्वतंत्रता, लोकतंत्र और महिलाओं की शिक्षा में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 15 विशिष्ट व्यक्तियों और पांच संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा। जारी अधिसूचना में स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, संस्कृति, खेल, ग्रामीण विकास, सामाजिक सेवा, लोक प्रशासन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान को मान्यता दी गई है।

### एनएचआरसी ने दो सफाई कर्मियों की मौत का स्वत: संज्ञान लिया


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उस मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि दो मार्च को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सीवर कक्ष में दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। आयोग के मुताबिक समाचार रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्य यदि सत्य हैं तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन हैं। आयोग ने इंदौर नगर निगम और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे का विवरण मांगा गया है। जल निकासी प्रक्रिया के दौरान सीवर में गिरे एक सक्शन टैंकर पाइप के हिस्से को निकालने के लिए पीड़ित सीवर कक्ष में घुसे थे, तभी जहरीली गैसों के कारण वे बेहोश हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई।

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

## अमेरिका के मोंटाना राज्य में गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी




- गवर्नर ने कहा- गांधी के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में जरूरी

अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं।

मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को भेंट करने के लिए वाणिज्य दूतावास का आभार जताया। भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया।

## कच्चा तेल आपूर्ति की बड़ी चुनौती

होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत गंभीर संकट है। ईरान की ओर से दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण तेल गलियारे को बंद करने के एलान से पूरी दुनिया में भारी उथल-पुथल मची हुई है। होर्मुज के बंद होने का सबसे ज्यादा विनाशकारी असर सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान समेत कई खाड़ी देशों पर पड़ने की आशंका है क्योंकि तेल और गैस के बड़े निर्यातक इन देशों की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पूरी तरह इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है। ऐसे में काफी साफ है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके इस लड़ाई में एक निर्णायक बढ़त हासिल की है। अगर यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो तमाम देश अमेरिका और इजराइल पर जल्द युद्ध समाप्त करने का दबाव बना सकते हैं।

## होर्मुज : दुनिया की दुखती रग



### क्या पड़ेगा दुनिया पर असर

- दुनिया के कच्चे तेल का 20% और वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का 20% से अधिक इसी मार्ग से गुजरता है।
- आशंका जताई जा रही है कि यह मार्ग बंद होने से तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।
- कतर जैसे बड़े निर्यातकों से होने वाली एलएनजी सप्लाई रुकने से बिजली-गैस की कीमतों पर सीधे असर की संभावना है।

### भारत की स्थिति

- भारत अपनी तेल आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत इसी मार्ग से पूरा करता है।
- तेल सप्लाई रुकने से पेट्रोल और डीजल के दाम भारत में तेजी से बढ़ सकते हैं।
- रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर भारत को अपनी निर्भरता बढ़ानी पड़ सकती है।
- टैंकरों को लंबे रास्तों से जाना पड़ेगा, जिससे लागत कई गुना बढ़ेगी।

### सैकड़ों जहाज फंसे

- अनुमान है कि फारस की खाड़ी के अंदर लगभग 800 से 3,200 जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें कंटेनर जहाज, तेल टैंकर और मालवाहक जहाज शामिल हैं।
- अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार लगभग 20,000 नाविक इन जहाजों पर फंसे हुए हैं। यात्री जहाजों पर लगभग 15,000 लोग भी प्रभावित हैं।

पिछले हफ्ते में इस मार्ग से गुजरने वाले टैंकरों में 90% कमी आई है। पहचान छुपाने के लिए कई जहाज ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद करके इस मार्ग को पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अगर कुछ महीने मार्ग बंद रहा तो...

- कच्चे तेल की कीमतें 130 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, 300 डॉलर का स्तर भी छूने की आशंका है।
- कतर से सप्लाई रुकने से यूरोप में प्राकृतिक गैस कीमतें तीन गुना होकर 100 डॉलर मेगावाट घंटे तक जा सकती हैं।
- परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ेगी। इससे वैश्विक मुद्रास्फीति में 0.6% से 0.8% की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।
- कई देशों के केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी, इस कारण से वैश्विक जीडीपी विकास दर धीमी हो जाएगी।

### खाड़ी देशों की जीवन रेखा

- सबसे सीधा और विनाशकारी असर खाड़ी देशों पर पड़ेगा जो तेल और गैस के बड़े निर्यातक हैं।
- इन देशों की अर्थव्यवस्था के साथ दैनिक जीवन भी पूरी तरह से इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है।
- कुवैत, कतर और बहरीन जैसे देशों का करीब 100% तेल और गैस निर्यात इसी मार्ग से होता है।
- मार्ग बंद होने से इन देशों की सरकारी आय ठप हो जाएगी, जिससे खर्चों पर संकट आ सकता है।
- खाड़ी देशों की लगभग 70% खाद्य सामग्री होर्मुज के रास्ते आती है। बड़ा खाद्य संकट पैदा होगा।

# नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर

### तख्तापलट के बाद हुए आम चुनाव में शाम पांच बजे तक करीब 60% मतदान, मतगणना शुरू

- पड़ोसी देश में चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा भारत

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी विरोध प्रदर्शन के बाद पहले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना पूर्व रुझानों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि पूर्व रैपर एवं काठमांडू से महापौर रहे बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने देश के दोनों परंपरागत राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस पार्टी और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को कड़ी टक्कर दी है। भारत इस चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा है और राजनीतिक रूप से अस्थिर हिमालयी देश में स्थिर सरकार बनने की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके।

जेन जी के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को देश में आम चुनाव कराए गए। चुनाव प्रचार के दौरान ही 2022 में गठित आरएसपी को काफी समर्थन मिला, इस कारण शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) उस सरकार का हिस्सा थीं जिसे पिछले साल जेन जी ने गिरा दिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा अपनी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, जबकि सीपीएन (यूएमएल) ने ओली को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना चेहरा बनाया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार नेपाल में मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुआ। निर्वाचन आयुक्त सगुन शमशेर राणा के मुताबिक देश भर में कुछ स्थानों पर मामूली घटनाएं हुई हैं। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि कुछ स्थानों पर मामूली मतभेदों के अलावा कोई गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू हो गई।



नेपाल में बृहस्पतिवार को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर लगीं कतारें।

### 1.89 करोड़ मतदाता, पुरुषों से ज्यादा महिलाएं

नेपाल में प्रत्यक्ष और समानुपातिक दोनों विधियों से सांसदों का चुनाव हुआ। 165 सीटों के लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया का पालन हुआ, जबकि 110 सीटों के लिए समानुपातिक विधि अपनाई गयी। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में 65 राजनीतिक दल 61 चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे हैं तथा इसके तहत 3,406 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 3,017 पुरुष और 388 महिलाएं हैं, जबकि एक अन्य श्रेणी का उम्मीदवार शामिल हैं। आनुपातिक चुनाव प्रणाली में 3,135 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,363 पुरुष और 1,772 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में 1.86 लाख अनंतिम मतदाता भी हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं।



### कार्की, थापा, बालेंद्र शाह ने किया मतदान

कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बृहस्पतिवार सुबह काठमांडू के बाहरी इलाके धापासी में काठमांडू-5 निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी उम्मीदवार गगन थापा ने सुबह मैतिदेवी स्थित काठमांडू-4 निर्वाचन क्षेत्र से वोट डाला। आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने काठमांडू के बाहरी इलाके चुचेपाटी और बालेंद्र शाह 'बालेन' ने काठमांडू के गैरेगांव से अपना वोट डाला। वह झापा-5 से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चीन ने रक्षा बजट 10% बढ़ाकर 275 अरब डॉलर किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 अरब डॉलर अधिक है और इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को तेज कर अमेरिकी सेना के बराबर तक पहुंचना है।

- अमेरिकी सेना की बराबरी का लक्ष्य, भारत पर बढ़ा दबाव

चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने गुरुवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में पेश अपनी कार्य रिपोर्ट में घोषणा की कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए लगभग 1.9 ट्रिलियन युआन (275 अरब डॉलर) आवंटित किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैनिक रक्षा खर्च जैसे प्रमुख मानकों के लिहाज से चीन का रक्षा खर्च तुलनात्मक रूप से अभी भी सीमित है।

पिछले वर्ष चीन ने 2025 के लिए रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 249 अरब डॉलर करने की घोषणा की थी, जो 2024 की तुलना में 17 अरब डॉलर अधिक था। अमेरिका के बाद दूसरे सबसे बड़े रक्षा बजट वाले चीन का सैन्य खर्च कुछ वर्षों से बढ़ रहा है। इससे भारत और अन्य पड़ोसी देशों पर आर्थिक चुनौतियों के बावजूद रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है।

## आपसी सहयोग को पुख्ता करेंगे भारत और फिनलैंड

नई दिल्ली, एजेंसी



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ मोदी।

- मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से की मुलाकात
- दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का लिया निर्णय

भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही।दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा, हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। यह साझेदारी एआई से लेकर 6 जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग, कई हाईटेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, कूटनीति और संवाद में विश्वास रखते हैं। हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिमी एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत में ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता हुआ। यह समझौता भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और प्रबल करेगा। फिनलैंड के राष्ट्रपति शाम को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे और मुख्य भाषण देंगे।

## डीआर कांगो में खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोग मरे

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या 400 से ज्यादा पहुंच सकती है, क्योंकि तमाम लोग अभी लापता हैं।

- तमाम लोग लापता, 400 के पार पहुंच सकती है मृतकों की संख्या

कहा गया है कि यह दुर्घटना बहुत ज़्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि रुबाया माइनिंग क्षेत्र 2024 से मार्च 23 मूवमेंट (एम23) विद्रोही ग्रुप के नियंत्रण में है, जिससे इस हादसे में बचाव कार्य खास तौर पर मुश्किल हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि खनन क्षेत्र को पहले नवंबर से खतरे के क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया था। इस वर्गीकरण के बाद यहां खनन पर रोक लग जानी चाहिए थी। रूबाया के रहने वाले और खनिक डेविड कासेरेका ने बताया, कसासा नाम के पहाड़ पर भारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ था। भूस्खलन ने कई लोगों को निगल लिया।

## आईएसआईएस, अल कायदा के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करे अंतरराष्ट्रीय समुदाय

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र में भारत ने किया आह्वान, कहा- अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद बड़ा खतरा

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवादी संगठनों आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने का आह्वान किया है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के अस्तित्व के लिए खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने बुधवार को कहा, आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। यह सीमाओं, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं जानता और यह एक ऐसी चुनौती है जिसका सामना अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सामूहिक रूप से मिलकर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कार्यालय (यूएनओसीटी) द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वार्षिक राजदूत स्तरीय संबोधन में पुरी ने अप्रैल 2025 में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। इस हमले को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकवादी संगठन) के सहयोगी संगठन ''द रेजिस्टेंस फ्रंट'' ने अंजाम दिया था। इस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, हमें आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करनी होगी।

भारत ने बहुपक्षीय सहयोग के लिए एक केंद्रीय साधन के रूप में वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति (जीसीटीएस) के महत्व पर जोर दिया। पुरी ने कहा कि भारत जीसीटीएस की 9वीं समीक्षा के लिए परामर्श में सक्रियता से हिस्सा लेगा तथा उन्होंने इस प्रक्रिया में वार्ता के दौरान सह-सहायकों फिनलैंड और मोरक्को को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुरी ने कहा, न्यूयॉर्क और दुनिया भर में (आतंकवादी घटनाओं के बाद) भारत की सभी पहल हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसमें 'दिल्ली घोषणा' भी शामिल है। आतंक फैलाने के उद्देश्य से संचालित गतिविधियों में नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के मुद्दे पर 'दिल्ली घोषणा' एक ऐतिहासिक दस्तावेज है।पुरी ने कहा कि आतंकवादी उद्देश्यों में नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मुद्दा कई सदस्य देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मोदी ने राजनीतिक-नैतिक रूप से आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है।

- खरगे ने लगाया ईरान युद्ध के घटनाक्रमों पर चुप्पी साधने का आरोप

उन्होंने कहा, एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। मोदी मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा, खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप उत्साह और एकाग्रता से काम करेंगे। सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होगी। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**तुला** – आज दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। अपनी बातों को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। छोटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृष** – आज मानसिक रूप से शांति रहेगी। कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समय बहुत ही अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में आई खटास दूर होगी। व्यवसाय में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – आज आपको बचत पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक बातों पर क्रोध न करें। अचानक की गई यात्रा में समस्या हो सकती है।

**धनु** – आज नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। सहकर्मियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।

**कर्क** – आज आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। विद्यार्थियों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**मकर** – आज बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। अपनी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय को लेकर महत्वपूर्ण डील हो सकती है। समाज में आपको विशेष पहचान मिल सकती है।

**कुंभ** – आज नए संबंधों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें।

**कन्या** – आज किसी के बहकावे में न आएं। स्वभाव में लचीलेपन के कारण आपको लोग पसंद करेंगे। परिजनों का बेहतरीन समर्थन मिलेगा।

**मीन** – आज कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठा सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 17 .53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 09 .29 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

**औपचारिकता बना चुनाव**

### दस राज्यों से 37 सीटों के लिए कुल 39 उम्मीदवारों ने दाखिल किए हैं नामांकन

# राज्यसभा चुनाव : आठ राज्यों में 35 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त 37 सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के 37 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किए। दो निर्दलीय उम्मीदवार ने भी अपनी नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश की है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि सीटों की संख्या के अनुरूप उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल होने से उनके निर्विरोध निर्वाचन तय माने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने चार उम्मीदवार रामदास अठावले, विनोद तावड़े, माया वाघमारे और रामराव वडकुटे को मैदान में उतारा तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और दिवंगत नेता अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी प्रवक्ता ज्योति वाघमारे को एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने दिग्गज नेता शरद पवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। अस्वस्थ पवार के आवास पर जाकर अधिकारियों ने नामांकन की औपचारिकताएं पूरी कीं। राज्य में सीटों और उम्मीदवारों की संख्या बराबर है इसलिए मतदान के बगैर प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न होगी।

हरियाणा से दो सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया और कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को प्रत्याशी बनाया है। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने भी नामांकन दाखिल कर चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। हिमाचल प्रदेश से एक सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने नामांकन दाखिल किया है जिनका निर्वाचित होना तय है। तमिलनाडु से राज्यसभा की छह सीटों के लिए छह उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल कर दिए। इनमें सत्तारूढ़ दल के चार और विपक्ष के दो उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ मोर्चे की ओर से एन शिवा, प्रो. जे कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन, क्रिस्टोफर तिलक और एलके सुदीश ने नामांकन दाखिल किया। विपक्षी गठबंधन की ओर से वर्तमान सांसद एम थंबीदुरई और पीएमके नेता अम्बुमणि रामदास ने नामांकन दाखिल किया। यहां भी सभी छह उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना है।

पश्चिम बंगाल में पांच सीटों के लिए टीएमसी के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है। ओडिशा की चार सीटों के लिए भाजपा और बीजद के दो-दो सदस्य मैदान में उतरे हैं, दिलीप रे भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।



नितीश के राज्यसभा के लिए नामांकन कराने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

### असम में विपक्ष नहीं खड़े कर सका अपने प्रत्याशी

असम में तीन सीटों के लिए विपक्ष सर्वसम्मति से उम्मीदवार नहीं खड़े कर सका। यहां राजग से तीनों नामांकित उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है। कैबिनेट मंत्री जोगेन महान, पूर्व भाजपाविधायक तेराश गोवाला और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोरो ने नामांकन दाखिल किया है। विपक्ष के किसी भी उम्मीदवार के मैदान में नहीं उतरने के कारण राजग के उम्मीदवारों के लिए चुनाव महज औपचारिकता बनकर रह गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग की ओर से पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।



> मैं बस घर जाना चाहता हूं। कम से कम एक अपडेट तो दो, हमें कुछ तो बताओ। आज कल, अगले हफ्ते। पांच दिन हो गए हैं। टीम के सभी सदस्य परेशान हो रहे हैं। फिलहाल एक अपडेट मिला, देखते हैं कब जाने को मिलेगा।
>
> –डेरेन सैमी, वेस्टइंडीज के कोच

# स्टेडियम

मुरादाबाद, शुक्रवार, 6 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

### आज का मैच

**टीम :** भारत–ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का टेस्ट मुकाबला

**समय :** सुबह 10 :50 बजे से

### हाईलाइट

## फाइनल में चुनौतियां अलग होंगी : सैंटनर



**कोलकाता।** टी–20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ़ 12.3 ओवरों में हासिल कर लिया। इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फ़ाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाए रखा।

## आर्सेनल ने खिताब का दावा मजबूत किया

**लंदन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1–0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2–2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ।




संजू सैमसन।

# संजू की तूफानी पारी से भारत फाइनल में, न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत

### टी-20 विश्व कप : दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रनों से हराया

**मुंबई, एजेंसी**

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड 7 रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड 246 रन बना सका।

इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले मैच में भारत की जीत के हीरो सैमसन ने 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की।

हार्दिक पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद (41 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशः 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने सैमसन की तूफानी पारी से पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। सैमसन ने जोफ्रा आर्चर की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ तेवर दिखाए। इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में मिड ऑन पर कप्तान हैरी ब्रूक ने सैमसन का आसान कैच छोड़ा और इस बल्लेबाज ने ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़ दिया। अभिषेक शर्मा (09) ने भी स्पिनर विल जैक्स पर दो चौके मारे लेकिन फिर उनकी गेंद को हवा में लहराकर डीप मिडविकेट पर फिल सॉल्ट को आसान कैच दे बैठे। ईशान किशन ने भी जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौके मारे जबकि सैमसन ने सैम कुरेन के साथ ऐसा किया। सैमसन ने लेग स्पिनर आदिल राशिद का स्वागत चौके के साथ किया और फिर बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन पर छक्के के साथ सिर्फ 26 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी डॉसन पर छक्का मारा। सैमसन और इशान ने अगले ओवर में कुरेन पर भी छक्के मारे जिससे नौवें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। ईशान हालांकि इसके बाद राशिद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर लॉन्ग ऑफ पर जैक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 18 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। शिवम दुबे ने आते ही राशिद पर दो छक्के मारे। सैमसन ने भी आर्चर पर दो छक्के मारे लेकिन इसके बाद जैक्स की गेंद पर सॉल्ट को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (11) ने राशिद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर स्टंप हो गए। हार्दिक पंड्या ने ओवरटन पर तीन चौकों के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। दुबे ने कुरेन पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद पंड्या के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। तिलक वर्मा (21) ने 19वें ओवर में आर्चर पर तीन छक्के मारे लेकिन फिर बोल्ड हो गए। पंड्या ने अंतिम ओवर में दो छक्के जड़कर टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया लेकिन फिर रन आउट हो गए।



जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम।

### भारत

**253/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का सॉल्ट बो जैक्स | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सॉल्ट बो जैक्स | 09 |
| ईशान किशन का जैक्स बो राशिद | 39 |
| शिवम दुबे रन आउट | 43 |
| सूर्यकुमार स्टं बटलर बो राशिद | 11 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 27 |
| तिलक वर्मा बो आर्चर | 21 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 02 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** आर्चर 4–0–61–1, जैक्स 4–0–40–2, ओवरटन 3–0–36–0, कुरेन 4–0–53–0, राशिद 4–0–41–2, डॉसन 1–0–19–0

**19** छक्के लगे भारतीय पारी में

**07** छक्के सर्वाधिक सैमसन ने लगाए

# यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है : कोच कॉनराड

**कोलकाता, एजेंसी**

- पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ बुरी हार से हुए निराश



दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था।

उन्होंने कहा आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहाआज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ़्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

## द. अफ्रीका का सामना डटकर करने का किया था फैसला : एलन

**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही।

दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया।

# भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

**पर्थ, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला आज से

वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है।

भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट मैच के विजेता को चार अंक मिलेंगे।

भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस श्रृंखला को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम इस बात से आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कि उसने दिसंबर 2023 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया था। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराया था। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।




भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान एवं विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, मैटलान ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, राहेल ट्रेनामन, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

### शुभ घड़ी आई

**स्टार कपल की शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल**

# अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की


**मुंबई, एजेंसी**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे और क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को उद्यमी सानिया चंडोक के साथ मुंबई के 'द सेंट रेजिस मुंबई' में भव्य समारोह में विवाह किया। इस हाई-प्रोफाइल शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। अर्जुन ने भारत के लिए अंडर-19 स्तर पर क्रिकेट खेला है और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में वह गोवा क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दुल्हन सानिया उद्योगपति रवि घई की पोती हैं और पशु-चिकित्सा (वेटरिनरी) क्षेत्र में उद्यमी के तौर पर काम कर रही हैं। समारोह में कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह, पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़, पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, वेंकटेश प्रसाद और मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले शामिल थे। इसके अलावा पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सीनियर पुरुष चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर, चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा, पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस सांसद यूसुफ पठान तथा बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन और उनकी पत्नी जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और उनका परिवार, आमिर खान, आशा भोसले और सोनू निगम समेत कई गणमान्य व्यक्ति शादी में उपस्थित थे। मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी, उनके बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे भी शादी में शामिल हुए।



महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और उद्योगपति रवि घई की पोती सानिया चंडोक की शादी के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। एजेंसी



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान, पत्नी गौरी खान (बीच में) और बेटी सुहाना खान के साथ।



पर्व क्रिकेटर पृथ्वी शॉ, एक्टर आकृति अग्रवाल के साथ। सुरेश रैना पत्नी प्रियंका चौधरी के साथ।





रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (बाएं) परिवार के साथ।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य

**बर्मिंघम, एजेंसी**

- प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को हराया

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया।

इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने कहा शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है।

मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं तीसरे गेम में पूरी ताकत से खेलने के लिए तैयार था और तीसरे गेम में अपने खेल से खुश हूं। लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे।

> रणनीतिक रूप से मैं दोनों गेमों में सही खेल रहा था और हां, बस आखिरी कुछ अंकों को भुनाने की अपनी योजना पर मैं कायम नहीं रह पाया और कई आसान गलतियां कर दीं। तीसरे गेम को अपनी योजना के मुताबिक खेलने में सफल रहा।
>
> – लक्ष्य सेन